लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ शुक्ल पक्ष, द्वितीया विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 359, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, वैलेंटाइन डे और मानसिक स्वास्थ्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

रणवीर की रामायण में सूर्पणखा बनेंगी रकुल...13

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 23.9° अधिकतम तापमान | 22.8° न्यूनतम तापमान | आसमान में साफ रहेगा धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06:46 सूर्यास्त 5:55 | हल्द्वानी, रविवार, 11 फरवरी 2024

सिर्फ बनभूलपुरा में रहेगा कर्फ्यू, मंडलायुक्त करेंगे घटना की जांच

इलाके में सघन सर्च ऑपरेशन, दंगे की साजिश रचने वाले अब तक पांच लोग गिरफ्तार, मंडलायुक्त 15 दिनों में जांच कर शासन को देंगे रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में गुरुवार को हुए दंगे के बाद शनिवार को शांति बनी रही। शांति बहाल होने पर शहर के अधिकांश हिस्सों से कर्फ्यू हटा लिया गया। इसके साथ ही इंटरनेट सेवाएं भी बहाल कर दी गई हैं। शासन ने बलवे की मजिस्ट्रेटी जांच का निर्णय लेते हुए कुमाऊं मंडलायुक्त दीपक रावत को जांच सौंपी है। इस बीच पुलिस ने आज हिंसाग्रस्त बनभूलपुरा क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया। बलवे के सिलसिले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

हल्द्वानी में शांति व्यवस्था बहाल होने के बाद शनिवार को जिला प्रशासन ने हिंसाग्रस्त बनभूलपुरा थाना क्षेत्र इलाकों और हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर शेष शहर से कर्फ्यू हटा लिया। डीएम वंदना सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह 10 बजे से नगर निगम के अंतर्गत बनभूलपुरा, वर्कशॉप लाइन, तिकोनिया-तीनपानी-गौलापार बाइपास की परिधि के अंतर्गत समूचे क्षेत्र में पूरी तरह बंद रहेगा। शेष इलाकों से कर्फ्यू नहीं रहेगा। कर्फ्यू हटने के साथ ही अधिकांश इंटरनेट सेवा प्रदाताओं ने कर्फ्यू मुक्त क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाएं बहाल कर दी हैं।

हल्द्वानी के हिंसाग्रस्त क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए तैनात एसएसबी के जवान। ● अमृत विचार

इस बीच शासन ने इस हिंसा की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि बनभूलपुरा में हुई हिंसात्मक घटना की मजिस्ट्रेट जांच के लिए मंडलायुक्त दीपक रावत को जांच अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि मंडलायुक्त रावत 15 दिनों के भीतर घटना की निष्पक्ष जांच कर आख्या शासन को सौंपेंगे।

उधर, पुलिस ने शनिवार को हिंसाग्रस्त बनभूलपुरा क्षेत्र में पीएसी और पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ पुलिस ने घर-घर सर्च अभियान चलाया। इस दौरान दंगे की साजिश रचने वाले पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार लोगों में दो निर्वतमान पार्षद और एक समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी का भाई है। पुलिस ने सभी को न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

दंगाइयों को ये हिंसा भारी पड़ेगीः धामी

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ मुख्यमंत्री ने कहा- संपत्ति को नुकसान पहुंचाकर बेकसूरों पर ज्यादती की

अमृत विचार : हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में हुई हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सख्त दिखे। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में दंगाइयों ने बेवजह आग से खेलने का काम किया, जो उन्हें काफी भारी पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि प्रदेश में भय और अराजकता का माहौल किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

शनिवार को अल्मोड़ा पहुंचे धामी ने कहा कि सरकार न्यायालय के आदेश के बाद पूरे प्रदेश में अतिक्रमण को लेकर सघन अभियान चला रही है। अब तक प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश में करीब पांच हजार एकड़ भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करा चुकी है।

उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में भी नियमों के अनुरूप यह कार्रवाई की गई, लेकिन दंगाइयों ने बनभूलपुरा में सरकारी व निजी संपत्ति को नुकसान ही नहीं पहुंचाया, बल्कि कई बेकसूर लोगों पर भी ज्यादती की। इस साजिश के पीछे कितने भी बड़े रसूखदार लोग रहे हों, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की ओर से मामले की जांच की जारी है और आरोपियों पर शिकंजा कसा जा रहा है।

एक नजर

महशहूर चित्रकार ए रामचंद्रन का 89 वर्ष की उम्र में निधन

नई दिल्ली। चित्रकार ए. रामचंद्रन का शनिवार को यहां उनके आवास पर निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। उनके बेटे राहुल ने को बताया कि वह पिछले कुछ समय से बीमार थे और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण आज सुबह 9 बजे उनका निधन हो गया। केरल के अतिंगल में 1935 में जन्मे रामचंद्रन अपनी शानदार चित्रकारी के लिए जाने जाते थे। उन्हें 2002 में ललित कला अकादमी का फेलो चुना गया और 2005 में उन्हें पद्म भूषण से नवाजा गया।



पाकः गठबंधन सरकार के लिए जोड़-तोड़ शुरू

इस्लामाबाद/लाहौर। पाकिस्तान के आम चुनाव में किसी भी एक पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के मद्देनजर गठबंधन सरकार के गठन के लिए चर्चाएं और जोड़-तोड़ की कोशिशें शुरू हो गई हैं। त्रिशंकु संसद बनने के आसार के बीच गठबंधन सरकार बनाने के प्रयासों को तब गति मिली, जब पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने शुक्रवार को प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों से पाकिस्तान को मौजूदा कठिनाइयों से बाहर निकालने के लिए हाथ मिलाने की अपील की।

किसान आंदोलनः हरियाणा के 7 जिलों में इंटरनेट बंद

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने 13 फरवरी को किसानों के प्रस्तावित दिल्ली चलो मार्च से पहले शनिवार को सात जिलों में इंटरनेट सेवाओं और एक साथ कई एसएमएस (संदेश) भेजने पर रोक लगा दी। आदेश के अनुसार, 11 फरवरी को सुबह 6 बजे से 13 फरवरी को रात 11.30 बजे तक अंबाला, कुरूक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा जिलों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी।

लोकसभा चुनाव से पहले ही पूरे देश में लागू होगा सीएएः शाह

गृहमंत्री अमित शाह का बड़ा ऐलान, कहा- इस कानून किसी की नागरिकता नहीं छिनेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को आगामी लोकसभा चुनाव से पहले पूरे देश में लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि लाभार्थियों को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी।

सीएए के तहत केंद्र की मोदी सरकार बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से प्रताड़ित उन गैर-मुस्लिम प्रवासियों हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई को भारतीय नागरिकता प्रदान करना चाहती है, जो 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए थे। शाह ने 'ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट' में कहा, 'सीएए देश का कानून है और इसकी अधिसूचना जरूर जारी होगी। इसे चुनाव से पहले जारी किया जाएगा। इसे लेकर किसी को कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों के प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देना कांग्रेस नेतृत्व का भी वादा था।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि वह यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि सीएए किसी की नागरिकता छीनने का कानून नहीं है। सीएए उन लोगों को नागरिकता देने के लिए बनाया गया है, जो बांग्लादेश-पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न का सामना करके आए हैं। इस कानून का किसी को विरोध नहीं करना चाहिए।'

लोस में शाहः राम मंदिर विरोधी हवन में हड्डी न डालें

नई दिल्ली। गृहमंत्री अमित शाह ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण का विरोध करने वालों को नसीहत दी कि वे 'हवन में हड्डी' न डालें। शाह ने लोकसभा में नियम 193 के तहत श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि भारत में पहली बार एक संन्यासी शासक ने 11 दिन की कठोर तपश्चर्या करके श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की और आध्यात्मिक, भक्ति की चेतना जागृत करके भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा, "22 जनवरी का दिन सहस्त्रों वर्षों के लिए ऐतिहासिक बन गया है, जो इतिहास और ऐतिहासिक पलों को नहीं पहचानते, वह अपने अस्तित्व को खो देते हैं। 22 जनवरी का दिन 1528 में शुरू हुए एक संघर्ष और एक आंदोलन के अंत का दिन है।"

सीएए के विरोध में शाहीन बाग में हुआ था धरना-प्रदर्शन

दिसंबर, 2019 में संसद द्वारा सीएए पारित किये जाने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद देश के कुछ हिस्सों में व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। दिल्ली के शाहीन बाग में तो इसके खिलाफ महीनों धरना-प्रदर्शन चला था। अब चार साल से अधिक की देरी के बाद सीएए के कार्यान्वयन के लिए नियम बनाए जाने जरूरी हैं। इसबीच अधिकारियों ने कहा कि नियम तैयार हैं और ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार है, क्योंकि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। आवेदकों को वह वर्ष बताना होगा, जब उन्होंने यात्रा दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किया था। आवेदकों से कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। विवादास्पद सीएए को लागू करने का वादा पश्चिम बंगाल में पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में भाजपा का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा था।

पांच साल रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के रहे, दुनिया ने देखी भारत की ताकत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि 17वीं लोकसभा के पांच वर्ष 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' वाले रहे और आज देश का यह संकल्प बन चुका है कि आने वाले 25 साल में वह विकसित भारत बनाने के इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देशवासियों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जज्बा पैदा हुआ है।

बजट सत्र और मौजूदा लोकसभा की आखिरी बैठक के अंतिम दिन सदन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आने वाले 25 वर्ष देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। राजनीतिक आकांक्षा और अपेक्षा अपनी जगह है, लेकिन देश का संकल्प बन चुका है कि अगले 25 साल में वह इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा।' मोदी ने कहा कि ये पांच वर्ष देश में 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के थे। अपनी आंखों के सामने ही 'ट्रांसफॉर्म' होते देखना दुर्लभ होता है।

प्रधानमंत्री ने 17वीं लोकसभा में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, महिला आरक्षण कानून बनाने, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाने, दंड संहिता की जगह नई न्याय संहिता लाने समेत कई विधेयकों के पारित होने का उल्लेख किया। मोदी ने कहा, 'सदन ने अनुच्छेद 370 हटाया, जिससे संविधान का पूर्ण रूप से प्रकटीकरण हुआ। संविधान निर्माताओं की आत्मा हमें जरूर आशीर्वाद दे रही होगी।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'इस कार्यकाल में परिवर्तनकारी सुधार हुए, इनमें 21वीं सदी के भारत की मजबूत नींव नजर आती है।'

▸▸ लोकसभा चुनाव से पहले सदन में आखिरी भाषण में बोले प्रधानमंत्री

▸▸ बतौर प्रधानमंत्री अपने दूसरे कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां

सांसदों की बात में 'सबका साथ...' का मंत्रः मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा, आज राम मंदिर को लेकर सदन ने जो प्रस्ताव पारित किया, वह आने वाली पीढ़ी को इस देश के मूल्यों पर गर्व करने की संवैधानिक शक्ति दे रहा है। इस सदन में भविष्य को लेकर जो बातें हुई हैं, उसमें संवेदना, संकल्प और सहानुभूति तीनों का समावेश है। सांसदों ने जो बातें कहीं, उनमें सबका साथ-सबका विकास के मंत्र को आगे बढ़ाने का तत्व भी है।

सभी सांसदों का आभार, पहले सत्र में 30 विधेयक पारित

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का आभार जताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''आपने स्थाई व्यवस्थाओं का निर्माण किया है। आपकी पहल और सभी के संयुक्त प्रयास की वजह से 17वीं लोकसभा में 97 प्रतिशत कामकाज हुआ है। यह अपने आप में प्रसन्नता का विषय है। सात सत्र तो सौ फीसदी से ज्यादा प्रोडक्टिविटी वाले रहे। आपने रात-रात भर बैठकर हर सांसद की बात को सरकार के ध्यान में रखने का प्रयास किया। मैं इस सफलता के लिए सभी सांसदों का आभार व्यक्त करता हूं। पहले सत्र में दोनों सदन में 30 विधेयक पारित किए गए। यह अपने आप में रिकॉर्ड है। नए-नए मानदंड स्थापित हुए।

पंजाब की सभी लोस सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप

खन्ना, एजेंसी

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पंजाब की सभी लोकसभा सीटों पर लड़ने की घोषणा की है। हालांकि आम आदमी पार्टी विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा है, लेकिन पंजाब में केजरीवाल ने अलग लड़ने का ऐलान किया है।

केजरीवाल ने कहा, 'दो साल पहले आपने बहुत बड़ा आशीर्वाद दिया था। 117 में से 92 सीट दे दी थी।' उन्होंने कहा, "आज मैं आपसे एक और आशीर्वाद मांगने आया हूं। इस लोकसभा चुनाव में पंजाब में 13 और 1 सीट चंडीगढ़ की है। आने वाले 10-15 दिनों में आम आदमी पार्टी इन 14 की 14 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी।" केजरीवाल की इस घोषणा को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को झटका बताया है।

▸▸ पार्टी संयोजक केजरीवाल ने किया ऐलान, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को एक और झटका

ईपीएफओ ने बढ़ाई ब्याज दरें, 8.15% से 8.25% की

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 2023-24 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर ब्याज दर शनिवार को 8.25 प्रतिशत तय की, जो पिछले तीन साल में सर्वाधिक है। ईपीएफओ के देश में 6 करोड़ से भी ज्यादा पीएफ खाताधारक हैं, जिन्हें इस फैसले का लाभ मिलेगा। वर्ष 2021-22 में ईपीएफ ब्याज दर 8.10 प्रतिशत थी।

▸▸ पिछले तीन सालों में सर्वाधिक

श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) की 235वीं बैठक में यह फैसला लिया गया। ईपीएफओ ने मार्च 2022 में 2021-22 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को घटाकर 8.1 प्रतिशत कर दिया था, जो चार दशक में सबसे कम थी। ईपीएफ पर ब्याज दर 2020-21 में 8.5 प्रतिशत थी। सीबीटी के फैसले के बाद 2023-24 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर संबंधी निर्णय को अनुमोदन के लिए वित्त मंत्रालय के पास भेजा जाएगा।

कश्मीर में 10 जगहों पर एनआईए का छापा

जम्मू, एजेंसी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवादी गतिविधियों के वित्त पोषण और युवाओं को कट्टरपंथी बनाने में कथित रूप से शामिल तत्वों के खिलाफ अपनी कार्रवाई के तहत शनिवार को यहां छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि जम्मू शहर के गुज्जर नगर और शहीदी चौक समेत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि एक निजी स्कूल और उसके अध्यक्ष समेत तीन अधिकारियों से जुड़े परिसरों पर एनआईए के अधिकारियों ने छापा मारा। 28 फरवरी, 2019 को यूएपी अधिनियम के तहत एक गैरकानूनी संघ घोषित होने के बाद भी जमात-ए-इस्लामी को जम्मू-कश्मीर में आतंकी फंडिंग गतिविधियों को अंजाम देते हुए पाया गया है।

▸▸ आतंकवादी फंडिंग मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने की कार्रवाई

इधर, तमिलनाडु में कार बम ब्लास्ट को लेकर 27 जगहों पर तलाशी

चेन्नई। एनआईए के अधिकारियों ने कोयंबटूर में इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) से प्रेरित होकर किए गए कार बम धमाके से जुड़े मामले में शनिवार को तमिलनाडु में कम से कम 27 स्थानों पर छापे मारे। विस्फोट के संबंध में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी ने बताया कि इस मामले का मुख्य संदिग्ध एवं आत्मघाती हमलावर जमेशा मुबीन अक्टूबर 2022 में आईईडी ले जा रहे वाहन में हुए धमाके में मारा गया था। एक सूत्र ने बताया कि चेन्नई, तिरुचिरापल्ली, मदुरै, तिरुनेलवेली और कोयंबटूर जिलों में उन लोगों के परिसरों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है, जिन पर आईएसआईएस या उसके समर्थकों से संबंध होने का संदेह है। छापेमारी शनिवार सुबह शुरू की गई।

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी को ईडी का समन

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद को समन भेजा है। यह मामला लुईस खुर्शीद के नेतृत्व वाले एक ट्रस्ट द्वारा कृत्रिम अंगों और उपकरणों के वितरण में सरकारी निधि के दुरुपयोग से जुड़ा है। सूत्रों ने बताया कि उन्हें पीएमएलए के प्रावधानों के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए 15 फरवरी को लखनऊ में ईडी के कार्यालय में पेश होने को कहा गया है। बरेली में सांसद-विधायक (एमपी-एमएलए) अदालत ने दो दिन पहले इस मामले में लुईस खुर्शीद के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था और मामले पर अगली सुनवाई के लिए 16 फरवरी की तारीख तय की थी। सलमान खुर्शीद संप्रग सरकार में केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं।

▸▸ दिव्यांग उपकरण वितरण में हेराफेरी मामले में 15 फरवरी को तलब किया

शिक्षिका को निर्वस्त्र कर पति ने ही दोस्तों संग कार में घुमाया

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : एक शिक्षिका को उसके ही पति और दोस्तों ने अपहरण कर निर्वस्त्र कार में घुमाया और बाद में उसे रामपुर जिले के चौखंडी में उसके एक रिश्तेदार के यहां छोड़कर भाग गए। पीड़िता ने इसकी तहरीर पुलिस में दी तो पुलिस ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना आईटीआई निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह बाजपुर रोड स्थित एक पॉश कॉलोनी में अपनी मां के साथ रहती है और रामनगर रोड स्थित एक निजी स्कूल में शिक्षिका है। उसकी पति के साथ अनबन चल रही है। 8 फरवरी को वह रोजाना की भांति स्कूटी से स्कूल जा रही थी। इसी बीच एक कार में सवार उसके पति और पति के कनकपुर, दढ़ियाल रोड के दो दोस्तों ने उसकी स्कूटी रोक दी और रिवाल्वर के दम पर उसे घसीटकर कार में बैठा लिया।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि इस दौरान तीनों ने उसके कपड़े फाड़ उसे निर्वस्त्र कर दिया। विरोध करने पर उस पर रिवाल्वर के बट से प्रहार किया। वे लोग उसे पहले बाजपुर, फिर स्वार ले गए। रास्ते में शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। बाद में कार को चौखंडी, रामपुर ले गए और उसके एक रिश्तेदार के यहां छोड़कर भाग गए। घटना की सूचना मिलने पर उसके परिजन उसे घर लेकर आए।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने दलजीत सिंह, गोपी व मंडा के खिलाफ धारा 341, 365, 354, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आईटीआई थाना प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि आरोपी फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

▸▸ आखिर में रामपुर के चौखंडी में छोड़कर हो गए फरार

▸▸ पति सहित तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज आरोपी फरार

नाबालिग से दुष्कर्म, बच्चे को जन्म दिया तो हुआ खुलासा

चम्पावत/पाटी। चम्पावत जिले के पाटी ब्लॉक के एक गांव में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया गया। घटना का पता तब लगा जब नाबालिग प्रसव पीड़ा से कराही और उसने एक बच्चे को जन्म दे दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 16 वर्षीय नाबालिग के साथ कुछ माह पूर्व एक वाहन चालक ने दुष्कर्म किया था। घटना के बाद लड़की लोक लाज के भय से चुप रही। शुक्रवार की रात जब वह पीड़ा से कराही तो उसे अस्पताल ले जाया गया तो वहां उसने एक बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक 35 वर्षीय कैलाश राम को पॉक्सो एक्ट के तहत को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पीलीभीत में एसपी आवास के बाहर युवक ने खाया जहर, मौत

पीलीभीत। पीलीभीत जिले के सुनगढ़ी थाना इलाके में शनिवार को एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर जिले के पुलिस अधीक्षक के आवास के बाहर जहर खा लिया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अतुल शर्मा ने बताया कि 'सुनगढ़ी थाना क्षेत्र निवासी प्रदीप ने जहर खा लिया। शनिवार को उसने बंगले पर खुद आकर जहर खाने की सूचना दी थी और उसे कर्मचारियों द्वारा अस्पताल ले जाया गया।' पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रदीप ने दो महीने पहले ईशा नाम की लड़की से शादी की थी और पत्नी उससे पांच लाख रुपये की मांग कर रही थी।

उत्थान मंच के संस्थापक अध्यक्ष बलवंत सिंह चुफाल का निधन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर के संस्थापक अध्यक्ष बलवंत सिंह चुफाल नहीं रहे। उन्होंने शनिवार की सुबह मुखानी स्थित एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। मल्ली बमोरी सैनिक कॉलोनी निवासी 76 वर्षीय बलवंत सिंह चुफाल को करीब दो दिन निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

उन्हें प्रोस्टेट की शिकायत थी। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह करीब 6 बजे अचानक उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी मृत्यु हो गई।

दोपहर 12 बजे उनके आवास से अंतिम यात्रा चित्रशिला घाट रानीबाग रवाना हुई। जहां गमगीन माहौल में उनकी अंत्येष्टि की गई। चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र इशान चुफाल ने दी। स्व. चुफाल अपने पीछे पत्नी हेमा चुफाल, पुत्री विनीता चुफाल और नाती-पाते से भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से क्षेत्र के राजनैतिक, सामाजिक और पर्वतीय समाज के लोगों में शोक की लहर है।

चुफाल के अथक संघर्षों की देन है पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के संस्थापक अध्यक्ष बलवंत सिंह चुफाल बचपन से ही अन्याय के विरुद्ध संघर्षरत रहने वाले व्यक्ति रहे। उन्होंने अपने जीवनकाल में जब भी किसी पर अन्याय या अत्याचार होते देखा तो वह उसे सहन नहीं कर पाते थे और उस अन्याय के खिलाफ अकेले ही खड़े हो जाते थे। यही क्रम उनका जीवनभर अनवरत चलता रहा। हल्द्वानी में आज प्रति वर्ष उत्तरायणी कौतिक आयोजित करने वाला पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच बलवंत सिंह चुफाल के अथक संघर्षों की ही देन है।

वर्ष 1980 में बलवंत सिंह चुफाल ने हल्द्वानी में निवास कर रहे पर्वतीय समाज के लोगों को एकजुट करने का बीड़ा उठाया और राजनेताओं, सामाजिक संगठनों तथा चिंतकों के साथ विचार-विमर्श कर हीरानगर में पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच की स्थापना की। मंच की स्थापना तो हो गई, लेकिन सवाल यह था कि पर्वतीय समाज के कार्यक्रमों के लिए समाज के लोगों के पास अपनी भूमि कहां से आए। नैनीताल रोड स्थित कोऑपरेटिव बैंक के बगल में खीम सिंह बिष्ट की जमीन थी। बिष्ट ने यह जमीन संस्था को दी, लेकिन प्रशासन का कहना था कि यह जमीन सरकारी है। जब संस्था ने जमीन पर कब्जा करना चाहा तो प्रशासन ने अवरोध खड़े कर दिए। इसके बाद एक वृहद जन आंदोलन चला और लगभग डेढ़ सौ लोगों ने तीन दिन तक अपनी गिरफ्तारियां दीं। प्रशासन ने घुटने टेक दिए और चुफाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए बुलाया। अंत में तत्कालीन जिलाधिकारी बाबूराम ने हीरानगर में वर्तमान भूमि आवंटित करने की उत्तर प्रदेश सरकार को सिफारिश की। 1982 में जेल भरो आंदोलन के बाद संस्था को हीरानगर की भूमि पर स्थापित कर दिया गया। तब से उत्तरायणी का कार्यक्रम हीरानगर में संपन्न हो रहा है। पहले यहां तीन दिवसीय मेला लगता था जो अब आठ दिवसीय कर दिया गया है। उस दौर से अब तक चुफाल पर्वतीय समाज को एकजुट कर पर्वतीय समाज की संस्कृति के उत्थान और कुमाउनी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए सदैव प्रयासरत रहे। उनका मानना था कि हमें अपने समाज को आर्थिक रूप से भी सुदृढ़ करना होगा। उनका मानना था कि पर्वतीय समाज का युवा वर्ग जब तक अपने आप को आर्थिक रूप से मजबूत नहीं करेगा तब तक पर्वतीय समाज न तो सांस्कृतिक रूप से आगे बढ़ पाएगा और न ही अपनी संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर पाएगा। उनकी मंशा हमेशा कुमाउनी संस्कृति को आगे बढ़ाने की रही।

पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के उत्तरायणी कौतिक की वर्ष 2001 की तस्वीर। ● अमृत विचार

17-18 वर्ष पहले रखी थी गोल्ज्यू मंदिर की नींव



कुमाऊं में घर-घर गोल्ज्यू की ईष्ट देव के रूप में मान्यता है। इसके लिए आज से करीब 17-18 वर्ष पहले पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में गोल्ज्यू मंदिर की स्थापना का निर्णय लिया गया था। उस समय मंच के संस्थापक सदस्य रहे कुछ लोग विद्वानों से विचार-विमर्श करने के बाद चम्पावत, जिसे गोल्ज्यू का प्रथम स्थान माना जाता है वहां पहुंचे। वहां पहुंचते ही एक व्यक्ति में गोल्ज्यू का अवतार हुआ, जिस पर वहां से विधिवत आज्ञा लेकर उत्थान मंच में गोल्ज्यू मंदिर की स्थापना की गई। तब से लेकर आज तक गोल्ज्यू मंदिर में भक्त अपने कष्टों के निवारण के लिए पहुंचते हैं।

पहली शोभायात्रा में पहुंचे थे एक लाख लोग

वर्ष 1980 में पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच पंजीकृत हो गया था। 1980-81 में दो साल जो शोभायात्रा यात्रा हुई वह रामलीला मैदान से निकाली गई। 1981 में पहली शोभायात्रा निकली। लोगों में इतना उत्साह था कि हल्द्वानी, लालकुआं, रामनगर, कालाढूंगी, नैनीताल, चोरगलिया क्षेत्र के एक लाख लोगों ने शोभायात्रा में भागीदारी की।

हर तरफ शोक की लहर

बलवंत सिंह चुफाल के निधन से हर तरफ शोक की लहर है। उनके निधन की सूचना जैसे-जैसे लोगों को मिली सभी मल्ली बमौरी सैनिक कालोनी स्थित आवास पर पहुंचने लगे। सैकड़ों की संख्या में लोग ने चुफाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक जताने वालों में मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल, महासचिव यूसी जोशी, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, सचिव देवेंद्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनौली, कमल किशोर, चंद्रशेखर परगाई, कैलाश जोशी, धरम सिंह बिष्ट, यशपाल टम्टा, पूर्व पालिकाध्यक्ष हेमंत बगड़वाल, शोभा बिष्ट, पुष्पा संभल, भुवन चंद्र जोशी, दीवान सिंह मटियाली, मंगत राम गुप्ता, नरेंद्र चुफाल, हरीश मेहता, हरीश चुफाल, एनबी गुणवंत, ललित जोशी, भुवन तिवारी, मुकेश शर्मा, तरुण नेगी, हरेंद्र बिष्ट, कमल जोशी, गिरीश जोशी, मंगत गुप्ता समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे। इधर, देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने कहा कि चुफाल के निधन से पर्वतीय समाज को गहरा झटका लगा है।

विस्फोट की धमकी देने वाले की जमानत खारिज

नैनीताल : प्रभारी सत्र न्यायाधीश नैनीताल व द्वितीय अपर एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल विजय लक्ष्मी विहान की कोर्ट ने नैनीताल को बम ब्लास्ट से उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपी बलजीत नगर, नई दिल्ली निवासी नितिन शर्मा की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार शर्मा के अनुसार कांस्टेबल अनिल राणा ने 23 जुलाई 2023 तल्लीताल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमें कहा गया कि रिपोर्टकर्ता सोशल मीडिया प्रमोशन सेज कार्यालय नैनीताल में कार्यरत है। राजकीय कार्य के लिए नैनीताल पुलिस के ऑफिशियल फेसबुक पेज का संचालन करता है। राजकीय कार्य के दौरान 17 जुलाई 2023 को नैनीताल पुलिस के फेसबुक मैसेंजर पर फेसबुक यूजर नितिन शर्मा नाम से नैनीताल के विभिन्न स्थानों पर 24 घंटे के अंदर बम ब्लॉस्ट करने और इसकी जिम्मेदारी हिजबुल मुजाहिद्दीन ने ली है।

राजारानी विहार में तेंदुआ, तीन घायल

पांच घंटे की मशक्कत के बाद वन कर्मियों ने ट्रैंकुलाइज कर पिंजरे में कैद कर जंगल में छोड़ा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : करायल चतुर सिंह में स्थित राजारानी विहार में सुबह सात बजे ही एक तेंदुआ धमक गया। तेंदुए को ट्रैंकुलाइज करने के दौरान दो वन कर्मी व एक मजदूर घायल हो गए। इसके बाद तेंदुए को जंगल में छोड़ दिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राजारानी विहार में सुबह 7 बजे तेंदुआ घूमता देख लोगों में दहशत हो गई। कॉलोनीवासियों ने तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दी। इस पर तराई केंद्रीय वन डिवीजन की भाखड़ा रेंज की टीम मौके पर पहुंची और सर्च अभियान शुरू किया। तब तक तेंदुआ कभी इस गली में दिखाई दिया तो कभी उस मोड़ पर।

करीब तीन घंटे तक यही आंख मिचौली का खेल चलता रहा। सुबह 10 बजे तक तेंदुए का पता नहीं चला।

तब एसडीओ शशिदेव रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। एक-डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम तेंदुए को ट्रैंकुलाइज करने में कामयाब रही। तेंदुए को पिंजड़े में कैद कर ले जाया गया। इस बीच तेंदुए के हमले में दो वनकर्मी व एक मजदूर घायल हो गए जिनका एसटीएच में उपचार किया गया।

तराई केंद्रीय वन डिवीजन की एसडीओ शशिदेव ने बताया कि राजारानी विहार से पकड़े गए तेंदुए की उम्र चार वर्ष है। उसको ट्रैंकुलाइज कर तराई केंद्रीय वन डिवीजन में बने रेस्क्यू सेंटर लाया गया, बाद में उसको तराई पूर्वी वन डिवीजन के जंगलों में छोड़ दिया गया।

राजारानी विहार कॉलोनी में पकड़ा गया तेंदुआ। ● अमृत विचार

दिन में आबादी तक पहुंच जा रहे गुलदार

- हाइवे से सटे गांवों में बन चुके आंतक का पर्याय
- पशुपालकों के मवेशियों को आए दिन बना रहे निवाला

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से सटे तमाम गांवों में अब गुलदार शिकार की तलाश में दिन दोपहर ही गांवों के नजदीक तक पहुंच जा रहे हैं। महिलाओं व बच्चों का घर से निकलना दूभर हो चुका है। लगातार आवाजाही तेज होने व एक के बाद एक मवेशियों के मारे जाने से गांव के बाशिंदे खौफजदा हैं। ग्रामीणों के अनुसार गुलदार के आंतक को रोकने में वन विभाग भी नाकाम साबित हो रहा है और खतरा लगातार बढ़ता ही जा रहा है।

हाइवे से सटे लगभग एक दर्जन से भी अधिक गांवों में गुलदार का आंतक सिर चढ़कर बोल रहा है। दिन के उजाले में ही गुलदार घरों के नजदीक तक पहुंच जा रहे हैं ऐसे में खतरा कई गुना बढ़ चुका है। सड़का, गडस्यारी, बडसीला, बेड़गांव समेत आसपास के तमाम गांवों के बाशिंदे दहशत में हैं। ग्रामीणों के अनुसार आसपास के गांवों में करीब चार पांच गुलदार लगातार सक्रियता बडा. रहे हैं कुछ महिनों में ही लगभग तीस से भी ज्यादा मवेशी मारे जा चुके हैं। दहशत के माहौल में बच्चों को स्कूल भेजने में भी डर सता रहा है जबकि महिलाएं भी खेतो में जाने से डरने लगी है। मवेशियों के लगातार मारे जाने से पशुपालकों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्थानीय महेंद्र सिंह, शेर सिंह, राजेंद्र सिंह, शोभन सिंह, बचे सिंह, कमल सिंह, श्याम सिंह, नंदन सिंह आदि ने गांवों के प्रभावित पशुपालकों को मुआवजा देने मांग की है।

बैठक में उठा एक्स रे की सुविधा का मामला

गरमपानी : सुयालबाड़ी पंचायत भवन में हुई ग्राम पंचायत की खुली बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किए गए।

सीएचसी सुयालबाड़ी में एक्स रे मशीन उपलब्ध होने के छह महीने बाद भी सुविधा का लाभ न मिलने का मुद्दा जोर-शोर से उठा। पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गहरी नाराजगी जताई। पंचायत भवन में हुई बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान हंसा सुयाल ने की। ग्राम प्रधान हंसा सुयाल ने कहा की ग्रामीण विकास को मिल जुल कर कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी पूजा मेहरा ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दे लाभ उठाने का आह्वान किया। बैठक में पूर्व में गांव में किए गए कार्यों की समीक्षा भी की गई।

भटेलिया की छात्राओं ने जागरुकता रैली निकाली

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भटेलिया में जागरुकता रैली निकालतीं छात्राएं।

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत डा. सुशीला तिवारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भटेलिया की छात्राओं ने रैली निकाली।

छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक, स्लोगन, नारों के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक किया। रैली में प्रधानाचार्य डॉ. सुनीता जोशी, ईएलसी प्रभारी पार्वती टम्टा, ग्राम प्रधान शशबनी खष्टी नयाल, उप प्रधान संजय नयाल, कृष्ण चन्द्र, पुष्पा नयाल, हरीश सिंह नयाल, हरेन्द्र नयाल, विरेन्द्र सिंह, गंगा सिंह आदि उपस्थित रहे।

समान नागरिक संहिता के बारे में बच्चों को बताया

भीमताल : अटल उत्कृष्ट एसबीएसएम आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज, पतलोट के प्रवक्ता डॉ. हेमन्त कुमार जोशी ने समान नागरिक संहिता विधेयक के बारे में बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता से सभी धर्मों के रीति रिवाज, संस्कृति यथावत रहेगी। साथ ही महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न समाप्त होंगे और जनसंख्या नियंत्रण को बल मिलेगा।

दिन भर रही चटक धूप रात को गलन भरी ठंड

हल्द्वानी : दिन भर चटक धूप खिली रही और रात को गलन भरी ठंड पड़ने लगी। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी इसी तरह का मौसम बना रहेगा। शनिवार को भी चटक धूप निकली। दिन के समय लोगों ने गुनगुनी धूप का आनंद लिया। अधिकतम तापमान करीब 23 डिग्री दर्ज किया गया। अपरान्ह होने के साथ ही ठंड बढ़ गई। रात और दिन के तापमान में काफी अंतर दर्ज किया जा रहा है।

दीवान को मंदिर समिति अध्यक्ष की जिम्मेदारी

- मंदिर में प्रस्तावित धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा
- कार्यक्रम की सफलता को पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर स्थित ऐड़ी देवता मंदिर समिति की बैठक में कई अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यसमिति का गठन भी किया गया। मंदिर में होने वाले धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

शुक्रवार को छड़ा बाजार क्षेत्र में हुई मंदिर समिति की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन कर सर्वसम्मति से दीवान सिंह बिष्ट को समिति अध्यक्ष को जिम्मेदारी सौंपी गई। नारायण सिंह उपाध्यक्ष जबकि चंदन सिंह को कोषाध्यक्ष की कमान सौंपी गई। गणेश को व्यवस्थापक तथा दिनेश को सचिव व आंनद सिंह को समिति सदस्य चुना गया। वक्ताओं ने कहा की आगामी चार को मंदिर में अखंड रामायण पाठ तथा पांच मार्च को भंडारे के साथ पाठ का पारायण होगा। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समिति की मजबूती तथा प्रस्तावित धार्मिक अनुष्ठान को भव्य बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम की सफलता को बकायदा पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई। समिति अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट ने आसपास के गांवों के बाशिंदों से भी कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान ममता बिष्ट, किरन बिष्ट, माया बिष्ट, मीना बिष्ट, भावना, जानकी, शोभा, बसंती, खष्टी, पदमा, लीला, दीपा, हंसी, सीमा, कलावती, चंपा देवी, धन सिंह आदि मौजूद रहे।

नशे में थे हादसा करने वाले दोनों ट्रक चालक

गरमपानी : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर चमड़ियां क्षेत्र में दो ट्रकों में आमने सामने हुई भिड़ंत में पुलिस ने दोनों ट्रक के चालकों को गिरफ्तार कर लिया। जांच में दोनों ट्रक चालकों के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई है। चौकी प्रभारी दिलीप कुमार के अनुसार दोनों वाहनों के परमिट निरस्तीकरण की संस्तुति भी आरटीओ हल्द्वानी को कर दी गई है। बीते गुरुवार देर शाम चमड़िया क्षेत्र में हल्द्वानी से निर्माण सामग्री लेकर अल्मोड़ा की ओर जा रहे ट्रक यूके 04सीबी 5599 तथा बागेश्वर से खड़िया लेकर हल्द्वानी की ओर जा रहे ट्रक यूके 04 सीए 8959 में आमने सामने भिड़ंत हो गई। दो ट्रकों के चालक पिथौरागढ़ निवासी विजय सिंह तथा त्रिभुवन सिंह घायल हो गया। पुलिस की जांच में दोनों वाहनों के चालकों के नशे में होने की भी पुष्टि हुई। खैरना पुलिस ने दोनों का सीएचसी गरमपानी में उपचार कराया।

सिक्स एएम क्रिकेटर की टीमों ने जीते मैच

क्रिकेट टीम के साथ व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ रौतेला। ● अमृत विचार

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : मिनी स्टेडियम में सिक्स एएम क्रिकेटर्स के तत्वाधान में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के शनिवार के मैच का शुभारंभ प्रान्तीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ रौतेला ने किया। इस दौरान दो मैच खेले गए।

पहले मैच सिक्स एएम क्रिकेटर्स और टीम एरीना के मध्य खेला गया। इसमें सिक्स एएम क्रिकेटर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में दो विकेट के नुकसान में 157 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम एरीना की टीम मात्र दस ओवर में 52 रन पर आउट हो गई।

दूसरा मैच सिक्स एएम क्रिकेटर और जंगलिया गांव के मध्य खेला गया। इसमें एएम क्रिकेटर्स ने सुपर ओवर के माध्यम से जीत हासिल की। इस दौरान निवर्तमान अध्यक्ष देवेंद्र चनौतिया, मोहित पडियार, शुभम नैनवाल मौजूद रहे।

हालात जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत योजना के कार्य अधूरे

31 मार्च तक कैसे मिलेगा सबको पानी

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : सरकार की मंशा 2024 तक सभी लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने की है, लेकिन विकासखंड भीमताल के अंतर्गत पिनसिला बानना पेयजल योजना में कार्य पांच महीने से अधर में है।

पिनसिला बानना पेयजल योजना लगभग 3 करोड़ की लागत से पूरी होनी है। इससे राजस्व ग्राम सभा पिनसिला के 60 परिवार व बानना के 200 परिवारों को लाभान्वित होना है। इस योजना को प्रारंभ हुए लगभग पांच महीने हो गए हैं, लेकिन केवल अब तक पेयजल योजना से संबंधित पाइप ही मौके पर पहुंच पाए हैं। दो तीन मजदूर लगाकर पेयजल लाइन को बिछाने का कार्य शुरू किया गया है।

जबकि योजना के तहत कई कार्य होने हैं। पूर्व बीडीसी मेंबर उमेश पलडिया, विपिन चंद्र, संतोष पलडिया, गणेश राम, प्रताप राम बताते हैं कि इस योजना के अंतर्गत दो पंपों का निर्माण और तीन टैंक का निर्माण भी होना है। लगता है कि ग्रामीणों को इस बार भी गर्मियों में पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाएगा।

क्षेत्र के ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने कई बार जल निगम से संपर्क किया। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि ठेकेदार को नोटिस दिए गए हैं। कार्य के नाम पर केवल पेयजल लाइन को बिछाने का कार्य किया जा रहा है।

-उमेश पलडिया, पूर्व बीडीसी मेंबर बानना

31 मार्च तक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लेकिन अनेक ग्राम पंचायतों में काम शुरू नहीं होने की वजह से लगता नहीं कि लक्ष्य पूरा हो पाएगा। विभाग की सुस्ती के कारण जनता को पानी से वंचित होना पड़ रहा है।

-डॉ. हरीश सिंह बिष्ट, ब्लाक प्रमुख

नैनीताल की वादियों में होगी कृष 4 की शूटिंग

- उत्तराखंडी संस्कृति और भाषा की दिखेगी झलक

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : फिल्मों की शूटिंग के लिए नैनीताल समेत उत्तराखंड की वादियां एक बार फिर से मशहूर होने जा रही हैं।

जल्द ही नैनीताल और रानीखेत की वादियों में फिल्म कृष 4 की शूटिंग होने जा रही है। फिल्म में मशहूर अभिनेता ऋतिक रोशन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म निर्माता ने शूटिंग के लिए शहर के दर्जन भर से अधिक स्थानों का चयन किया है। जानकारी देते हुए फिल्म समिति के सदस्य अंकित ने बताया फरवरी के दूसरे तीसरे सप्ताह में फिल्म निर्माता नैनीताल पहुंचेंगे। फिल्म में मुंबई के कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय कलाकार भी रोल में अभिनय करते दिखेंगे। फिल्म शूटिंग के लिए कलाकारों के ऑडिशन शुरू हो गए हैं।

नैनीताल से लेकर रानीखेत की वादियों में बनने जा रही फिल्म में उत्तराखंड की लोक संस्कृति, बोली और परिधान की झलक देखने को मिलेगी। एक महीने तक कुमाऊं की वादियों में होने वाली फिल्म की शूटिंग की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

पंचायतों के समग्र विकास में महिला जनप्रतिनिधि निभाएं अहम भूमिका

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय गंगरकोट (सुयालबाड़ी) के सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार योजना के तहत पंचायत प्रतिनिधियों व आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

पूर्णागिरी एजुकेशन सोसायटी के मास्टर ट्रेनर आरएम रस्तोगी ने पंचायतों के विकास में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका समेत कई अहम बिंदुओं पर जानकारी साझा की। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत पूर्णागिरी एजुकेशन सोसायटी हल्द्वानी ने जेएनवी गंगरकोट (सुयालबाड़ी) के सभागार में जनप्रतिनिधियों को ई ग्राम स्वराज योजना, सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण, ग्राम पंचायत विकास योजना, महिला सशक्तिकरण व ग्राम पंचायत विकास योजना में भागीदारी समेत तमाम अहम बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर आरएम रस्तोगी ने बताया की महिला जनप्रतिनिधि पंचायतों के विकास में अहम भूमिका निभा सकती है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों को योजनाओं की पूरी जानकारी होना जरुरी है। महिला जनप्रतिनिधियों को महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराया ही प्रशिक्षण का लक्ष्य है। रामगढ़ ब्लॉक मुख्यालय से पहुंचे अधिकारियों ने ब्लॉक मुख्यालय से संचालित योजनाओं के बारे में बताया। प्रशिक्षण शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व एएनएम को भी कई बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। बताया की गांवो में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ही स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ कहीं जाती है। इस दौरान ग्राम प्रधान सुयालबाड़ी हंसा सुयाल, प्रधान सिरसा इंदू जीना, प्रधान धूरा रुपा देवी, प्रधान अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

एक नजर

पहाड़ को ठिकाना बना सकते हैं उपद्रवी

गरमपानी : हल्द्वानी में अतिक्रमण अभियान के दौरान बिगड़े हालातों से प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन की कार्रवाई से बचने को अराजक तत्वों के कोसी घाटी को रुख करने का अंदेशा जताया है। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से निगरानी बढ़ाने तथा सत्यापन अभियान में तेजी लाने की मांग उठाई है। चौकी प्रभारी के अनुसार क्षेत्र की निगरानी तेज कर दी गई है। बाहर से क्षेत्र में पहुंचने वालों की जानकारी जुटाई जा रही है। हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में में हुए उपद्रव के बाद हालांकि पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई भी शुरु कर दी गई है। वहीं अब व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन की कार्रवाई से बचने को अराजक तत्वों के पहाड़ की ओर रुख करने का अंदेशा जताया है। संगठन अध्यक्ष गजेंद्र नेगी की अगुवाई में खैरना चौकी पहुंच पदाधिकारियों ने चौकी प्रभारी खैरना पुलिस दिलीप कुमार से वार्ता की।

शुक्रवार की तुलना में कम यात्रियों ने किया सफर, हल्द्वानी स्टेशन से शाम तक भेजी 40 बसें, कई बसें आधी सवारियों के साथ हुईं रवाना

दोपहर बाद पहुंचीं बाहरी राज्यों की बसें, स्टेशन पर भटकते रहे यात्री

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: कर्फ्यू में ढील होने पर शनिवार दोपहर बाद बाहरी राज्यों की कुछ बसों ने हल्द्वानी में प्रवेश किया हालांकि सुबह को बसें न मिलने पर यात्री कई देर तक परेशान रहे। सुबह काठगोदाम डिपो की कई बसों को तिकोनिया पर ही रोककर मुखानी के रास्ते भेजा गया जिससे हल्द्वानी स्टेशन में बस का इंतजार कर रहे यात्री बहुत देर तक परेशान रहे।

कर्फ्यू के चलते बाहरी राज्यों की बसें शहर में नहीं पहुंची थीं जिससे राज्य से बाहर जाने वाले यात्री हल्द्वानी में सामान्य स्थिति होने और बसों के पहुंचने का इंतजार कर रहे थे। बरेली से हल्द्वानी पहुंचे एक यात्री ने बताया कि वापस आने वाली बसों को तीनपानी के पास रोका गया और काठगोदाम के रास्ते हल्द्वानी भेजा गया। मुरादाबाद, बरेली और दिल्ली जाने वाले कई यात्री शनिवार को भी बस न मिलने पर स्टेशन में घंटों तक भटकते रहे। दन्या से आए दीवान नाथ ने बताया कि उसे दिल्ली जाना है। दिल्ली के लिए बहुत देर तक बस न मिलने पर वह भी परेशान रहा। हल्द्वानी डिपो के संचालन इंचार्ज एमएस मिश्रा ने बताया कि शनिवार को शाम तक 40 बसों को भेजा गया। उन्होंने बताया कि शनिवार को बहुत कम यात्री थे जिस कारण कई बसें कम सवारियों को लेकर रवाना हुईं। दूसरी तरफ पहाड़ों से भी यात्रियों का आवागमन बंद है। इस कारण शनिवार को टैक्सी व केमू का संचालन लगभग बंद रहा। केमू यूनियन के अध्यक्ष सुरेश डसीला ने बताया कि केवल अल्मोड़ा के लिए 1-2 बसें चलाई गईं।

रोडवेज स्टेशन में यात्रियों की उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

हल्द्वानी स्टेशन से पांच बसों को भेजा गया बरेली

बरेली में शनिवार को कैट (कॉमन एडमिशन टेस्ट) परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षार्थियों को आवागमन में असुविधा न हो इसके लिए परिवहन निगम ने शनिवार को हल्द्वानी स्टेशन से 5 बसों को भेजा। हल्द्वानी डिपो के एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि सुबह से ही परीक्षार्थी बरेली जाने के लिए स्टेशन में इकट्ठा हो गए थे जिनको 5 बसों में रवाना किया गया।

टैक्सी बंद होने से नैनीताल के लिए आवाजाही घटी

नैनीताल, अमृत विचार : हल्द्वानी में हिंसा के बाद लगे कर्फ्यू के कारण हल्द्वानी से नैनीताल जाने वाली टैक्सियां ठप हैं। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हल्द्वानी से रोजाना नैनीताल करीब 70 से 80 टैक्सी वाहनों के माध्यम से स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटक सफर करते हैं। लेकिन शहर में कर्फ्यू के बात से हल्द्वानी और नैनीताल के टैक्सी स्टैंड पर पूरी तरह से सन्नाटा पसरा है। टैक्सी एसोसिएशन के अध्यक्ष पाम तिवारी ने बताया कि हल्द्वानी से नैनीताल करीब 70 से 80 टैक्सी वाहनों के माध्यम से करीब 2000 यात्री सफर किया करते हैं। जिसमें से अधिकांश टैक्सियां हल्द्वानी की हैं। उधर, नैनीताल के 50 फीसदी पर्यटन कारोबार में गिरावट दर्ज की गई है।

टैक्सी स्टैंड में पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

दंगाई गौला से फरार, बनभूलपुरा के 100 से ज्यादा हिरासत में

कड़े पहरे के बीच शनिवार को पूरे दिन बनभूलपुरा में पुलिस, पैरा मिलिट्री और पीएसी ने टीम बनाकर घर-घर चलाया सर्च अभियान

उत्तर उजाला के बगल वाली गली में पुलिस ने किया रास्ता बंद, इसके बावजूद लोगों की लगी भीड़। ● अमृत विचार

मीरा मार्ग में हथियार के साथ तैनात पुलिस के जवान। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मलिक का बगीचा में पथराव, अगजनी और थाना फूंकने के बाद पुलिस ने इलाके से जले वाहनों को हटाया, गलियां साफ की और शनिवार को पूरे दलबल के साथ बनभूलपुरा में दंगाइयों की तलाश शुरू कर दी। सर्च अभियान चलते ही बनभूलपुरा में भगदड़ मच गई। जो बनभूलपुरा से निकलने में कामयाब हुए, वो गौला नदी और जंगल के रास्ते फरार हो गए। बावजूद इसके पुलिस ने करीब 100 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

पैरा मिलिट्री और पीएसी के साथ पुलिस दोपहर बनभूलपुरा में सर्च अभियान की शुरुआत थी। पुलिस पत्थरबाजों की तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस की अलग-अलग टीमें बना कर एक साथ सर्च अभियान चलाया। इस कार्रवाई के पहले ही पुलिस ने 50 से अधिक ऐसे लोगों को चिह्नित कर लिया था, जिन पर पुलिस को शक था और सबसे पहले इन्हीं संदिग्धों के घर पर दबिश दी गई।

50 से अधिक लोगों को चिन्हित किया गया

06 हजार अज्ञात और बाकी बचे 14 नामजद की तलाश में पुलिस

गिरफ्तार किए गए आरोपी। ● अमृत विचार

पुलिस की घर-घर सर्च अभियान से बनभूलपुरा में भगदड़ मच गई। वायरल लेस पर पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग गौला नदी और जंगल के रास्ते भाग रहे हैं। जिसके बाद एक टीम को गौला नदी और जंगल की ओर भी रवाना कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने सर्च अभियान के दौरान करीब सौ लोगों को गिरफ्तार किया है। इधर, बनभूलपुरा में रहने वालों ने पुलिस पर ज्यादती का आरोप लगाया। इंद्रानगर छोटी लाइन निवासी सलीम का कहना है कि दोपहर के वक्त महिला व पुरुष पुलिस बल उनके घर में घुसी, तोड़फोड़ की और उनकी पत्नी रिजवाना, बेटियां शहीना व शमरीन को पीटा। जिसमें दोनों बेटियों के हाथ फ्रैक्चर हो गए। दोनों को निजी अस्पताल लाया गया। यहां बेटे मो.कैफ के साथ पहुंची शहाना ने भी पुलिस पर आरोप लगाया।

दंगाइयों की तलाश में पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली में दबिश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : दंगाइयों की तलाश में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। हल्द्वानी से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली तक पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। एसएसपी ने गिरफ्तारी के लिए छह टीमों को हल्द्वानी से रवाना किया है। इसके साथ ही पुलिस की सर्विलांस टीम भी नामजद और संदिग्धों की लोकेशन ट्रेस कर रही है। कुछ मुख्य संदिग्धों के नंबर बंद होने से वह सीधे तौर पर पुलिस की रडार पर आ चुके हैं।

बता दें कि 8 फरवरी को बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा से दंगा भड़का था। दंगाइयों ने न सिर्फ सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया, बल्कि निजी व सरकारी वाहनों के साथ बनभूलपुरा थाने को भी आग के हवाले कर दिया था। सुनियोजित दंगे को अंजाम देने वाले अधिकांश लोग उसी रात फरार हो गए और बाकी बचे अगले दिन ही लगे कर्फ्यू की वजह से भाग नहीं सके। अगले ही दिन एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 6 अलग-अलग टीमों का गठन कर दिया। एलआईयू और इंटेलीजेंस के लोगों को संदिग्धों की जानकारी जुटाने में लगा दिया। जिसके बाद पांच लोगों की गिरफ्तारी की गई। पुलिस को सूचना मिली कि दंगे में शामिल और षड्यंत्रकारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली की ओर भाग निकले हैं। जिसके बाद अलग-अलग टीमों को इन स्थानों के लिए रवाना कर दिया गया।

दिल्ली में गिरफ्तार हुआ फरार मलिक

हल्द्वानी : पुलिस ने जिन 19 लोगों को नामजद किया था, उनमें एक मलिक नाम का व्यक्ति भी बताया जा रहा है, लेकिन ये कौन मलिक है इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। सूत्रों का कहना है कि घटना के बाद ये आरोपी भी परिवार के साथ शहर छोड़कर फरार हो गया था। तलाश में निकली टीम ने इस मलिक को बेटे के साथ दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पर नजर

हल्द्वानी : पुलिस ने बताया कि आरोपियों की तलाश सिर्फ बनभूलपुरा, हल्द्वानी व अन्य राज्यों में नहीं हो रही है। बल्कि पुलिस की नजर हल्द्वानी के साथ-साथ हल्द्वानी से सटे अन्य शहरों के बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर है। पुलिस इन स्टेशन पर हर घंटे की सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही है। इसके साथ ही शहर से बाहर जाने वालों की भी तलाशी ली जा रही है।

उकसाने में गिरफ्तार पांच में से दो निवर्तमान पार्षद

नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी

अमृत विचार : मलिक का बगीचा में अवैध धार्मिक स्थल ढहाए जाने के दौरान हुए दंगे के मास्टर माइंडों में नेताओं से लेकर जनप्रतिनिधि तक शामिल हैं। इन सफेदपोशों ने शहर की फिजा को बिगाड़ने का प्रयास किया। लोगों से लूटपाट की गई। निजी और सरकारी वाहन जलाए और यहां तक कि जानलेवा हमले तक किए।

8 फरवरी का दिन हल्द्वानी के दामन पर काला धब्बा बन गया है। दंगा करने वालों के नामों को लेकर तो पहले से ही सुगबुगाहट थी हालांकि शनिवार को पुलिस ने पांच आरोपियों के नामों का खुलासा कर दिया। उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। इनमें मेहबूब आलम और जीशान परवेज नगर निगम के निवर्तमान पार्षद हैं। जीशान परवेज कांग्रेस नेता उवैस राजा का भाई है। उवैस राजा कांग्रेस में पुराना सक्रिय नेता है। अरशद के समाजवादी पार्टी के एक प्रदेश स्तरीय नेता के साथ नजदीकियां हैं।

बताया जा रहा है कि वह भी सपा का ही नेता है। वहीं, जावेद सिद्दीकी सपा प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी का छोटा भाई है। साथ ही सपा के टिकट पर हल्द्वानी से दो बार विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। शहर में जाने पहचाने नाम और स्वयं शहर का सफेदपोश होने का दावा करने वाले इन नेताओं ने ही अपने शहर को जलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इन लोगों ने ही हजारों की भीड़ को इकट्ठा कराया और दंगे की साजिश रची। ये भी नहीं सोचा कि जिस शहर के ये लोग निवासी होने का दावा करते हैं, उस शहर के ऊपर दंगे का धब्बा लगा रहे हैं।

आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास, दंगा, तोड़फोड़, सरकारी कार्य में बाधा और सार्वजनिक व सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचने समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस को देते रहे धोखा

हल्द्वानी : पकड़े गए आरोपियों में से ज्यादातर पुलिस और प्रशासन की आंख में धूल झोंकते रहे। पुलिस और प्रशासन को विश्वास में लेकर इन्होंने कहा था कि ये लोग कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने में मदद करेंगे। हालांकि बाद में पुलिस को एहसास हो गया कि ये लोग पुलिस की आंख में धूल झोंक रहे हैं और उपद्रवियों को इकट्ठा करने और उनसे हिंसा करवाने में इन्हीं लोगों का हाथ है। मौके पर बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी की इन लोगों से कहासुनी भी हुई थी। हालांकि बाद में पुलिस की प्रारंभिक जांच में यही लोग हमले के मास्टर माइंड निकले।

जिन पत्रकारों के बनते थे दोस्त, उनको ही मारापीटा

हल्द्वानी : गिरफ्तार हुए दंगाइयों में जो भी सफेदपोश हैं यह सब पत्रकारों के परिचित थे। 8 फरवरी को दंगे में पुलिस, प्रशासन और निगम कर्मचारियों के साथ ही पत्रकार भी निशाने पर थे। चिन्हित करके पत्रकारों के वाहन जलाए गए और उन पर जानलेवा हमले किए गए। इनके नाम सामने आने के बाद पत्रकार भी अचंभित रह गए कि उन पर हमला करवाने वाले वो लोग जो उनके दोस्त, परिचित होने का दावा करते थे।

अपनों की करतूत से करोड़ों का नुकसान

हल्द्वानी : नगर निगम की बोर्ड मीटिंग में अपने वार्ड के विकास के लिए बजट मांगने वाले मेहबूब आलम और जीशान परवेज नाम के निवर्तमान पार्षदों ने ही निगम को करोड़ों का नुकसान पहुंचा दिया है। साथ ही कर्मचारियों पर जानलेवा हमले करवाए।

नामजदों के असलहे तलाश रही पुलिस

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि जिन लोगों को मुकदमों में नामजद किया गया है, उनके नाम पर जारी असलहों की जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने बताया कि जानकारी जुटाने के बाद सभी के लाइसेंस निरस्तीकरण की रिपोर्ट डीएम को भेजी जाएगी। जानकारी मिली है कि लाइसेंसी असलहों के साथ क्षेत्र में बड़ी संख्या में गैर लाइसेंसी असलहे हैं। इन असलहों की तलाश में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

छतें फांद तंग गलियों से भाग निकले लोग

हल्द्वानी : इंटरनेट तो बंद था, लेकिन फोन पर कॉल करने की व्यवस्था सुचारू थी। इधर, जैसे पुलिस की बनभूलपुरा में दबिश शुरू हुई तो लोगों ने एक-दूसरे को फोन कर दबिश की सूचना देनी शुरू कर दी। जिसके बाद इलाके में भगदड़ मच गई। इलाके से सबसे पहले युवा भागे। कुछ छत फांद कर दूसरी गलियों तक पहुंचे तो कुछ परिवार सहित घर में ताला लगाकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि भागने वालों में अधिकांश लोग किराएदार थे। अब पुलिस इनके बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

एमएनए ने उपद्रवियों के खिलाफ थाने में दी तहरीर

हल्द्वानी : नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने बनभूलपुरा में थाने में उपद्रवियों के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर में कहा है कि नगर निगम का वाहन चालक संजू कुमार 8 फरवरी को सायं 4 बजे अतिक्रमण अभियान के तहत मलिक का बगीचा में गया था। जहां पथराव होने पर वह वाहन सहित कार्यालय आ रहा था। तभी रास्ते में कुछ उपद्रवियों ने रोककर गाड़ी से बाहर निकाला और फोन व पैसे छिन लिये। इतना ही नहीं कपड़े फाड़कर उसके साथ मारपीट भी की।

महिला उपद्रवियों को भी पूछताछ के लिए पकड़ा

हल्द्वानी : मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस, अर्द्धसैनिक बल, पैरामिलिट्री फोर्स ने मलिक के बगीचे और आसपास के क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया। पुलिस पैदल और 19 वाहनों की मदद से मलिक का बगीचा पहुंची। यहां टीम छह दलों में बंट गई। टीम ने एक-एक कर घरों की तलाशी शुरू की। आसपास के घरों से पुलिस ने जिन 100 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया, उसमें महिला उपद्रवी भी हैं। बता दें कि घटना के दिन तमाम महिलाएं छत से पथराव कर रही थीं।

महंगाई | सब्जी के ठेले को देखते ही लोग उस पर टूट पड़े, आलू, प्याज, टमाटर, मटर आदि सब्जियों के बढ़ गए दाम

दोगुने दाम में सब्जियां खरीदने को मजबूर हुए लोग

- ज्यादातर ठेलों पर सब्जियां पुरानी व दाम बढ़े हुए थे
- शहर की नवीन मंडी में नहीं बढ़े सब्जियों और फलों के दाम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: कर्फ्यू को लेकर अनिश्चित्ता के बीच लोग दोगुने दाम में भी सब्जियां खरीद रहे हैं। प्याज, आलू, मटर, गोभी, टमाटर आदि सब्जियों के दाम अचानक से बढ़ गए हैं।

रामपुर रोड पर शनिवार की सुबह 11.30 बजे एक सब्जी का ठेले वाला सड़क पर आया तो लोग बाइक, स्कूटी आदि से उतरकर सब्जियां खरीदने लगे। सब्जियों के दाम दोगुने होने पर भी लोगों ने सब्जियां खरीदीं। ऐसा ही नजारा शहर भर में देखने को मिला। ज्यादातर ठेलों पर पुरानी सब्जियां थीं लेकिन दाम बढ़े हुए थे।

गुरुवार से पहले तक प्याज 20 रुपये किलो था, जो शनिवार को 40 रुपये किलो हो गया, जबकि आलू 50 रुपये में 5 किलो के बजाय ढाई किलो, मटर 30 रुपये से बढ़कर 60 रुपये हो गई। इसी तरह, टमाटर व गोभी के दामों में 10 रुपये बढ़कर 40 रुपये किलो, मूली 15-20 रुपये के बजाय 30 रुपये किलो में बिकी।

ठेले से सब्जी खरीद रही मालती शर्मा कहती हैं कि दो दिनों के बाद लोग आज सब्जी खरीद रहे हैं, इसलिए दाम बढ़ने ही हैं। स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो महंगाई बढ़ेगी।

रामपुर रोड पर जब सब्जी का ठेले वाला सड़क पर दिखा तो लोग सब्जी लेने टूट पड़े।

मंडी में दाम न घटे न बढ़े

कुछ महिलाएं नवीन मंडी में सब्जियां खरीदती मिलीं तो उन्होंने बताया कि यहां दाम अन्य दिनों की तरह सामान्य ही हैं। आढ़तियों ने बताया कि मंडी में प्याज 20 रुपये, आलू 10 रुपये, टमाटर 15, मटर 25-30 रुपये, गोभी 15 रुपये, शिमला मिर्च 40-45 रुपये किलो बिक रहा है।

"30 रुपये किलो मटर 60 रुपये में खरीदी। अन्य सब्जियों के सिर्फ दाम पूछे, सभी सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं।
-बांकेलाल जायसवाल, ग्राहक

"सब्जियां महंगी हुई हैं लेकिन खाना तो खाना ही है। जितनी जरूरत थी, अभी उतनी ही खरीदी है। परिस्थितियां जल्द सामान्य होंगी।
-जगदीश अग्रवाल, ग्राहक

पंकज उपाध्याय बने ऊधम सिंह नगर के एडीएम प्रशासन/नजूल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शासन ने शनिवार की देर रात कई पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। कार्मिक एवं सतर्कता विभाग के अपर सचिव कर्मेंद्र सिंह ने आदेश जारी कर सभी अधिकारियों को जल्द कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

शासन ने कुमाऊं मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक पंकज उपाध्याय को ऊधम सिंह नगर का एडीएम प्रशासन/नजूल बनाया है। महावीर सिंह चौहान को अपर सचिव आपदा प्रबंधन, अभिषेक त्रिपाठी को एडीएम चमोली से सीडीओ टिहरी गढ़वाल, जयभारत सिंह को संयुक्त मुख्य प्रशासक आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण से एडीएम प्रशासन देहरादून, चंद्र सिंह इमलाल संयुक्त निदेशक उत्तराखंड प्रशासनक अकादमी नैनीताल से अपर आयुक्त गन्ना काशीपुर, विवेक प्रकाश को नादेही चीनी मिल प्रबंधक को एडीएम चमोली, रविंद्र कुमार को डिप्टी कलेक्टर हरिद्वार से डिप्टी कलेक्टर ऊधम सिंह नगर बनाया गया है।

चार आईएएस को भी किया इधर-उधर

हल्द्वानी, अमृत विचार : शासन ने अपर मुख्य सचिव वित्त, जलागम, आवास, मुख्य प्रशासक-आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण, कृषि उत्पादन आयुक्त, मुख्य परियोजना निदेशक जलगाम से हटाकर उन्हें अपर मुख्य सचिव कार्मिक एवं सतर्कता बनाया है। रमेश कुमार सुधांशु को प्रमुख सचिव शहरी विकास, वन पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन से प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री राजस्व बनाया है। शैलेश बगोली को मुख्यमंत्री कार्मिक एवं सतर्कता, मंत्रिपरिषद गोपन, उच्च शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी तथा विज्ञान प्रौद्योगिकी, सूचना विभागों में कार्मिक एवं सतर्कता हटाकर गृह एवं कारागार जोड़ा गया है। सचिन कुर्वे से सचिव पर्यटन, राजस्व, नागरिक उड्डयन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी-पर्यटन परिषद में राजस्व हटा दिया है। सभी अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्यभागर ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

सामाजिक संगठनों ने की घटना की निंदा

हल्द्वानी, अमृत विचार: क्रांतिकारी लोक अधिकार, परिवर्तनकामी छात्र संगठन व प्रगतिशील महिला एकता केंद्र ने बीती गुरुवार को शहर में हुई घटना की निंदा की है।

संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि घटना में पत्रकार, कर्मचारी व पुलिसकर्मी घायल हुए व कई लोगों की मौतें हुई हैं।

घटना से शहर के जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए प्रशासन को सचेत रहना चाहिए। इस अवसर पर रजनी जोशी, महेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

दो दिन में ट्रांसपोर्टरों को लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान, रोजाना 200 से 250 ट्रक जाते हैं पहाड़

कर्फ्यू से ट्रांसपोर्ट नगर में कारोबार हो गया चौपट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा में भड़की हिंसा के बाद लगे कर्फ्यू से ट्रांसपोर्ट नगर में कारोबार पूरी तरह चौपट हो गया है। बीते दो दिन में ट्रांसपोर्टरों को करीब लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। हालात जल्द नहीं सुधरे तो स्थित और खराब हो सकती है।

ट्रांसपोर्ट नगर में पहाड़ लाइन के करीब 25 से 30 ट्रांसपोर्टर हैं, जिनमें प्रत्येक के पास 8 से 10 ट्रक हैं। यहां से रोजाना लगभग 200 से 250 ट्रक पहाड़ दवा, राशन, ईंट, सरिया, सीमेंट, रेजा-बजरी, सब्जियां, लकड़ी, फर्नीचर, कपड़ा, रेडिमेड आदि लेकर जाते हैं। लेकिन बीते शुक्रवार और शनिवार से ट्रकों के पहिए जाम हैं। ट्रांसपोर्ट नगर में दिल्ली समेत अन्य राज्यों से माल पहुंच तो रहा है, लेकिन कर्फ्यू में आवाजाही बंद होने से माल की आगे सप्लाई नहीं हो पा रही है।

जिससे लाखों का माल ट्रांसपोर्टरों के गोदामों में डंप पड़ा है। अनुमान है कि दो दिन में ट्रांसपोर्टरों को करीब लाखों रुपये का नुकसान हो गया है। अगर जल्द स्थिति नहीं सुधरी तो और अधिक नुकसान झेलना पड़ सकता है।

एसडीएम कोर्ट के सामने सड़क पर खड़े ट्रक और बसें। ● अमृत विचार

माल की पुरानी बुकिंग सुचारू, नई बंद

ट्रांसपोर्ट कारोबारियों ने बाहर से माल मंगाने के लिए नई बुकिंग बंद कर दी है। पहले दी गई बुकिंग का माल धीरे-धीरे यहां पहुंच रहा है। ट्रांसपोर्टर हल्द्वानी बाजार के खुलने का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि बाजार खुलने के बाद ही नई बुकिंग शुरू करेंगे।

> कारोबार ठप है। पहाड़ों से माल की डिमांड है, लेकिन नहीं भेज पा रहे हैं। रोजाना 1-2 गाड़ी माल भेजते थे। इससे भारी नुकसान हो रहा है।
> **- चंद्रशेखर पांडे, ट्रांसपोर्टर**

> आवाजाही ठप होने से कारोबार ठप है। सबसे ज्यादा दिक्कत चालक-परिचालकों की है। कोरोना के समय जिस प्रकार रियायत दी थी, उसी तर्ज पर रियायत दी जानी चाहिए।
> **- विमल कांडपाल, ट्रांसपोर्टर**

बरेली रोड पर घूमने निकले युवकों को डंडे मार कर खदेड़ती पुलिस। ● अमृत विचार

दिनभर पसरा रहा सन्नाटा शाम को गुलजार हुईं सड़कें

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: कर्फ्यू में ढील के बावजूद दिनभर शहर की प्रमुख सड़कों में सन्नाटा पसरा रहा। नैनीताल रोड, कालाढूंगी रोड, बरेली रोड में दिनभर बहुत कम वाहनों की आवाजाही रही।

कुछ परिवहन निगम की बसों और निजी वाहनों को छोड़कर सड़कों में अन्य सार्वजनिक वाहन नहीं दिखे हालांकि दोपहर बाद बरेली रोड में कुछ टुकटुक वाले नजर आए। इसके विपरीत रात का नजारा बिल्कुल उलट था।

रात के समय नैनीताल रोड, कालाढूंगी रोड, रामपुर रोड में वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई थी और कुछ दुकानें भी खुल गई थी जिससे शाम को शहर गुलजार रहा। नैनीताल रोड में लोगों की सबसे अधिक आवाजाही रही। तिकोनिया पर पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर वर्कशॉप लाइन से रोडवेज की ओर जाने वाले रास्ते को बंद किया था। इसी तरह अन्य स्थानों पर भी पुलिस की चौकसी रही।

रात में हुई इंटरनेट सेवा बहाल

हल्द्वानी, अमृत विचार : इंटरनेट सेवा शनिवार रात 8:30 बजे बाद बहाल हुई जिससे सभी लोगों को राहत मिली। बनभूलपुरा में हुए बवाल के बाद पिछले तीन दिनों से शहरी क्षेत्र की इंटरनेट सेवा बंद की गई थी जिससे शहर में शांति व्यवस्था बनी रहे। इंटरनेट ठप होने से लोग ऑनलाइन पेमेंट करने, व्हॉटसएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया चलाने के साथ ही सभी ऑनलाइन काम नहीं कर पा रहे थे। बीते शनिवार रात को इंटरनेट बहाल होने के बाद सभी ऑनलाइन सेवाएं शुरू हो गई जिससे आम लोगों की परेशानियां समाप्त हुई और सभी लोगों के चेहरे खिल उठे। दूसरी तरफ डीएम वंदना सिंह ने गृह सचिव को भेजे पत्र के माध्यम से वनभूलपुरा क्षेत्र (आर्मी कैंट (जिसमें वर्कशॉप लाइन भी शामिल है) तिकोनिया-तीनपानी-गौलापार बाईपास की परिधि के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में 24 घंटे तक सभी इंटरनेट सेवाओं को बंद करने और संबंधित को निर्देश देने का अनुरोध किया।

इंटरनेट बंद हो गया है तो फोन से करें गैस बुकिंग

हल्द्वानी : कुमाऊं मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक एपी वाजपेयी ने बताया कि हल्द्वानी में कफर्यू क्षेत्र छोड़कर अन्य स्थानों पर रसोई गैस की आपूर्ति सुचारू है। इंटरनेट बंद होने की वजह से उपभोक्ता ऑनलाइन बुकिंग नहीं कर सकते हैं। इस वजह से उपभोक्ता गैस एजेंसी से सीधे संपर्क कर गैस बुकिंग कर सकते हैं। इसके अलावा फोन कॉल के जरिए भी गैस की बुकिंग करवा सकते हैं।

नगर निगम ने बनाई कमेटी, किया जाएगा नुकसान का आकलन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नगर निगम हल्द्वानी को 8 फरवरी को हुए दंगे के दौरान हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। इसके लिए नगर आयुक्त ने बाकायदा कमेटी बनाई है।

दंगों में नगर निगम की जेसीबी को नुकसान पहुंचाया है। छोटा हाथी, योद्धा वाहन जला दिए गए। इससे नगर निगम को करोड़ों का नुकसान हुआ है। अभी प्रारंभिक जांच में ही नुकसान का आकलन एक करोड़ तक पहुंच गया है। नगर आयुक्त के आदेश के बाद कमेटी बना दी गई है। इधर, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने बताया कि पुलिस की जांच में पूरा सहयोग किया जा रहा है। बवाल वाले दिन नगर निगम की संपत्तियों को तो नुकसान पहुंचाया ही गया और साथ ही नगर निगम के कर्मचारियों पर भी हमले किए गए।

सार संक्षेप

कांग्रेस की बसाई बस्ती के कब्जेदारों ने की हिंसा : भगत



हल्द्वानी : विधायक बंशीधर भगत ने हल्द्वानी में हुये दंगे पर टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस और जिला प्रशासन की सूझबूझ से हजारों लोगों की जान बच गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की बसाई अवैध बस्ती के कब्जेदारों ने बनभूलपुरा में उत्पात मचाया है। कहा कि पूरी योजना के साथ पुलिसबल, निगम कर्मचारी और पत्रकारों को निशाना बनाया गया। कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल में वोटों की सौदेबाजी के चलते सरकारी भूमि पर धर्म के नाम पर कब्जा करने के प्रति नरमी बरती गई। कहा कि कब्जा हटाने गई निगम की टीम और पुलिस बल पर घर की छतों से तक पत्थरबाजी की गई और बनभूलपुरा थाने में आग लगा दी। कहा कि जिस तरह बच्चों के झगड़े में अपना बच्चा हर किसी मां को निर्दोष लगता है, उसी तरह कांग्रेस नेतृत्व घटना के लिए जिला प्रशासन को जिम्मेदार ठहरा रहा है। कहा कि दोषियों से ही संपत्तियों के नुकसान की भरपाई करवाई जायेगी।

कालाढूंगी पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

कालाढूंगी बाजार में फ्लैग मार्च निकालते पुलिसकर्मी, साथ में एसडीएम।

कालाढूंगी। बनभूलपुरा हल्द्वानी में उपद्रवियों के बवाल के बाद शनिवार को कालाढूंगी में शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने मुख्य बाजार में फ्लैग मार्च निकाला। नगर में शांति व्यवस्था को लेकर एसडीएम रेखा कोहली ने लोगों से धारा 144 का पालन करने की हिदायत दी। इस दौरान तहसीलदार प्रियंका रानी, एसआई गगनदीप सिंह, एसआई शेखर बिष्ट, जगबीर आदि मौजूद रहे।

अपनी कमियों का खामियाजा जनता से वसूल रहा प्रशासन

हल्द्वानी : प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि प्रशासन अपनी कमियों का खामियाजा जनता से वसूल करना चाहता है। जारी बयान में वर्मा ने कहा कि बनभूलपुरा क्षेत्र की संवेदनशीलता के लिए पूरे हल्द्वानी में कर्फ्यू लगा देना सरासर गलत है। इससे पूरे प्रदेश में तरह-तरह की अफवायें फैल रही हैं। अब बाजार क्षेत्र को सामान्य करने के लिए त्वरित प्रयास किए जाने चाहिए।

बनभूलपुरा में दूध व जरूरी सामग्री बांटी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : डीएम वंदना सिंह के निर्देशानुसार बनभूलपुरा में पुलिस-प्रशासन की निगरानी में दूध व अन्य जरूरी वस्तुएं वितरित की गईं।

डीएम ने बताया कि शनिवार को कर्फ्यू प्रभावित इलाकों में क्षेत्रवासियों की जरूरतों को देखते हुए आवश्यक सेवाएं बहाल की गईं। बीमारों के लिए दवाइयां वितरित की गईं। इसके अलाव दूध, जरूरी खाद्य वगैरह भी बांटे गए। जोनल मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी बलवे में घायल हुए लोगों का नैनीताल रोड स्थित निजी अस्पतालों, एसटीएच और बेस अस्पतालों में जाकर घायलों का हालचाल जाना। साथ ही डॉक्टर्स को उपचार के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। घायलों के परिजनों को भी राहत सामग्री पहुंचाई गई।

बनभूलपुरा में दूध बांटते कर्मचारी। ● अमृत विचार

बनभूलपुरा में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हेल्प लाइन नंबर जारी

हल्द्वानी, अमृत विचार : डीएम वंदना सिंह ने कर्फ्यू प्रभावित बनभूलपुरा समेत अन्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए हेल्प लाइन नंबर जारी किया है। इस नंबर के जरिए प्रभावित क्षेत्रों में निशुल्क एंबुलेंस की सुविधा मिलेगी। डीएम वंदना सिंह ने सीएमओ डॉ. श्वेता भंडारी को बनभूलपुरा में एंबुलेंस वगैरह स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग ने दो हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। विभाग की ओर से अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एनसी तिवारी (9410167445) और जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय कुमार का (9412120155) का नंबर जारी किया है। प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा के लिए उपरोक्त नंबरों पर कॉल कर एंबुलेंस बुला सकते हैं।

कर्फ्यू का असर | बस और टैक्सी का संचालन कम होने से 8 से 10 मरीज ऑपरेशन के लिए नहीं पहुंच पाए

अस्पताल नहीं पहुंच पाए मरीज, ऑपरेशन टले

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कर्फ्यू के कारण वाहनों की आवाजाही ठप से कई मरीज अस्पताल नहीं पहुंच पाए। जिससे उनके ऑपरेशन टल गए हैं। इन मरीजों को अब ऑपरेशन के लिए आगे की डेट दी जाएगी।

सुशीला तिवारी अस्पताल में बीते दो दिन में मरीजों के ऑपरेशन (ओटी) की संख्या घट गई है। यहां सर्जरी, ईएनटी, आई, गायनी, न्यूरो और ऑर्थो विभाग के अंतर्गत सामान्य दिनों में रोजाना करीब 40 मरीजों के ऑपरेशन होते हैं। बताया जाता है कि कर्फ्यू के कारण पहाड़ में बस और टैक्सी का संचालन कम होने से 8 से 10 मरीज ऑपरेशन के लिए नहीं पहुंच पाए। इन मरीजों को अब अगली डेट दी जाएगी। वहीं बेस अस्पताल में सर्जरी विभाग में दो मरीजों के ऑपरेशन होने थे, जिसमें से एक मरीज का ही ऑपरेशन हो पाया। ऑथो विभाग में एक मरीज का ऑपरेशन होना था, लेकिन तबियत खराब होने की वजह से ऑपरेशन टल गया। वहीं नेत्र विभाग में एक मरीज का ऑपरेशन हुआ है।

बनभूलपुरा से निकलकर जाता एक परिवार। ● अमृत विचार

नगर निगम कर्मी ऋषिकेश एम्स रेफर

हल्द्वानी : नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने बताया कि नगर निगम कर्मी अजय कुमार बनभूलपुरा बलवा में घायल हो गया था। उसका उपचार निजी अस्पताल में चला रहा था। उसका सफलतापूर्वक ऑपरेशन हो गया है। उन्होंने बताया कि कुमार को बेहतर इलाज के लिए ऋषिकेश एम्स रेफर किया गया है। प्रशासन परिजनों को संपूर्ण सहयोग कर रहा है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा एक कर्मी का नैनीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा है। नगर निगम कर्मचारियों और परिजनों का भरपूर सहयोग कर रहे हैं।

पानी की आपूर्ति पर भी पड़ा कर्फ्यू का असर, 15 हजार आबादी रही परेशान

हल्द्वानी, अमृत विचार : कर्फ्यू का असर पानी की आपूर्ति पर भी देखने को मिला। कॉलटैक्स के बाद अब भगवानपुर जयसिंह और आईटीआई का ट्यूबवेल भी खराब हो गया है। इससे लगभग 15 हजार की आबादी को पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जल संस्थान के अधिकारियों के अनुसार कुशल मजदूर न मिलने के कारण खराब ट्यूबवेल को ठीक करने में देरी हो रही है।

बताया कि मैनपावर की कमी के कारण ट्यूबवेल रिपेयरिंग का काम रूका हुआ है। कॉलटैक्स का ट्यूबवेल पिछले 10 दिनों से खराब है जिसे विभाग अभी तक ठीक नहीं कर पाया है। एई नीरज तिवारी ने बताया कि कर्फ्यू होने से मजदूर काम पर नहीं आ पा रहे हैं, जिससे रिपेयरिंग का काम बाधित हुआ है। भगवानपुर जयसिंह का ट्यूबवेल खराब होने से सुरभि कॉलोनी, खोलिया पार्क, आनंद विहार और कठघरिया के कुछ क्षेत्र में लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है जबकि आईटीआई का ट्यूबवेल खराब होने से आईटीआई क्षेत्र के साथ ही छड़ायल और सीएमटी कॉलोनी में भी पानी की आपूर्ति प्रभावित है। क्षेत्र के जेई एमसी सती ने बताया कि रिपेयरिंग का काम करने वाले कुशल मजदूर बनभूलपुरा क्षेत्र में रहते हैं।

हल्द्वानी में नहीं रुकेगी ट्रेन काठगोदाम से सामान्य संचालन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा में हिंसा के बाद काठगोदाम रेलवे स्टेशन से चलने वाली ट्रेनों का संचालन अब सामान्य हो गया है। स्थिति सामान्य होने तक हल्द्वानी रेलवे स्टेशन में ट्रेन का स्टापेज नहीं रहेगा।

इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि बनभूलपुरा में हिंसा की स्थिति पूरी तरह सामान्य होने के बाद हल्द्वानी स्टेशन से पहले की तरह ट्रेनों का स्टापेज को बहाल किया जाएगा। तब तक हल्द्वानी स्टेशन में ट्रेनें बिना रुके ही आगे बढ़ जाएंगी।

बता दें कि बनभूलपुरा में हुई हिंसा के बाद लालकुआं से ट्रेनों का संचालन हो रहा था। लेकिन शनिवार से स्थिति सामान्य होने के बाद ट्रेनों का संचालन दोबारा काठगोदाम से शुरू कर दिया गया है। हल्द्वानी से हालात सामान्य होने पर संचालन किया जाएगा।

||श्री:||
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
10 Years Anniversary
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/ मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, विवेकानन्द हॉस्पिटल के सामने, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation @ svpayurvedaclinic.com

जोशी क्लीनिक

डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन (उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)



1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा



2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy
(जलोका)

Cupping Therapy

रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम
तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण किया लेकिन जमीनी स्तर पर अब तक कोई कार्य नहीं हुआ

अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम खतरे की जद में, अधिकारी नींद में

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गौला नदी के कारण अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम खतरे की जद में है लेकिन फिर भी अधिकारियों की नींद नहीं टूट रही। यदि समय रहते सुरक्षा दीवार नहीं बनाई गई तो स्टेडियम को और अधिक नुकसान हो सकता है।

राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम को खेल विश्वविद्यालय बनाने की बात करते हैं लेकिन गौला नदी के कारण स्टेडियम खतरे की जद में है। पिछले साल बरसात में गौला नदी के आवेग से स्टेडियम की बाहरी दीवार को काफी नुकसान पहुंचा था। तटबंध का निर्माण नहीं होने से ही दीवार को नुकसान हुआ था।

गौलापार स्टेडियम की ओर हो रहा कटाव। ● अमृत विचार

अधिकारियों ने स्थिति का मुआयना भी किया लेकिन जमीनी स्तर पर इस ओर अब तक कोई प्रयास होते नहीं दिख रहे हैं।

खेल प्रेमियों का कहना है कि क्रिकेट स्टेडियम के चारों ओर बनी सड़क का हिस्सा गौला नदी में समा गया था। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस ओर ठोस पहल नहीं की गई तो नदी फिर से कटाव करेगी, जिससे और अधिक नुकसान होगा। उन्होंने बताया कि तटबंध नहीं बनने से इंडोर स्टेडियम व एक अन्य सड़क को भी नुकसान हो सकता है।

हालात

- **पिछली बरसात में नदी के आवेग से स्टेडियम की बाहरी दीवार को काफी नुकसान हुआ था**

गौला नदी के किनारे सेफ्टी वॉल के लिए 218 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जल्द निर्माण शुरू किया जाएगा। **–रशिका सिद्दीकी** सहायक निदेशक खेल

इधर, खेल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सिंचाई विभाग ने तटबंध के लिए प्रस्ताव बना लिया है। बता दें कि गौलापार में नदी किनारे 70 एकड़ वन भूमि में 173 करोड़ रुपये की लागत से अंतराष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण हुआ था।

जाट महासभा भवन के लिए 2.01 लाख

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी ओमपाल सिंह राठी का जसपुर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। शनिवार को जसपुर में चौधरी ब्रजवीर सिंह के आवास पर उत्तराखण्ड जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी ओमपाल सिंह राठी, उपाध्यक्ष अशोक कुमार तोमर, महामंत्री दरियाव सिंह तोमर, कोषाध्यक्ष हरेंद्र पाल सिंह, तथा रमेश सिंह तोमर के साथ पहुंचे।

यहां उन्होंने देहरादून में चार मंजिला नवनिर्मित जाट महासभा भवन की जानकारी समाज के लोगों को दी। उनके आह्वान पर जाट महासभा भवन के निर्माण हेतु स्थानीय जाट समाज के लोगों ने दो लाख एक हजार रुपए सहायता स्वरूप प्रदेश अध्यक्ष को भेंट किये। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जाट महासभा के भवन का निर्माण सभी के सहयोग से वर्ष 2019 से लगातार हो रहा है। नवनिर्मित भवन सामाजिक उपयोग हेतु वरदान साबित होगा। इस दौरान जाट समाज के लोगो ने पूर्व प्रधान मंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर खुशी जाहिर की तथा एक दूसरे को गुड़ खिलाकर मुंह मीठा कराया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चौधरी साहब को भारत रत्न मिलना समाज के लिए गोरवान्वित है। यहां जिला अध्यक्ष चौधरी सत्यपाल सिंह, अनिल राठी, सुभाष चौधरी, तथा दीपक चौधरी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी महेंद्र सिंह ने की तथा संचालन मास्टर धर्मपाल सिंह ने किया।


एक दूसरे को गुड़ खिलाते समाज के लोग। ● अमृत विचार

एक नजर

आठ साल की बालिका से दुष्कर्म का प्रयास

रामनगर : नई बस्ती पुछड़ी की एक आठ साल की बालिका के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया। बताया जाता है कि बालिका अपने स्कूल गई थी वहां जाकर देखा तो स्कूल की छुट्टी हो गई थी। वह अपने घर लौट रही थी। बताया जा रहा है कि उसी गांव के एक लड़के ने उसे पकड़ लिया। बालिका की चीख सुनकर पास से गुजर रही महिला की नजर बालिका पर पड़ी तो वह उसे ले आई। पुलिस ने आरोपी के ख़िलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा कायम कर जांच शुरू कर दी है।

रामनगर में भी सारे दिन इंटरनेट सेवा बंद रहने से लोग रहे परेशान

रामनगर : हल्द्वानी में हुए बवाल के बाद रामनगर में भी पूरे दिन इंटरनेट सेवा बंद रही। वहीं ऑनलाइन कारोबार कर रहे लोगों को भी नुकसान झेलना पड़ा। छोटे-छोटे रेहड़ी खोमचा पर काम कर रहे दुकानदार भी परेशान रहे। उनका कहना था कि सत्तर प्रतिशत ग्राहक तो अगर दस रुपये का भी सामान लेते है तो वह भी अब पेटीएम या गूगल पे कर देते है नेट सेवा बंद कर दिए जाने से उनकी रोजी रोटी पर असर पड़ा है। चौबीस घंटे बाद संचार सेवा बहाल होने पर लोगों ने राहत महसूस की।

नगर निगम की जेसीबी न तो होती तो जातीं बेहिसाब लोगों की जानें

जब घिर चुके थे पुलिस, प्रशासन और पत्रकार तब काम आई नगर निगम की जेसीबी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : घटना के रोज अगर नगर निगम की जेसीबी न होती तो उपद्रवी बेहिसाब जानें लेते। नगर निगम के जेसीबी चालक ने अपनी जान जोखिम में डाल कर उपद्रवियों की व्यूह रचना को ध्वस्त किया और फंसे लोगों के निकलने के लिए रास्ता बनाया।

8 फरवरी की शाम जैसे ही ढली उपद्रवियों का हमला बढ़ गया। मलिक का बगीचा और बनभूलपुरा की गली-गली से वाकिफ उपद्रवियों ने भाग निकलने वाली हर गली के बीच वाहन जलाकर रास्ता बंद कर दिया था। इधर, अतिक्रमण ढहाने में और उसकी करवजे में व्यस्त पुलिस और प्रशासन इस बात से अंजान था। शाम ढलते ही हमला बढ़ा और निहत्थी पुलिस भागी तो सारे रास्ते बंद थे। इधर, वापस लौटती पुलिस, वाहनों और जेसीबी पर चारों ओर से हमले शुरू हो गए। बात तब गंभीर हो गई, जब जलते वाहनों से बंद गलियां में लोग फंस गए। ऐसे में जेसीबी बेरीकेडिंग को ध्वस्त करती आगे बढ़ी। उसने भारी पथराव के बीच जगह-जगह बाधा बने जलते वाहनों व अन्य सामनों को सड़क से हटा कर रास्ता साफ किया, लेकिन पथराव नहीं रुका। कई लोग घायल हुए। छतों की आड़ और जेसीबी की आड़ लेकर लोग भागे और पत्थर चलाते उपद्रवियों ने गांधीनगर तक उनका पीछा किया।

क्षतिग्रस्त हुई जेसीबी। ● अमृत विचार

- **जेसीबी चालक ने जांबाजी दिखा जलते वाहनों को हटाकर खोला रास्ता**

बनभूलपुरा थाने में शुरू हुआ काम-काज

हल्द्वानी : घटना की रात पुलिस, प्रशासन और पत्रकारों पर गांधीनगर तक हमला करने वाले उपद्रवियों के कदम गांधीनगर आकर ठिठक गए। यहां गांधीनगर के लोगों ने उपद्रवियों से मोर्चा ले लिया। गांधीनगर के लोग भारी पड़े तो उपद्रवियों की भीड़ बनभूलपुरा थाने पहुंचे गई और थाना फूंक दिया। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि थाने को दुरुस्त कर लिया गया और अब काम-काज सामान्य तरीके से चल रहा है।

अपनी बातों में पुलिस को उलझाए रहे

हल्द्वानी : जिस दिन यह घटना हुई, भारी भीड़ ने पुलिस और प्रशासन को घेर रखा था। भीड़ के अगुवाकार पुलिस तो अतिक्रमण तोड़ने से रोक रहे थे और उनके साथ आई भीड़ दूर खड़ी भीड़ को भड़का रही थी। यह एक साजिश थी, जिसके तहत अगुवाकार काफी देर तक पुलिस को अपनी बातों में उलझाए रखे और भीड़ बढ़ती रही। भीड़ का संख्या बल पुलिस से कई गुना हुआ तो पथराव शुरू कर दिया।

कैड़ा ने ग्रामीणों को बताईं केंद्र व राज्य की उपलब्धियां

लोगों को योजनाओं की जानकारी देते विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

ब्यूरो, भीमताल

अमृत विचार : विधायक राम सिंह कैड़ा ने भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत पनियाबोर, पनियामेहता, बड़ैत, स्यूड़ा, हैड़ाखान में गांव- गांव का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा भाजपा की केंद्र व राज्य सरकारों ने कमजोर वर्ग के हित में सैकड़ों योजनाओं को चलाया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 11.8 करोड़ से अधिक घरों में नल से जल पहुंचा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 4 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्के मकान दिए गए हैं। गरीबों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज की व्यवस्था की गई है। राज्य में 9.53 लाख से अधिक किसानों को हर साल 6 हजार रुपये सीधे किसानों के खाते में भेजे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने यूसीसी कानून बनाकर महिलाओं सहित हर वर्ग के भविष्य को सुरक्षित करने का काम किया है। विधायक ने ग्रामीणों को जनहित योजनाओं का लाभ लेने और जन-जन तक इन योजनाओं का लाभ लेने को कहा।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने 9090902024 पर मिस्ड कॉल कर प्रधानमंत्री को समर्थन दिया। इस दौरान चिराग वोरा, प्रधान मोहन सिंह बबियाड़ी, नवीन सम्मल, पान सिंह, सोबन सिंह, गुमान सिंह, कैलाश सिंह, चंदू सम्मल, त्रिलोक सिंह, मनोज सिंह, प्रताप सिंह, कमलेश भट्ट, निखिल महतोलिया, प्रकाश बेलवाल मौजूद रहे।

हैदराबाद में ओवैसी को करना पड़ेगा हार का सामनाः यमुना

काशीपुरः तेलंगाना भाजपा महिला मोर्चे की प्रवक्ता यमुना पाठक के काशीपुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस बार हैदराबाद में भी बदलाव आयेगा और चुनाव में एआईएमआईएम नेता सांसद असदुद्दीन ओवैसी को हार का सामना करना पड़ेगा। पत्रकारों से वार्ता करते हुए यमुना ने कहा कि सांसद असदुद्दीन औवेसी ने हमेशा सांप्रदायिक राजनीति की है। हैदराबाद के विकास में उनकी बहुत कम रुचि है। कहा कि लोकसभा चुनाव में वह ओवैसी का मुकाबला करने को तैयार हैं। उन्होंने गरीबी के नीचे जीवन यापन करने वालों की जिंदगी को बेहतर बनाने, स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करने के साथ ही महिलाओं के लिए सिलाई केंद्र स्थापित किए हैं।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

रोड नहीं तो वोट नहीं का किया ऐलान

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचारः सुदूरवर्ती ग्राम सभा अमतोली में पातली, अमतोली, मल्ली सिमली, भलोन मार्ग को रियाण, डोला, जलना से मिलान न किए जाने से खफा ग्रामीणों का क्रमिक अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा। अनशन के दौरान ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का एलान करते हुए चुनावों का बहिष्कार करने धमकी तक दे डाली।

आंदोलन के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता चंद्र दत्त सती ने कहा कि अमोटा से रियाण तक चार किलोमीटर मार्ग को मिलान न किए जाने से क्षेत्र के किसानों को अपनी सब्जी व फल बाजार तक लाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जल्द मांग नहीं मानी गई तो आमरण अनशन किया जाएगा।

रामनगर में क्रमिक अनशन पर बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

क्रमिक अनशन पर चंद्र दत्त, नवीन चंद्र, तारी राम, हेम चंद्र, प्रकाश चंद्र, दीप चंद्र, कैलाश चंद्र, रमेश पांडे, ललित पांडे, गणेश नाथ, त्रिलोक नाथ नंद लाल, विनोद जोशी, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रकाश सती, गीता देवी, पिंकी गोस्वामी, दीपा देवी, कीर्ति, अनिता, प्रेमा, नरी देवी, मुन्नी देवी, संजय, महेश चंद, भवना क्रमिक अनशन पर बैठे।

राजद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग

संवाददाता, बनबसा

अमृत विचारः अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद तथा राष्ट्रीय बजरंग दल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर वनभूलपुरा में पुलिस के ऊपर हमले करने वाले के खिलाफ राजद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद तथा राष्ट्रीय बजरंग दल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर वनभुलपुरा में पुलिस के ऊपर हमले करने वाले के ऊपर राजद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकारी जिलाध्यक्ष निर्मल थ्वाल ने ज्ञापन में अतिक्रमण हटाने और कानून का पालन करवाने वाली हल्द्वानी पुलिस पर गोलियां चलाई गई। अनेक पुलिस के जवान घायल भी हुए हैं। कहां की सेना और पुलिस देश का प्रतीक है उन पर हमला राज्यद्रोह है।

हल्द्वानी में पुलिस पर हमला करने वाले सभी पर राजद्रोह का मुकदमा कायम हो। सबकी संपत्ति जप्त हो उनके घरों पर तत्काल बुल्डोजर चलाया जाए और उन सब की नागरिकता समाप्त करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में नरेश विश्वकर्मा, नरेश मुरारी, सौरभ आदि तमाम लोग शामिल रहे।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें * | मुफ्त भर्ती एवं पलंग * | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा * | मुफ्त टीकाकरण *
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन * | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा *
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे *
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग — एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग — स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग — अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग — बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग — छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग — अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10 से 28 फरवरी 2024 तक रोहिलखंड हॉस्पिटल के कमरा नं. 1167 में फाईलेरिया की दवाई मुफ्त में मिलेगी।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्यता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

आपबीती अमृत विचार के छायाकार संजय कनेरा की हालत में सुधार हुआ तो उन्होंने सुनाई बेकाबू हालात की कहानी

फायर मिस हो गया तो बलवे में मैं बच पाया वर्ना . . .

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा बलवा में अमृत विचार के छायाकार संजय कनेरा अब धीरे-धीरे सामान्य होने लगे हैं, लेकिन उस काले गुरुवार को याद कर वह अभी भी सिहर जा रहे हैं। शनिवार को जब नैनीताल रोड के एक निजी अस्पताल में भर्ती कनेरा को डॉक्टरों ने बोलने की इजाजत दी तो उन्होंने दर्द से कराहते हुए आपबीती सुनाई ।

बनभूलपुरा में हुए बलवे के दौरान उपद्रवियों ने लात-घूंसों, डंडों, पत्थरों, धारदार हथियार से कनेरा पर जानलेवा हमला कर उनका कैमरा, मोबाइल, पर्स, अंगूठी व घड़ी लूट ली थी। बाद में वे उन्हें अधमरी हालत में मंडी छोड़कर फरार हो गए। पहले उन्हें बेस अस्पताल पहुंचाया गया था। बाद में उनकी हालत को देखते हुए उन्हें नैनीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। उनके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं, हाथ की उंगलियां टूटी हैं। बीते शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी अस्पताल पहुंचकर उनका हालचाल जाना था।

घायल संजय कनेरा। ● अमृत विचार

कनेरा बताते हैं- पत्थरबाजी व आगजनी की घटनाओं के दृश्यों को कैद करते हुए मैं एक अन्य छायाकार साथी राजेंद्र सिंह बिष्ट बबली के साथ आगे बढ़ रहा था। समय बीतने के साथ-साथ पत्थरबाज अधिकाधिक उग्र होते गए।इस बीच आसमान में काला धुआं देखा तो माथा ठनका। बगीचे के चारों तरफ बाहर निकलने वाले रास्तों पर उपद्रवियों ने आग लगा दी थी। सरकारी व निजी वाहनों में आग लगाई जा रही थी।

हम इन दृश्यों को कैद करने आगे बढ़े तो अचानक उपद्रवियों की भीड़ ने हमें घेर लिया। भीड़ दो गुटों में बदल गई। एक गुट ने मुझे पकड़ा और दूसरे ने बबली को। मुझे लात-घूंसों से बुरी तरह पीटे जाने लगा। जब मेरे मुंह से खून निकलने लगा तो किसी ने कहा यह मर जाएगा। तब उन्होंने छोड़ा। इस हालत में बाइक के पास पहुंचा तो देखा वह तोड़ दी गई थी। जैसे-तैसे बाइक स्टार्ट कर उजाला नगर गली की ओर बढ़ा। तभी एक आदमी ने मेरा कैमरा छीन लिया। मैंने कहा भाई रोजी रोटी इसी से चलती है, चिप ले लो कैमरा छोड़ दे। जवाब में फिर तीन-चार थप्पड़ मिले और लात मार कर भगा दिया। वहां से उजाला नगर वाली रोड पर बढ़ा तो 14 से 19 वर्ष की उम्र के दर्जनों लड़कों ने फिर से घेर लिया। वे लाठी-डंडों से मारने लगे। तब तक मैं अधमरा हो चुका था और औंधे मुंह जमीन पर गिरा पड़ा था। तभी उपद्रवियों ने हेलमेट उतारने को कहा। हेलमेट उतारी तो एक उपद्रवी ने खुद ही मेरी गर्म टोपी उतार दी। फिर उपद्रवियों ने वहीं पास में पड़ा एक बड़ा पत्थर उठाया और सिर पर मार दिया। मेरे सिर से खून बहने लगा, तभी किसी ने पीछे से धारदार हथियार से वार किया। मैं पूरा लहूलुहान हो गया। इस बीच एक ने मेरी जेब से मोबाइल निकाला, किसी ने अंगूठी तो किसी ने घड़ी। वहां किसी ने कहा अब यह मर जाएगा। इतना सुनते ही एक उपद्रवी में मेरे पेट से सटाकर तमंचे से फायर किया, किस्मत थी कि फायर मिस हो गया और मैं बच गया। तभी वहां दो लड़के पहुंचे और बोले रहने दो अब छोड़ दो इसे। दोनों ने मुझे अपने कंधों के सहारे बाहर निकलने वाले रास्ते पर ले गए।

उन्होंने एक बाइक सवार से मदद मांगी और मोहल्ले के एक अस्पताल ले गए। मैंने कहा कि एसटीएच छोड़ दे भाई तो उसने इनकार कर दिया। बाद में मेरे कहने पर उस लड़के ने मेरे एक दोस्त को फोन मिलाया और मेरी बात करवाई। फिर मुझे मंडी छोड़कर चला गया। मेरा दोस्त पहुंचा और बेस अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां मेरा उपचार शुरू हुआ।

ड्रोन की निगहबानी से मिले सबूत, दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

बनभूलपुरा में बीते गुरुवार को हुई उपद्रव की घटना के बाद गोटिया में भी कई छतों पर मिले थे ईंट-पत्थर, कोतवाली के दरोगा ने दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: बनभूलपुरा में हुई उपद्रव की घटना के बाद जहां जिले में हाई अलर्ट जारी हो गया था। वहीं जुम्मे की नमाज के चलते जब एसएसपी की मौजूदगी में ड्रोन कैमरा इलाके में घुमाया गया तो पाया कि सिर गोटिया स्थित दो घरों की छतों पर ईंट-पत्थरों का ढेर लगा हुआ था। जिस पर पुलिस ने दो मकान स्वामियों के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बताते चलें कि हल्द्वानी के बनभूलपुरा में धार्मिक स्थल पर अतिक्रमण हटाने के दौरान भड़के लोगों ने जमकर उपद्रव किया था। जिसको नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने गोलियां चलाई और कर्फ्यू लगाकर शांति व्यवस्था कायम रखने का प्रयास किया। घटना को लेकर जहां हल्द्वानी में तनाव की स्थिति थी। वहीं ऊधमसिंह नगर में भी हाई अलर्ट जारी कर दिया था। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय था और एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने खुद मैदान में उतरकर स्थिति पर निगरानी शुरू कर दी थी। शुक्रवार को जब पुलिस ने नमाज स्थल सिर गोटिया इलाके में ड्रोण कैमरे से निगहबानी शुरू की तो पाया कि सिर गोटिया के रहने वाले बुद्धन खां की छत पर ईंट-पत्थर आदि सामान रखा हुआ मिला और 10 से 15 लोग एकत्रित थे। जो पुलिस को देखकर वहां से निकल गए। इसको लेकर पुलिस ने मकान स्वामी को ईंट-पत्थर हटाने का नोटिस दिया। मगर तीन घंटे का समय देने के बाद भी ईंट पत्थर नहीं हटाए गए। इसके अलावा वहां के रहने वाले शाहनवाज उर्फ शानू के घर की छत पर भी ईंट पत्थरों का ढेर लगा हुआ था और 10 से 15 लोग एकत्रित थे। मकान स्वामी को नोटिस देने के बाद भी जब छतों से ईंट-पत्थर नहीं हटाए गए तो पुलिस ने खुद ईंट-पत्थरों को हटाया और दारोगा नवीन बुधानी ने तहरीर देकर दोनों मकान स्वामियों के खिलाफ 153/188/148/511 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का तर्क था कि ईंट पत्थरों के रखे होने की अफवाह से इलाके में तनाव की स्थिति पैदा हो सकती है। साथ ही बवाल होने पर ईंट पत्थर घातक साबित हो सकते हैं। जिसको लेकर नोटिस देने के बाद भी मकान स्वामियों ने गंभीरता से नहीं लिया और उनका इरादा नेक नहीं था।



रुद्रपुर में ड्रोन कैमरे से ली गई इलाके की फोटो। ● अमृत विचार

शहर इमाम ने की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

काशीपुर। हल्द्वानी के थाना वनभूलपुरा क्षेत्र में हुए उपद्रव के बाद कोतवाली पुलिस सतर्कता बरते हुए है। कोतवाल समेत शहर इमाम ने नगर वासियों से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। कोतवाल मनोज रतूड़ी व शहर इमाम मुफ्ती मुनाजिर हुसैन ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वह किसी भी तरह की अफवाहों में न आये और न ही किसी के बहकावे में आकर कानून को अपने हाथ में लें।

कहा कि पुलिस पूरी तरह अराजक तत्वों पर नजर बनाये हुए है तथा पुलिस पूरी तरह आमजन के साथ है। कहा कि यदि कोई भी अराजक तत्व किसी भी तरह की अफवाह व उन्माद फैलाने का प्रयास करेगा पुलिस उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लायेगी।

हमलावरों की संपत्ति जब्त करने की मांग

संवददाता, गदरपुर

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि पुलिस और सुरक्षा बलों पर हमला करना राजद्रोह है। हमला करने वालों की संपत्ति को जब्त किया जाए और उनकी नागरिकता भी समाप्त की जाए।

गदरपुर-शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता तहसील में एकत्र हुए। जहां उन्होंने जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी के पेशकार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि 8 फरवरी को हल्द्वानी के बनफुलपूरा में अवैध मदरसे को हटाने के लिए नगर निगम के कर्मचारी और पुलिस पहुंची थी।

इसी दौरान एक साजिश के तहत अराज कतत्वों द्वारा पुलिस और नगर निगम के कर्मचारियों पर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें कई पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। और वहां के थाने को आपके हवाले कर दिया। जिससे करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ। विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश ने कहा पुलिस और सुरक्षा बलों पर हमला करना राजद्रोह मामला है। उन्होंने कहा की सुरक्षा बलों पर हमला करने वालों की संपत्ति जप्त की जाए। और उनके घर पर बुलडोजर चलाकर उनकी नागरिकता भी समाप्त कर दी जाए। उन्होंने कहा कि आगे से कोई भी ऐसा कार्य करने की ना सोचे। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से अपील की की जल्द से जल्द अराजकतत्वों तत्वों पर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, शंकर सिंह, सर्वेश सैनी, मोनू गुंबर, निपुण गगनेजा, अमित सेतिया सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

गदरपुर में एसडीएम के पेशकार को ज्ञापन देते विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता।

बाजपुर में शनिवार को एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी को ज्ञापन सौंपते पत्रकार।

घायल पर्यावरण मित्रों का हो निशुल्क उपचार

जसपुर। उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार राजौर व प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह राही ने सरकार से मांग की है कि हल्द्वानी के थाना बनभूलपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई दौरान हुए पथराव में गंभीर रूप से घायल सभी पर्यावरण मित्रों का समुचित इलाज एवं पूरा खर्च वहन किया जाए। साथ ही संघ ने ऐसे जघन्य अपराध की गंभीर निंदा की। संघ के दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी पर्यावरण मित्र को घबराने की जरूरत नहीं हैं। उनकी हर एक परेशानी में उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ उनके साथ खड़ा है।

जसपुर के मुख्य चौराहों पर तैनात रहा पुलिस बल

जसपुर। हल्द्वानी में हुई हिंसा के बाद शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जसपुर क्षेत्र में शनिवार को भी मुख्य चौराहों पर सुरक्षा बल तैनात रहा। साथ ही कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह व एसएसआई ओमप्रकाश ने क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पीड़ित पत्रकारों को मुआवजा देने की मांग

बाजपुर : हल्द्वानी हिंसा में कवरेज के दौरान पत्रकारों के गंभीर रूप से घायल होने, उनके वाहन जलाए जाने की घटना पर उत्तराखंड पत्रकार यूनियन द्वारा रोष प्रकट करते हुए घटना क्रम की कड़े शब्दों में निंदा की है। साथ ही एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर पीड़ित पत्रकारों को मुआवजा देने की मांग की है।

शनिवार को कुछ पत्रकार साथी एकत्र होकर एसडीएम दफ्तर पहुंच गए और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन वहां मौजूद उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी को ज्ञापन सौंपा गया।

जिसमें हल्द्वानी के वनफूलपुरा में हुई घटना में पत्रकारों के साथ मारपीट और उनके वाहन जलाने जैसे जघन्य अपराध की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने, शासन-प्रशासन से घायल पत्रकारों का समुचित इलाज व पूरा खर्च वहन करने और कवरेज के लिए हल्द्वानी या उसके आसपास के क्षेत्र में मौजूद समस्त पत्रकारों के जान-माल की सुरक्षा व मुआवजे की मांग की गई है।

इस मौके पर उत्तराखंड पत्रकार यूनियन के नगराध्यक्ष जीवन सिंह सैनी, वरिष्ठ पत्रकार सुनील दिवाकर, मोहम्मद हनीफ खान, रवि सरना, आशीष ठाकुर, जयपाल सिंह यादव आदि शामिल रहे।

भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध हुआ तो छोड़ दूंगा राजनीति : अमित

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : ईडी के छापों के कारण चर्चा में आए भाजपा नेता अमित सिंह ने दावा किया कि उनके भ्रष्टाचार से कोई सरोकार नहीं है उन्होंने जो कुछ भी कमाया है अपने खून पसीने की मेहनत से कमाया है। उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए भ्रष्टाचार संबंधी आरोपों को निराधार बताया और कहा कि अगर उन पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप सिद्ध हो गया, तो वह आजीवन राजनीति छोड़ देंगे।कहा कि उनकी राजनीतिक छवि खराब करने के लिए कुछ लोगों द्वारा उनके खिलाफ षडयंत्र किया जा रहा है। वह ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे।

यहां एक होटल में आयोजित पत्रकारों से वार्ता करते हुए अमित सिंह ने कहा कि ईडी ने उनके घर पर जो छापा मारा था। उसमें जितने भी दस्तावेज और सामान मिला वह पूरी तरह वैध हैं। उनकी मेहनत का कमाया हुआ है। इसके सारे प्रमाण उन्होंने ईडी को सौंप दिए हैं। भाजपा द्वारा उन्हें जिला मंत्री के पद से हटाए जाने पर अमित सिंह ने कहा कि भाजपा अनुशासित पार्टी है। इसलिए जब तक उनके खिलाफ जांच जारी है तो उन्हें पद से हटाया ही जाना था और मैं खुद भी इस जांच के पूरी होने तक पार्टी में कोई पद लूंगा। उन्होंने अपने घर से कारतूस बरामद होने के दावे पर पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार किए जाने को भी गलत बताया। उन्होंने कहा कि कारतूसों से मेरा कोई मतलब नहीं है लेकिन यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसलिए वह इस पर कुछ नहीं बोलेंगे। साथ ही जिन लोगों ने मेरे बारे में अकूत संपत्ति बनाने और घोटाले में शामिल होने के आरोप लगाए हैं, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे।

पंत विवि में राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर/पंतनगर

अमृत विचार : जीबी पंत विश्वविद्यालय में मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हो गया है। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉ. मालविका दास और विशिष्ट अतिथि समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ.अभिषेक तोमर ने किया।

शनिवार को शिविर के दौरान मुख्य अतिथि अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉ. दास ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के प्रतिपूर्ति के लिए व्यावसायिक शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा करना भी अति आवश्यक है। मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आशुतोष मिश्रा ने बताया कि यह शिविर द्वितीय वर्ष के 24 छात्रों द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें सभी स्वयंसेवक बेनी बस्ती में कार्य करेंगे और वार्तालाप, नुक्कड़ नाटक, रैली इत्यादि के माध्यम से जागरूकता फैलाएंगे। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार प्रकट किए।

ग्राहक को डुप्लीकेट सामान देकर लगाया 2.10 लाख रुपये का चूना

▸▸ पीड़ित ने टेक्नोलॉजी कंपनी के खिलाफ दी तहरीर

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : थाना ट्रांजिट कैंप इलाके रहने वाले एक व्यक्ति को टेक्नोलॉजी कंपनी की ओर से डुप्लीकेट सामान देकर लाखों रुपये का चूना लगाने का मामला सामने आया है। जब पीड़ित ने पैसों के लिए तकादा किया तो पैसा देने से इंकार कर दिया।

पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना ट्रांजिट कैंप के जनपथ फुलसुंगा के रहने वाले गजेंद्र सिंह ने बताया कि उसने सर्वर लाइन सिक्योरिटी का कार्य प्रारंभ किया था। इसके लिए कुछ सॉफ्टवेयर सहित सामान की आवश्यकता थी। कार्य की शुरुआत करने से पहले उसने छत्तीसगढ़ की टेक्नोलॉजी कंपनी के स्वामी से फोन पर बात की और सॉफ़्टवेयर सहित अन्य सामान 2.10 लाख रुपये में तय किया था। कंपनी स्वामी के कहने पर उसने अलग-अलग तिथियों में पैसों का सारा भुगतान कर दिया। कंपनी स्वामी के कहने पर ही एक जून 2023 को रुद्रपुर में कार्यालय भी खोल दिया। कुछ दिनों पर कंपनी द्वारा भेजा गया सामान लगाया तो सॉफ्टवेयर इंस्टॉल नहीं हुआ और सारा सामान डुप्लीकेट भेजने की भनक लगी तो संबंधित कंपनी के स्वामी को डुप्लीकेट सामान वापस कर भुगतान वापस करने को कहा। आरोप था कि बार-बार कहने के बाद भी पैसा वापस नहीं किया और पैसा देने से इंकार कर दिया। पीड़ित ने थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को तहरीर देकर नकली सामान बेचकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

विधायक ने कमजोर तबके के 38 लोगों को सौंपे चेक

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : विधायक शिव अरोरा ने मुख्यमंत्री राहत कोष से जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता के चेक वितरित किये। इस दौरान आर्थिक रूप से कमजोर करीब 38 लोगों को चेक दिये गये। इससे पहले भी विधायक शिव अरोरा ने जरूरतमंदों को चेक वितरित कर चुके हैं।

शनिवार को विधायक अरोरा ने बीमारी के इलाज, कन्या विवाह के लिए आर्थिक सहायता चैक सौंपे। इसमें कृष्णा कालोनी, रम्पुरा, खेड़ा, शिव नगर, आजाद नगर, जाफरपुर, बागवाला, आदर्श कॉलोनी, प्रीत बिहार व अन्य क्षेत्रों के लोग शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि विधायक बनने के बाद उनका प्रयास रहा है कि हर जरूरत मंद जो आर्थिक रूप से कमजोर है उसे मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाए। इससे गरीब परिवार को मदद मिल सके। इस अवसर पर भाजपा नेता धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, सोनू अनेजा, राधेश शर्मा, शिवकुमार गंगवार, निमित शर्मा, मयंक कक्कड़, सुनील यादव, रोबिन विश्वास, नमन चावला, राजेंद्र राठौड़, मदन दिवाकर, दीपक दिवाकर, गुरबाज सिंह, नंदलाल शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को चेक देते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

हर बूथ पर यूथ का होना जरूरी

▸▸ गांव चलो अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : गांव चलो अभियान के तहत किच्छा विधानसभा के प्रभारी भारत भूषण चुघ ग्राम सभा कोरिया चकोनी बूथ संख्या 14 पर पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और आने वाले लोकसभा में कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत फिर से केंद्र में भाजपा सरकार बनाएगी, जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।

शनिवार को कार्यक्रम के दौरान कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनेगा। पिछले दो कार्यकाल में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत बेहद मजबूत स्थिति में पहुंचा है और दुनिया की पांचवीं इकोनामी बन चुका है। आने वाले पांच सालों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल के दौरान समाज के सभी वर्गों का सम्मान हुआ है और पुनः देश की जनता केंद्र में भाजपा की सरकार देखना चाहती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए भाजपा की रीति नीति से जन-जन को अवगत कराएं और अपने बूथ को मजबूत करें। प्रत्येक बूथ पर यूथ का होना आवश्यक है। यूथ की बदौलत ही बूथ पर जीत हासिल की जा सकती है। चुघ ने कहा उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इतिहास रचते हुए यूसीसी कानून लागू किया है जो देश का पहला राज्य बना है। उन्होंने कहा कि यूसीसी कानून लागू होने से सभी को समान अधिकार मिलेंगे और महिलाओं का उत्थान होगा। भाजपा के कार्यकर्ता आने वाले लोकसभा चुनाव में मजबूती से जुट जाएं और पीएम मोदी के अबकी बार 400 पार नारे को सार्थक करें। इस अवसर पर हरमीत सिंह कामरा, राजवंत सिंह, मनजीत सिंह, परमजीत सिंह, राजीव मुंजाल, कल्याण सिंह, प्रेम सिंह, कालूराम, दीपक, सिमरन, प्रभात मुंजाल, महेंद्र सिंह, कृष्ण लाल, मुलख राज, अशोक भुसरी, सोमनाथ, प्रज्वल, हरीश कालरा, सुभाष चुघ, तलवीर सिंह, राजकुमार लोहिया, कल्याण सिंह, मोहित मिड्ढा, वैभव मिड्ढा, मनजीत सिंह, परमजीत, धर्मपाल, विकास मुंजाल आदि मौजूद थे।

कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते किच्छा विधानसभा के प्रभारी चुघ। ● अमृत विचार

कार्यालय मण्डलीय प्रबन्धक (संचालन) उत्तराखण्ड परिवहन निगम, टनकपुर

पत्रांक : 2487 ट.क्षे./म.प्र. (सं) कैन्टीन/निविदा/संशोधन/2024, दिनांक: 09.02.2024

टेण्डर संशोधन

-:स्टॉलों के बाबत निविदा आमंत्रण:-

उत्तराखण्ड परिवहन निगम टनकपुर मण्डल के अन्तर्गत लोहाघाट डिपो के चम्पावत बस स्टेशन में स्टॉल हेतु समाचार पत्रों में दिनाँक 09.02.2024 को निविदा प्रकाशित की गयी थी उक्त निविदा में आंशिक संशोधन किया जाता है जिसमें निविदा में सफाई-धुलाई व्यवस्था बाबत निविदा आमंत्रण अंकित है के स्थान पर स्टॉलों के बाबत निविदा आमंत्रण पढ़ा जाये इसके साथ ही निविदा में बेचे जाने की तिथि 09.02.2024 से 17.02.2024 एवं निविदा खोले जाने की तिथि 17.02.2024 अंकित थी अपरिहार्य कारणों के फलस्वरूप उक्त निविदा में समय विस्तार किया जा रहा है जिसके उपरान्त उक्त निविदा फार्म बेचे जाने की तिथि 09.02.2024 से 24.02.2024 दोपहर 14:00 बजे तक एवं निविदा खोले जाने की तिथि 24.02.2024 को 15:00 बजे की जाती है आमंत्रित की गई निविदा हेतु शेष नियम व शर्तें पूर्वता: ही लागू रहेंगी।

पवन मेहरा
मण्डलीय प्रबन्धक (संचालन)
उत्तराखण्ड परिवहन निगम टनकपुर

कुटीर उद्योग की जानकारी दी

संवाददाता, रुद्रपुर/पंतनगर

अमृत विचार : जीबी पंत विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान इकाई की ओर से सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन शुरू हो गया है। इसमें सामुदायिक विज्ञान इकाई की ओर से प्रशिक्षणार्थियों को 'महिला सशक्तिकरणः ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार की ओर एक कदम' विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।

शनिवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम चकफेरी कालोनी में शुरू हुआ। प्रशिक्षण उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार द्वारा आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डॉ. अल्का गोयल ने प्रशिक्षणार्थियों को धागा निर्माण, खादी कुटीर उद्योग द्वारा आय अर्जन के बारे में जानकारी दी। डॉ. सोनू रानी ने महिलाओं को विभिन्न प्रकार के कुटीर उद्योगों जैसे अचार, जैम, जेली, मिट्टी के बर्तन, मोमबत्ती बनाना, पापड़ बनाना, कशीदाकारी(इम्ब्राइडरी), मसाला बनाना, आदि के बारे में बताया। डॉ. प्रतिभा और डॉ. प्रणीता सिंह ने महिलाओं को किचन गार्डन एवं पशुपालन द्वारा स्वरोजगार के अवसरों के बारे में बताया।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

नाबालिग को मुरादाबाद ले जाकर किया दुष्कर्म

काशीपुर। इलाज के बहाने नाबालिग को एक युवक अपने साथ मुरादाबाद ले गया। आरोप है कि वहां युवक ने जोर जबरदस्ती कर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। आईटीआई थाना क्षेत्रांतर्गत एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री जो बीमार रहती थी उसे इलाज कराने के लिए अरविंद कुमार निवासी गुलाबबाडी, पीतल नगरी मुरादाबाद उसे अपने साथ ले गया। आरोप है कि वहां युवक ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ धारा 376, 506 आईपीसी व 5/6 पोस्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

बंग लोक भारती का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ आरंभ, देश के विभिन्न इलाकों से पहुंचे बुद्धिजीवी

राष्ट्र निर्माण में बंग समाज का बड़ा योगदान: डॉ. पार्थ

आयोजन

- प्रभु श्रीराम के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार: बंग लोक भारती का तीन दिवसीय द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन का, ग्राम देवनगर में भव्य शुभारंभ हुआ। देश के कोने-कोने से पहुंचे महान वक्ताओं ने इस दौरान विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए।

तीन दिवसीय द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन का आचार्य रविंद्र, संत गुनिंद्र नंद, संत जयराम आनंद गिरि, डाक्टर देव ज्योति, डाक्टर पार्थ प्रतिम, तपन अधिकारी एवं गोपाल उपाध्याय ने प्रभु श्री राम के चित्रों पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इससे पूर्व देश के कोने-कोने से अधिवेशन में पहुंचे संतों एवं बुद्धिजीवियों व क्षेत्र के तमाम लोगों ने पूरे गांव की परिक्रमा की। बंग लोक भारती द्वारा आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन में डाक्टर देव ज्योति ने बंग लोक भारती का परिचय एवं भूमिका व उद्देश्य पर व्याख्यान दिया।

दीप प्रज्ज्वलित कर अधिवेशन का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

तत्पश्चात मुख्य वक्ता डॉक्टर पार्थ प्रतिम ने बंगाली इतिहास, संस्कृति, संस्कार, राष्ट्र निर्माण में बंग समाज द्वारा दिए गए योगदान पर विस्तृत व्याख्यान दिए। तपन विश्वास ने प्रवासी बंगाली समाज का इतिहास व वर्तमान परिस्थिति, तपन अधिकारी ने बंग लोक भारती के प्रस्ताव एवं गोपाल उपाध्याय ने बंगाली समाज की रचनात्मक कार्य का अवसर हेतु प्रोत्साहन विषय पर, विस्तृत रूप से व्याख्यान दिए। इससे पूर्व देश के कोने-कोने से पहुंचे बुद्धिजीवियों का देवनगर में आयोजकों द्वारा अंग वस्त्र देकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अधिवेशन का संचालन सुमंत विश्वास ने की। इस मौके पर दिवाकर हालदार, अमल मंडल, पंचानन मंडल, चंद्रशेखर मल्लिक, शांति रंजन भंडार, अजीत ढाली, सुशील कुमार, अनूप सरकार, राजेश सरकार, नारायण सरदार, विजय मंडल, राजकुमार शाह, मनोज विश्वास, रविंद्र विश्वास, संजय बाछाड़, हिमांशु सरकार, विक्रम भंडार, विधान सरकार, सूरज देवनाथ, निखिल हालदार, नारायण शाह, अमित कुमार, संजय शाह, सुनील सरकार, विकास हालदार, प्रसनजीत भंडार, रवि मजूमदार, समेत तमाम बुद्धिजीवी वर्ग एवं ग्रामीण मौजूद थे।

घर से नाराज होकर निकला युवक, ट्रेन से कटकर मौत

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: परिजनों से नाराज होकर घर से निकले रुद्रपुर निवासी युवक की ट्रेन की चपेट में आने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। किच्छा कोतवाली अंतर्गत हरियाणा फॉर्म क्षेत्र में युवक का शव चित अवस्था में मिला। मृतक के शरीर पर तमाम गहरे घाव मिले हैं जबकि घटना से कुछ दूरी पर टूटी हुई अवस्था में पुलिस ने युवक का मोबाइल और सिम बरामद कर लिया। फिलहाल पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी देते हुए शव को कब्जे में लेकर जांच प्रारंभ कर दी है। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

मनोज शर्मा।

जानकारी के अनुसार देर रात किच्छा से बरेली की तरफ जा रही ट्रेन की चपेट में आने से रुद्रपुर निवासी करीब 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। रेलवे स्टेशन से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर हरियाणा फॉर्म क्षेत्र में चोटिल अवस्था में युवक का शव बरामद हुआ। रेलवे स्टेशन मास्टर अंकित कुमार ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास प्रारंभ कर दिए।

एक करोड़ रुपये की स्मैक पकड़ी, दो गिरफ्तार

एसटीएफ ने 1.06 किलो स्मैक के साथ खटीमा इलाके से पकड़े अंतरराज्यीय स्मैक तस्कर

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: कुमाऊं एसटीएफ और खटीमा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय स्मैक तस्करी के दो सौदागर को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में स्मैक की खेप बरामद की है। खटीमा इलाके से गिरफ्तार दोनों आरोपी पिछले लंबे समय से स्मैक को सप्लाई करते थे। एसटीएफ ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा पंजीकृत करवाकर खटीमा पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

शनिवार को एसटीएफ सीओ सुमित कुमार पांडेय ने बताया कि वर्ष 2025 तक प्रदेश को नशा मुक्त प्रदेश बनाने के अभियान के तहत पिछले काफी दिनों से एसटीएफ व एएनटीएफ को सुराग मिल रहे थे कि खटीमा इलाके में बड़े पैमाने में स्मैक की सप्लाई हो रही है। इसके बाद एसटीएफ प्रभारी एमपी सिंह के नेतृत्व में एएनटीएफ की टीम सुरागरसी व पतारसी में जुट गई थी। शुक्रवार की रात को खबर मिली कि अंतरराज्जीय स्मैक सौदागर स्मैक की खेप को खपाने की कोशिश कर रहे हैं।

सूचना मिलते ही एसटीएफ व एएनटीएफ की टीम खटीमा पहुंची और खटीमा पुलिस के साथ मिलकर एक संयुक्त टीम बनाकर खटीमा स्थित किराए के मकान में दबिश दी और मौके से सगीर अहमद निवासी ग्राम महोलिया थाना अलीगंज बरेली और बाबू को गिरफ्तार कर लिया और आरोपियों की निशानदेही पर 1.06 ग्राम स्मैक की खेप बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि स्मैक की खेप को वह नेपाल की एक पार्टी को सप्लाई करने की फिराक में थे। एसटीएफ ने स्मैक सौदागरों को खटीमा पुलिस के सुपुर्द कर एनडीपीएस का मुकदमा पंजीकृत कर दिया।

स्मैक सौदागर के साथ एसटीएफ की टीम। ● अमृत विचार

एक माह पहले मिला था इनपुट

रुद्रपुर। एसटीएफ सीओ सुमित पांडे ने बताया कि खटीमा से नेपाल को भारी खेप पहुंचाने का इनपुट एसटीएफ को एक माह पहले ही मिल चुका था। इसी को ध्यान में रखते हुए एसटीएफ की टीम लगातार खटीमा सीमावर्ती इलाकों में निगरानी बनाए हुई थी और शुक्रवार की रात खबर मिली कि सगीर और बाबू खेप ला रहे हैं। सूचना मिलते ही एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर आसपास के इलाकों में डेरा डाल दिया और मौका मिलते ही दोनों आरोपियों को दबोच लिया।

स्मैक के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

शक्तिफार्म। शक्तिफार्म चौकी पुलिस ने अवैध स्मैक के साथ दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा। शक्तिफार्म चौकी पुलिस ने शुक्रवार को, बैकुंठपुर नंबर 6 निवासी, 20 वर्षीय ध्रुव हालदार पुत्र प्रभास हालदार को 2 .46 ग्राम एवं देवनगर नंबर 3 निवासी, 27 वर्षीय राहुल मल्लिक पुत्र विद्याधर मल्लिक को, 2 .62 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा। गिरफ्तारी टीम में चौकी प्रभारी जगदीश चंद्र तिवारी, कांस्टेबल भारत भूषण एवं देवेंद्र कन्याल शामिल थे।

उत्तराखंड से नेपाल तक फैला है स्मैक का नेटवर्क

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: एक करोड़ कीमत की स्मैक के साथ पकड़ा गया एक आरोपी जहां 26 बीघा जमीन का मालिक है, तो दूसरा चाट बेचने का कारोबार करता था। निरक्षर होने के बाद भी दोनों ने जरायम की दुनिया में अपना कदम रखा और महज कुछ सालों के अंदर यूपी, उत्तराखंड के अलावा नेपाल तक स्मैक तस्करी का नेटवर्क खड़ा कर दिया। इसके अलावा बरेली स्थित विश्वविद्यालय के एक किराए के मकान में रहकर पूरे नेटवर्क का संचालन शुरू कर दिया।

एसटीएफ की गिरफ्त में आने के बाद जब पकड़े गए दोनों आरोपियों से पूछताछ की गई तो स्मैक तस्करी के आरोपी सगीर ने बताया कि दोनों ही बरेली के महोलिया गांव के रहने वाले हैं और रुहेलखंड यूनिवर्सिटी के समीप किराए के मकान में रहकर स्मैक तस्करी का नेटवर्क संचालित करते हैं। बताया कि वह और बाबू दोनों ही अनपढ़ हैं और उसकी गांव में 26 बीघा जमीन है। जिस पर खेती बाड़ी के बाद भी कम समय में अधिक पैसा कमाने की चाह खत्म नहीं हुई,

तस्करी

- सगीर 26 बीघा जमीन का मालिक, बाबू का चाट का ठेला
- अनपढ़ होने के बाद भी खड़ा कर दिया नेटवर्क

जबकि दूसरा आरोपी बाबू गांव से शहरों में जाकर चाट की ठेली लगाता है। एक ही गांव में रहने के कारण दोनों की खासी दोस्ती है। ऐसे में दोनों ने मिलकर पिछले पांच साल पहले ही स्मैक तस्करी का धंधा करने का मन बनाया और यूपी, उत्तराखंड के अलावा कई बार नेपाल गए। जहां उन्होंने सबसे पहले अपना नेटवर्क खड़ा किया और उसके बाद बरेली से स्मैक की खेप लाकर सप्लाई करनी शुरू कर दी। कई बार नशे की सप्लाई के लिए उत्तराखंड के पर्वतीय इलाके के साथ ही तराई आए थे और वर्तमान में 1.06 किलोग्राम स्मैक की खेप को नेपाल स्थित एक पार्टी को सप्लाई करनी थी। एसटीएफ की पूछताछ में आरोपियों ने कई अहम खुलासे भी किए। जिसके बाद एसटीएफ ने सगीर और बाबू के नेटवर्क को ध्वस्त करने की रणनीति बना डाली है।

अलग-अलग सड़क हादसों में स्कूटी व बाइक सवार की मौत

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। उधर दोनों मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

जसपुर के मोहल्ला गुजरातियान निवासी 26 वर्षीय युवक रोहन कुमार पुत्र तिलक चंद्र शुक्रवार को देर सांय सुआवाला, बिजनौर की ओर से मोटरसाइकिल से जसपुर आ रहा था, तभी रास्ते में उसकी मोटरसाइकिल किसी आवारा पशु से टकरा गई। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और उसे तत्काल उपचार के लिए एक स्थानीय प्राइवेट अस्पताल और उसके बाद उसे सीएफसी ले जाया गया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद काशीपुर के लिए रेफर कर दिया गया। वहां से हालत चिंताजनक होने पर एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही ही उसकी मौत हो गई।

रोहन की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने उसकी मौत की सूचना जसपुर पुलिस को दी । पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

उधर कोतवाली अंतर्गत गांव दैवी पुरा निवासी सुनील उर्फ गुड्डू (45 वर्ष) पुत्र ब्रह्मपाल सिंह अपने गांव से स्कूटी से नगर पंचायत महुआडाबरा की और आ रहा था, तभी उसकी स्कूटी महुआडाबरा स्थित जानकी सिंह इण्टर कालेज के पास खड़े ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई । जिससे वह घायल हो गया। उसे एक स्थानीय प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे काशीपुर और बाद में मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया गया। लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

अनियंत्रित बाइक खंती में गिरी, मौत

खटीमा। टेढ़ाघाट पूर्णापुर मार्ग पर रात्रि में अनियंत्रित हुई बाइक के खंती में पलटने से एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। टेढ़ाघाट पूर्णापुर मार्ग पर स्थित गुरुद्वारे शनिवार सुबह आने जाने वालों ने एक व्यक्ति को खाई में पड़े हुए देखा जहां उसकी बाइक भी पड़ी थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। बाद में मृतक की पहचान भिलैया फुलैया निवासी देवेंद्र सिंह 30 पुत्र जरनैल सिंह के रूप में हुई। मृतक और उसका बड़ा भाई मंजीत सिंह पीलीभीत रोड पर स्थित निजी विद्यालय में बस चलाते हैं। मृतक की एक छह वर्षीय पुत्री है। परिजनों ने बताया कि देवेंद्र शुक्रवार को घर से निकला था। देर रात तक न पहुंचने पर उसकी खोजबीन की गई लेकिन कोई पता नहीं चला। आज सुबह उसका शव रोड किनारे खंती से बरामद हुआ।

देवेंद्र सिंह ।

ट्रक हादसे में घायल युवती की उपचार के दौरान मौत

रुद्रपुर। ग्राम हमीरपुर सीबीगंज बरेली और हाल निवासी डिबडिबा बिलासपुर यूपी निवासी मान सिंह ने बताया कि उसकी बेटी बबली सागर ग्राम बिंदुखेड़ा स्थित मटर प्लांट में मजदूरी का काम करती थी। सात फरवरी को रोजमर्रा की भांति वह मेहनत मजदूरी कर शाम साढ़े छह बजे वापस घर लौटने के लिए बिदुखेड़ा मोड का पार कर दूसरे ओर पैदल जा रही थी। इस बीच अचानक रुद्रपुर की ओर से तेज गति से आ रहे ट्रक संख्या यूपी-22टी-8295 ने बेटी को टक्कर मार दी। जिससे उसकी बेटी को गंभीर अवस्था में राहगीरों द्वारा निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान नौ फरवरी को बेटी की मौत हो गई। मृतक के पिता का आरोप था कि ट्रक चालक की लापरवाही के कारण उसकी बेटी की मौत हुई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

पांच दिन बाद आखिर आशा भी तोड़ गई दम

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: चकरपुर में पत्नी पर जानलेवा हमला कर खुद जहर खाकर जान देने के मामले में अस्पताल में भर्ती पत्नी ने भी आज दम तोड़ दिया है। मृतका का पोस्टमार्टम हल्द्वानी में हो रहा है।

पांच दिन पहले चकरपुर निवासी राज बहादुर ने अपनी पत्नी पर जानलेवा हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया था। जबकि स्वयं ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दी थी। घायल आशा देवी का सुशीला तिवारी अस्पताल में इलाज चल रहा था जहां शनिवार को उसने दम तोड़ दिया। पांच फरवरी को चकरपुर निवासी राज बहादुर घर का दरवाजा बंद कर अपनी पत्नी आशा देवी को फंटी से वार कर घायल कर दिया था जबकि खुद जहरीला पदार्थ खा लिया था। पुलिस पहुंची तो देखा कि राजबहादुर की मौत हो चुकी थी जबकि उसकी पत्नी आशा देवी मौके पर घायल अवस्था में बेहोश पड़ी थी।

राज बहादुर व उसकी पत्नी की फाइल फोटो।

दो भालुओं ने वृद्ध को किया घायल

खटीमा। जौलासाल के जंगल में भालू ने हमला कर एक वृद्ध को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे तत्काल नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

ऐचतावीही निवासी 65 वर्षीय राम प्रसाद शनिवार को जौलासाल के जंगल में गाय-भैंस चराने गया हुआ था और शाम को जानवरों को लेकर घर लौट रहा था। उसी दौरान पहले एक और फिर दो भालुओं ने उस पर हमला बोल दिया। पीछे आ रहे अन्य चरवाहों ने शोर मचाया तो भालू जंगल की और चले गए। ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस 108 मौके पर पहुंची और उसे नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां डॉ. वीपी सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया।

दुकान का ताला तोड़ दो लाख की नगदी चोरी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: हार्डवेयर की दुकान के ताले तोड़कर अंदर घुसे दो चोर गल्ले से करीब दो लाख रुपये की नगदी, चांदी की मूर्ति, चेक बुक आदि सामान निकाल ले गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूचना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही आवश्यक जानकारी जुटाई। व्यापारी ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगरपालिका के वार्ड नंबर-13 मोहल्ला राजीवनगर निवासी मनुप्रताप शर्मा पुत्र महेंद्र प्रताप शर्मा ने कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि बेरिया रोड एसडीएम कोर्ट के नजदीक उसकी दर्गा हार्डवेयर के नाम से दुकान है और दुकान के पीछे ही आवास बना हुआ है। रोजाना की भांति वह शुक्रवार को भी देर शाम दुकान बंद करके घर चला गया। इसी बीच शनिवार तड़के करीब पौने पांच बजे मुंह पर ढहाटा बांधे दो लोग पहुंचे और ताले तोड़कर अंदर घुस गए और गल्ले का लाक तोड़कर उसमें रखी करीब दो लाख रुपये की नकदी, माता की चांदी की मूर्ति, चार-पांच बैंक की पासबुकें आदि चुरा ले गए हैं। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। आनन-फानन में ही कस्बा इंचार्ज एसआई कैलाश चंद्र नगरकोटी मय फोर्स के मौके पहुंच गए और गहनता पूर्वक जांच-पड़ताल कर जानकारी जुटाई।

कोतवाली में चोरी की घटना की जानकारी देते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

बयाने की रकम मांगने पर धमकाया, केस दर्ज

काशीपुर। एक महिला ने पिता व पुत्र पर पैसे लेने के बावजूद रजिस्ट्री न करने व बयाने की रकम वापस मांगने पर धमकी देने का आ रोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

तहरीर देकर में रानी कौर पति अमृत सिंह ने बताया कि उसका ग्राम दुर्गापुर में एक प्लॉट का सौदा अमर सिंह के साथ 25 लाख में हुआ था। उसने बयाने के तौर पर पांच लाख की रकम दी थी तथा बाकी रकम रजिस्ट्री के समय देने की बात तय हुई। आरोप लगाया कि जब रजिस्ट्री का टाइम आया तो अमर सिंह उससे जमीन की कीमत 30 लाख रुपये मांगने लगे। जब अपनी पांच लाख रुपये की रकम वापस मांगी तोमर सिंह और उसका पुत्र धमकाने लगे।

अधिवेशन भारतीय मजदूर संघ के आठवेत्रैवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन में संघ के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी रहे मौजूद

मजदूरों की समस्याओं के निराकरण पर किया मंथन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: मजदूरों की समस्याओं और कंपनी प्रबंधक की मनमानी को लेकर भारतीय मजदूर संघ का आठवां त्रैवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन हुआ। जिसमें श्रमिकों से चर्चा कर सुझाव मांगे गए और प्रस्ताव भी बनाया गया।

शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर कॉलेज सभागार में हुए अधिवेशन का शुभारंभ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीता चौबे, क्षेत्रीय संगठन मंत्री भारतीय मजदूर संघ के अनुपम सिंह, केंद्रीय सहमंत्री विहिप स्नेह पाल ने दीप जलाकर किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में देश तरक्की के पथ पर अग्रसर है। बावजूद प्रशासन की लापरवाही और कंपनी प्रबंधन की तानाशाही के कारण उद्योगों के श्रमिक आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की समस्याओं को जानने व समाधान के लिए ही राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय अधिवेशन में सत्र के अनुसार बैठक का एजेंडा तैयार होगा और श्रमिकों से चर्चा का सुझाव व समाधान का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रमिक हमेशा लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को रखता है। ऐसे में प्रशासन श्रमिकों के धैर्य का परिचय नहीं लें, क्योंकि श्रमिक राष्ट्रहित व उद्योग हित की बात करता है। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में सिडकुल के अलावा कारखानों में वेतन विसंगति, कंपनी प्रबंधकों की मनमानी, प्रशासन की अनदेखी, खातों में पैसा नहीं आना जैसे मुद्दों को लेकर श्रमिक आंदोलनरत है। उन्होंने कहा कि अधिवेशन के माध्यम से श्रमिक संगठन, असंगठित क्षेत्र के कामगारों की समस्याओं को जानने के बाद प्रस्ताव तैयार किया जाएगा और केंद्र व राज्य सरकार से वार्ता की जाएगी। क्योंकि भारतीय मजदूर संघ देश का सबसे बड़ा संगठन है। श्रमिकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष ऋषिपाल सिंह, महामंत्री शेखरानंद पांडेय, रामप्रकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

अधिवेशन में मौजूद श्रमिक। ● अमृत विचार

24 स्टंटबाजों की बाइक सीज

अभियान

- थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने चलाया अभियान, छिनैती की घटनाओं में आएगी कमी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने बाइकों पर स्टंट दिखाने और बिना नंबर प्लेट की चल रही बाइकों के खिलाफ अभियान चलाते हुए दर्जनों बाइकों को सीज कर दिया और बाइक स्वामियों के दस्तावेज बरामद कर न्यायालय को कागज भेज दिया।

शनिवार की शाम को पुलिस ने इलाके के मुख्य चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाकर ऐसी बाइकों को चिह्नित किया। जिस पर बैठकर युवक बाइकर्स स्टंट करते थे या फिर बिना नंबर प्लेट की बाइकों पर धड़ल्ले से नियमों की धज्जियां उड़ा रहे थे। पुलिस की चेकिंग देख कर बाइक स्वामियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने अभियान के तहत 24 बाइकों को सीज कर दिया। थानाध्यक्ष भारत सिंह ने बताया कि घनी आबादी होने के कारण इलाके में युवक बाइकों से स्टंट दिखाकर माहौल खराब करते हैं। इसके अलावा बिना नंबर प्लेट की बाइकों से झपट्टा मार जैसी घटनाएं होती हैं। ऐसे में घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया गया। जिसके तहत ट्रांजिट कैंप व आवास विकास चौकी इलाके में पुलिस ने अभियान चलाकर 24 बाइकों को सीज कर दस्तावेज लेकर न्यायालय को भेज दिया है।

अभियान चलाकर सीज की बाइकों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

एक नजर

देव विग्रह प्राण प्रतिष्ठा पर होंगे धार्मिक अनुष्ठान

काशीपुर। ऐतिहासिक चैती मेला परिसर स्थित उज्जैनी शक्तिपीठ मां बाल सुंदरी देवी मंदिर में देव प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 11 फरवरी से 14 फरवरी तक चलने वाले धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ 11 फरवरी को कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री ने बताया कि देव विग्रह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत पूजन, जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास, मंडप पूजन समेत धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। 14 फरवरी को हवन पूजन के साथ भंडारा प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पूर्व प्रधान आनंद कुमार, शिशिर अग्रवाल, दीपक शर्मा, राजीव मेहरोत्रा मुख्य यजमान रहेंगे।

सुधार परीक्षाफल शीघ्र घोषित करने की मांग

काशीपुर। छात्रसंघ ने कुलपति से सुधार परीक्षा फल शीघ्र घोषित करने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर छात्रों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। शनिवार को छात्रसंघ पदाधिकारियों ने कुलपति को संबोधित ज्ञापन राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र कुशवाहा को सौंपा। जिसमें कहा गया कि सत्र 2023-24 में बीए, बीएससी, बीकॉम द्वितीय व तृतीय वर्ष की कुछ दिन पूर्व सुधार परीक्षा हुई थी। लेकिन काफी समय बाद भी परिणाम घोषित नहीं हुआ है। इससे छात्र-छात्राएं अगली कक्षा में प्रवेश लेने से वंचित है। छात्रसंघ पदाधिकारियों ने छात्र हित को ध्यान में रखते हुए सुधार परीक्षाफल शीघ्र घोषित करने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन देने वालों में छात्रसंघ सचिव आकाश कुमार, छात्रा उपाध्यक्ष डौली, अंचित शर्मा, आदित्य गौतम, नूर मोहम्मद, विवेक शर्मा आदि मौजूद रहे।

साप्ताहिक बाजार में गए युवक की बाइक चोरी

बाजपुर। बाजार में सब्जी लेने आए युवक की बाइक चोर चुरा ले गए पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव महेशपुरा दौराहा निवासी सुनील कुमार अपनी मोटर साइकिल यूके18 सी 2371 से सप्ताहिक बाजार कनौरा से सब्जी खरीदने गया था और अपनी बाइक को सड़क किनारे लॉक कर सब्जी खरीदने चला गया। लौटकर आया तो बाइक वहां से गायब थी। आसपास काफी खोजबीन करने की परंतु बाइक नहीं मिली। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर सीसीटीवी आदि की मदद से चोर की तलाश शुरू कर दी है।

बाइक- स्कूटी की टक्कर में तीन लोग घायल

खटीमा। सितारगंज रोड पर बानूसी के पास स्थित पेट्रोल पंप से तेल भरवाकर निकल रही श्रीपुर बिछुआ निवासी खुशबू की स्कूटी की एक बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें खुशबू के साथ ही बाइक सवार करन चंद और निखिल चंद्र निवासी नानकमत्ता भी घायल हो गए। घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पॉक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग

काशीपुर। पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के तीन माह बाद भी आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता के पिता ने एसएसपी व सीओ को पत्र लिख कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 11 वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने की घटना में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। लेकिन आरोपी पर अभी तक पुलिस द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाही नहीं की है और आरोपी खुलेआम घूम रहा है और जान से मारने की धमकी दे रहा है।

जनता की समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण करें अधिकारी: मुख्यमंत्री

लोहियाहेड के कैंप कार्यालय पर मुख्यमंत्री धामी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

निर्देश

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोहियाहेड स्थित कैम्प कार्यालय में जनता से मुलाकात की तथा उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्याओं के निस्तारण हेतु सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवम संतुष्टि के आधार पर हल करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार आमजन की परेशानियों को दूर कराने के प्रति गंभीर है और आमजन की समस्याओं का निराकरण करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को आमजन से जुड़ी समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के सख्त निर्देश दिये गये हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि गांवों की समस्याओं का निदान ग्राम स्तर पर ही हो जाए, इसकी व्यवस्था की जा रही है और रात्रि चौपाल का आयोजन इसी दिशा में किया जाने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का समाधान तेजी से हो इसके लिए जिलाधिकारियों को नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं जनपदों के भ्रमण के दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लगातार फीडबैक ले रहे हैं। जिलाधिकारियों को जनपदों में जनता दरबार, तहसील दिवस आदि की नियमित बैठकें करने के भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की जनता के हित में काम कर रही है और जनहित में जटिल से जटिल मुद्दों को भी सुलझाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समस्याओं के त्वरित गति से निदान हो इसके लिए सचिवालय के उच्चाधिकारियों को भी जनपदों के भ्रमण हेतु रोस्टर जारी किया गया है। जिसके अनुपालन में सचिवालय के अधिकारी भी जनपदों में पहुंचकर ग्रामीण स्तर पर कैंपों का आयोजन कर रहे हैं और जनपद में चल रहे कार्यों की भी गहनता से समीक्षा कर रहे हैं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, सीडीओ विशाल मिश्रा, डीएफओ संदीप कुमार, पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के, अपर जिलाधिकारी वित्त एवम राजस्व अशोक कुमार जोशी, एसडीएम रविंद्र बिष्ट, तुषार सैनी, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, ऊषा चौधरी, दान सिंह राणा, संतोष अग्रवाल, गंभीर सिंह धामी, रमेश चंद्र जोशी, सतीश गोयल, मोहन सिंह चुफाल, राम सिंह जेठी आदि उपस्थित थी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को स्मृति चिन्ह देते पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत।

पूर्व मंडी अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को दिया स्मृति चिन्ह

खटीमा। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा लागू की गई समान नागरिक संहिता और राज्य आंदोलन कार्यों को 10% क्षैतिज आरक्षण दिए जाने पर कृषि उत्पादन मंडी के पूर्व अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

समधी व उसके पुत्रों पर लगाया मारपीट का आरोप

काशीपुर। घर में क्लेश के चलते पुत्र व पुत्रवधू को अलग करने पर वधू के पिता व भाइयों समेत चार लोगों ने ससुर पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी।

कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में कुंडेश्वरी निवासी हरपाल सिंह ने कहा कि उसने अपने पुत्र सचिन कुमार का विवाह वर्ष 2017 में निशा निवासी सिकमपुर थाना टांडा, रामपुर से किया था। विवाह के बाद निशा द्वारा घर में क्लेश के चलते शादी के कुछ माह बाद से ही अलग कर दिया तथा पुत्रवधु निशा व उसके परिवार वालों से कोई संबंध नहीं रखा। आरोप लगाया कि 6 दिसंबर 2023 की सायं वह अपनी बाइक से आलू फार्म जा रहा था। जब ग्राम कुंडेश्वरा पहुंचा तो, वहां राजाराम व उसके पुत्र पिंटू व रिंकू व पिंटू भगत ने अपनी-अपनी बाइक उसकी बाइक के सामने लगा दी, चोरों ने नशे में धुत होकर गाली-गलौच कर मारपीट की। वहां पर कुछ लोगों के आने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए उसकी बाइक लेकर भाग गये। पुलिस को सूचना देने पर कार्यवाही न होने उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने उक्त चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बाजपुर के बरहैनी इंटर कालेज में शोक सभा करते शिक्षक व छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यक्रम अधिकारी वरुण टम्टा के निधन पर शोक

बाजपुर। राजकीय इंटर कॉलेज बरहैनी में एएन के इंटर कॉलेज गुलरभोज के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी वरुण टम्टा के आकस्मिक निधन होने पर एक शोक सभा कर दो मिनट का मौन रखा गया और दिवंगत आत्मा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर स्व वरुण टम्टा को श्रद्धांजलि देते राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने कहा कि स्व वरुण टम्टा प्रवक्ता जीव विज्ञान एक श्रेष्ठ शिक्षक के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतिभावान कार्यक्रम अधिकारी थे, उनके जाने से शिक्षक समाज को एक बहुत बड़ी क्षति हुई है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है इस अवसर पर प्रधानाचार्य महेश कुमार, बरहेनी इकाई के कार्यक्रम अधिकारी लीलाधर पलड़िया, चंद्र प्रकाश गौतम, कमल किशोर मौर्य, आशुतोष जोशी, सुनील सक्सेना, धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा, रजनी शर्मा, लीलाधर पलड़िया, अनिल कुमार मनोहरी, सुरेश भट्ट, पवन कुमार, सुनील कुमार, उमेश, रामलाल, हरप्रसाद, कमल जोशी आदि स्वयंसेवक आदि थे।

ट्रांजिट कैंप पुलिस ने दबोचा मोबाइल चोरी का आरोपी

रुद्रपुर। थाना ट्रांजिट कैंप के आवास विकास इलाके से एक ही घर से हुए तीन चोरी के मोबाइल के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी भारत सिंह ने बताया कि सात फरवरी को आवास विकास एचआईसी निवासी सारिका सिंह ने थाने में तहरीर सौंपी थी। इसमें उन्होंने बताया कि छह फरवरी की शाम चार बजे के करीब अज्ञात चोर उसके घर में घुसा और अंदर रखे तीन महंगे मोबाइल को चुराकर फरार हो गया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली और आवास विकास चौकी प्रभारी अरविंद बहुगुणा ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर नौ फरवरी को सूचना के आधार पर बॉबी सागर निवासी आंगनबाड़ी ट्रांजिट कैंप के समीप स्थित एक खंडहरनुमा मकान से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसके कब्जे से चोरी के तीन मोबाइल बरामद किए। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

शांतिपुरी में नशे के खिलाफ क्रॉस कंट्री रेस आज

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार: शांतिपुरी नंबर दो मनसा देवी मंदिर के पास स्थित खेल मैदान में ग्रीन शांतिपुरी ग्रुप द्वारा नशे के खिलाफ आयोजित क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन आज रविवार प्रातः 7:30 बजे से शुरू होगा। जिसमें अलग-अलग एज ग्रुप के हिसाब से 5 किलोमीटर व 10 किलोमीटर प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिता के प्रतिभागियों एवं विजेताओं को आकर्षक ईनाम भी दिए जायेंगे।

शनिवार को प्रतियोगिता के आयोजक यूपीसीएल के अधीक्षण अभियंता शेखर त्रिपाठी ने सार्वजनिक खेल मैदान शांतिपुरी में कार्यकर्ताओं की बैठक ली और क्रॉस कंट्री रेस हेतु पंजीकृत प्रतिभागियों को ग्रुप की ओर से टी-शर्ट वितरित किए। त्रिपाठी ने बताया कि यह प्रतियोगिता 12 से 18 वर्ष, 19 से 30 वर्ष, 31 से 40 वर्ष, 41 से 50 वर्ष, 51 से 60 वर्ष तथा 60 से अधिक के कुल छः अलग-अलग कैटेग्रीज में पुरूष एवं महिलाओं के 5 किमी० व 10 किमी० प्रतियोगिताओं में पंजीकरण किए गये हैं। जिसमें अभी तक कुल 350 से पंजीकरण हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि हर 50 मीटर पर कार्यकर्ताओं की तैनाती एवं चिकित्सा किट की सुविधाएं की गयी हैं। इस दौरान जिला खेल समन्वयक लक्ष्मण सिंह टाकुली, पीटीआई चिदंबर जोशी, मंजू पाठक, नेहा ठाकुर कोरंगा, कविता तिवारी, नारायण सिंह बिष्ट, अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, नवीन टाकुली रहे।

लाभार्थियों को सौंपे 10-10 हजार के चेक

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: गरीब एवं निर्धन परिवारों की कन्याओं के विवाह एवं आर्थिक सहायता के एक लाख रुपए की धनराशि के 10 पात्र लोगों को चेक वितरित किए गए। नगर के आवास विकास स्थित विधायक तिलक राज बेहड़ के कार्यालय में 10 पात्र लोगों को 10 -10 हजार रुपए की धनराशि के चैक सौंपे गए।

विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने किच्छा विधानसभा अंतर्गत पात्र परिवारों को पुत्री विवाह एवं आर्थिक सहायता के चैक सौंपते हुए भविष्य में भी हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि बेहड़ ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निवास कर रहे गरीब- निर्धन परिवारों द्वारा आर्थिक मदद एवं पुत्री विवाह के लिए आर्थिक मदद का आवेदन किया गया था। उन्होंने बताया कि विधायक बेहड़ ने इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष श्रीमति ऋतु खंडूरी से मुलाकात कर 10 आवेदन पत्र देकर पात्रों को आर्थिक मदद के लिए आग्रह किया था। उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती खंडूरी ने आवेदन पत्र पर संस्तुति करते हुए 10 परिवारों के लिए 10-10 हजार रुपए की धनराशि स्वीकृत कर चैक प्रेषित कर दिए। विधायक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम गिद्धपुरी निवासी गुलाब राय, ग्राम कुरैंया निवासी वशरुद्दीन, ग्राम पक्की खमरिया निवासी राजवती देवी, ग्राम कुरैंया निवासी मुन्ना लाल राठौर, नगर के वार्ड नंबर 18 निवासी इदरीश अहमद, वार्ड नंबर 3 सिसई बंडिया के राज किशोर, वार्ड नंबर 17 के अर्जुन कुमार, पुरानी गल्ला मंडी निवासी कुसुम देवी, वार्ड 17 निवासी जमील अहमद एवं संत कौर को दस -दस रुपए की धनराशि के चैक सौंपे गए। इस मौके पर लाभार्थियों ने विधायक तिलक राज बेहड़ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से उन्हें प्राप्त आर्थिक मदद के लिए वे सदैव आभारी रहेंगे। मौके पर नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, मेजर सिंह, नितिन शर्मा, धर्मेंद्र सिंधी, दलजीत कक्कड़, हरभजन सिंह, दानिश मलिक, कुलदीप सिंह लक्की आदि मौजूद रहे।

किच्छा में पात्रों को चेक वितरित करते विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़। ● अमृत विचार

अवैध शराब के साथ तीन दबोचे

काशीपुर। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब की तस्करी करते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान मानपुर के जंगा रोड पर एक रिसार्ट के पीछे मोड पर कच्ची शराब बेचते ग्राम भोगपुर डाम, जसपुर निवासी रोशन सिंह को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने 33 पाउच कच्ची शराब बरामद की। वहीं पुलिस ने मानपुर रोड स्थित उजाला अस्पताल के पास कच्ची शराब बेचते फम्मन सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक 11.5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की।

सार-संक्षेप

भाजपा में शामिल हुए ब्लॉक प्रमुख नामधारी का भाजपाइयों ने किया स्वागत।

भाजपा में शामिल ब्लॉक प्रमुख का किया भव्य स्वागत

खटीमा। तीन दिन पहले कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने वाले ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी का देहरादून से यहां पहुंचने पर भाजपाइयों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। ब्लॉक प्रमुख नामधारी ने कहा कि वह प्रदेश और केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचने और पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, संतोष अग्रवाल, सोमनाथ मौर्य, सुरेंद्र प्रसाद, अमरजीत सिंह, भवानी भंडारी, गंगा सिंह चौहान, जिला मंत्री अंजू देवी, अनीता ज्याला, राहुल सक्सेना, भास्कर जोशी, कैलाश पंत, हरदेव सिंह, वीरेंद्र कुमार राय, मोहन चुफाल, हरीश भट्ट, राहुल अरोरा, गुरदयाल सिंह, रणजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, विकास विश्वास, प्रेम गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, तारिक मलिक, अकरम खान, नवीन बोरा, धीरेंद्र कुमार, गोकुल ओली, नीरज रस्तोगी, ममता राणा, सुनीता राणा, नीलू गुप्ता आदि थे।

निशुल्क शिविर में एक बच्चे के दांतों का चेकअप करते चिकित्सक।

दिव्यांग बच्चों व माता पिता का किया दांतों का चेकअप

काशीपुर। इंडियन डेंटल एसोसिएशन द्वारा दिव्यांग बच्चों व उनके माता पिता का नि:शुल्क दांतों को चेकअप किया। साथ ही दवाइयों का वितरण भी किया गया। डेंटल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. संजय चक्रवर्ती ने बताया कि आज हमारी एसोसिएशन को 10 वर्ष पूर्ण हो गए हैं, इस उपलक्ष में एसोसिएशन की ओर से दिव्यांग बच्चों के बीच केक काटकर सेलिब्रेशन मनाया गया। आज लगभग 50 दिव्यांग बच्चे और उनके माता-पिता का नि:शुल्क दांतों का चेकअप किया गया। इस अवसर पर सतीश कुमार चौहान नोडल अधिकारी जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र उधम सिंह नगर द्वारा दिव्यांग बच्चों और उनको माता-पिता को मतदान करने के लिए भी जागरूक किया। उन्होंने 18 वर्ष के या इससे ऊपर के दिव्यांग लोगों को बीएलओ से संपर्क करके वोट बनवाने को कहा। इस मौके पर अनमोल फाउंडेशन की मिनाक्षी चौहान, ब्राह्मण सभा समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद्र शर्मा, इंडियन डेंटल एसोसिएशन के सचिव डॉ. संकल्प सिंह बिष्ट, संयुक्त सचिव डॉ. निकेत मल्होत्रा, मीडिया प्रभारी अमनदीप सोढ़ी, डॉ. मान्या अग्रवाल डॉ. जैन और आकांक्षा, जसप्रीत, मेघा, काव्या, कंचन, हिना, भारती, शिवांगी, प्रियांशु आदि मौजूद रहे।

अखंड ज्योत यात्रा का स्वागत करते ओमेक्स कालोनी के लोग। ● अमृत विचार

रुद्रपुर में पावन अखंड ज्योत यात्रा का स्वागत किया

रुद्रपुर। पावन अखंड ज्योत यात्रा झुन्झुनू राजस्थान धाम से रुद्रपुर पहुंची। यहां श्री राणी सती मंदिर के सदस्यों ने रामपुर रोड स्थित एक होटल के पास ओमेक्स कालोनी के लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। शनिवार को कालोनी के लोगों ने बताया कि 22 फरवरी को गल्ला मंडी के श्याम मंदिर में ज्योत स्थापित होगी। इस अवसर पर नीरज अग्रवाल, आनंद, रवि अग्रवाल, कैलाश गर्ग, वीरेंद्र अग्रवाल, राजेंद्र, नरेंद्र बंसल, चंदन अग्रवाल, सुरेश मित्तल, मोहन अग्रवाल, जितेंद्र, सचिन अग्रवाल, नीरू क्षाफ, कुसुम अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, ललित झुनझुनवाला आदि मौजूद रहे।

स्वयंसेवियों ने दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

काशीपुर। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज काशीपुर में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के तहत स्वयंसेवियों ने पांचवें दिन राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुमाऊं कॉलोनी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कचनाल गाजी में घर घर जाकर सर्वे किया। जिसमें लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। साथ ही सुकन्या योजना, जनधन योजना, गैस कनेक्शन आदि के बारे में जानकारी दी। वहीं लोगों को आधार कार्ड बनवाने, 18 साल से ऊपर के बच्चों के वोटर कार्ड बनाने के लिए एप्लीकेशन की भी जानकारी दी। स्वयंसेवियों ने लोगों को मतदान के लिए भी प्रेरित किया और उनको मतदान करने की अपील की। जिससे एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण हो सके, साथ ही लोगों से उनके विचार भी पूछे। इस दौरान स्वयंसेवियों ने आसपास में सफाई अभियान भी चलाया। कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र में राजकुमार अध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सुरेंद्र सिंह नेगी अध्यक्ष एग्रीकल्चर द्वारा स्वयं सेवियों को टीमवर्क मे काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओपी सिंह, राजीव यादव, मनमोहन, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी आदेश कुमार, हर्षित कुमार मौजूद रहे।

गांव चलो अभियान | गांव चलो अभियान के तहत प्रत्येक बूथ को मजबूत करने को किया जाएगा कार्य

भाजपा के सांसद, विधायक करेंगे रात्रि प्रवास

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: गांव चलो अभियान को लेकर प्रदेश महामंत्री ने प्रेसवार्ता कर अभियान की जानकारी दी और अभियान को जनता व पार्टी के लिए महत्वपूर्ण बताया। अभियान में प्रदेश के प्रत्येक गांव में पार्टी के मंत्री, सांसद, विधायक व पदाधिकारी एक दिवसीय प्रवास करेगे और पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने के साथ सरकार की योजनाओं की जानकारी देगे। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लोहाघाट के कमलेड़ी गांव में प्रवास करेंगे।

शुक्रवार को लोनिवि गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा के प्रदेश महामंत्री व गांव चलो अभियान के संयोजक खिलेंद्र चौधरी ने बताया कि प्रदेश में 11 हजार 729 बूथ हैं। प्रत्येक बूथों को टारगेट किया गया है। जिसमें सात हजार 795 ग्राम सभाएं व 3405 बूथ शहरी क्षेत्रों में हैं।

बताया कि आज दोपहर से 11 फरवरी तक पार्टी के 12 हजार कार्यकर्ता अपने बूथों पर रहेंगे। इस दौरान वे सभी बूथों की कमेटी बनी या नहीं, पन्ना प्रमुख हैं या नहीं की जानकारी लेगे। साथ ही बूथ कमेटियों की समीक्षा, उनकी मीटिंग व व्हाट्सएप ग्रुप बनाना, बूथ के अंतर्गत आने वाले मंदिरों पर सफाई अभियान आदि चलाएंगे। बताया कि गांव में तैनात रहने वाले कार्यकर्ता के साथ पार्टी के मंत्री, सांसद, विधायक व पदाधिकारी अपने निर्धारित गांव में रात्रि विश्राम करेंगे। कहा कि यह अभियान लोकसभा चुनाव को लेकर अंतिम तैयारी वाला अभियान है।

अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट बद्रीनाथ, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट नानकमत्ता, पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत डोईवाला में रहेगे। साथ ही पार्टी के सभी मंत्री व पदाधिकारियों को अलग-अलग स्थानों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस दौरान गुरविंदर सिंह चंडोक, रजत सिद्धू, राजेश पाल, अभिषेक गोयल मौजूद रहे।

काशीपुर में गांव चलो अभियान की जानकारी देते प्रदेश महामंत्री व अन्य।

ऊर्जा विभाग ने दो लाख पचास हजार वसूले

खटीमा। ऊर्जा निगम ने दो दिवसीय कैंप आयोजित कर बकायादारों से दो लाख पचास हजार रुपए वसूले।

ऊर्जा निगम के उपखंड अधिकारी अंबिका यादव के निर्देशन में ग्राम हल्दी व ग्राम रघुलिया वनगवां में दो दिवसीय विद्युत कैंप लगा कर बिजली बिल के बड़े बकायादारों से दो लाख पचास हजार रुपए का राजस्व वसूला वही बिल जमा न करने पर 20 बड़े बकायादारों के बिजली कनेक्शन भी काटे। उपखंड अधिकारी अंबिका यादव ने बिजली उपभोक्ताओं से बकाया बिल जल्द से जल्द जमा कर विभागीय कार्रवाई में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर जेई विनोद जोशी लाइनमैन जोसेफ गिल, दीपक रावत, गुलाब सिंह, मनोज राणा, ननकू, फ्रांसिस मसीह, सुभाष राणा आदि रहे।

क्विज में राइंका महुआखेड़ा गंज प्रथम

काशीपुर में विजेता छात्र-छात्राओं के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत आयोजित हुई विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज महुआखेड़ा गंज प्रथम स्थान पर रहा।

शनिवार को (माध्यमिक स्तर) विज्ञान प्रदर्शनी, विज्ञान मेला व विज्ञान क्विज का आयोजन बीआरसी सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी आरएस नेगी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक स्तर की लगभग 21 टीमों के 70 छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में राजकीय इंटर कॉलेज जोशी मजरा प्रथम, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापपुर ने द्वितीय, राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दभौरा मुस्तकम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज महुआखेड़ा गंज प्रथम, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानपुर द्वितीय, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापपुर तृतीय स्थान पर रहे। यहां अनिल चौहान, मनोज कुमार शर्मा, राजेंद्र सिंह आदि रहे।

अल्मोड़ा में मुख्यमंत्री धामी के रोड शो में उमड़ी भीड़

सांस्कृतिक नगरी में 117 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और 85 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास भी किया

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : प्रदेश की सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भव्य रोड शो किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कुमाउनी पारंपरिक परिधान पहनकर महिलाओं ने सीएम धामी का भव्य स्वागत किया। वहीं छलिया नृतकों ने भी पौराणिक वाद्य यंत्रों के साथ रोड शो में भाग लेकर सीएम का जोरदार खैरमकदम किया।

मुख्यमंत्री धामी ने करीब 117 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और करीब 85 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। इसके अलावा सीएम ने कार्यक्रम के दौरान भतरौंजखान में स्टेडियम का निर्माण, विकासखंड लगमड़ा के सर्वोदय इंटर कालेज में 4 कक्षों का निर्माण कार्य, तिलोरा में सिंचाई पंपिंग योजना, विकासखंड हवालबाग के समीप मिनी स्टेडियम का निर्माण, सल्ट के वल्मरा-गैरखेत मोटर मार्ग का डामरीकरण एवं विकासखंड द्वाराहाट के ग्रामसभा सकुनी में शुक्रेश्वर महादेव मन्दिर का जीर्णोद्वार का कार्य कराने की घोषणा भी की।

सीएम पुष्कर धामी शनिवार को अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अल्मोड़ा के आर्मी हेलीपैड पर उतरे। जहां कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया, जिसके बाद उन्होंने नगर के पल्टन बाजार से शुरू रोड शो में भाग लिया। रोड शो पल्टन बाजार से शुरू होकर, थाना बाजार, जौहरी बाजार, गंगोला मोहल्ला, कचहरी बाजार, कारखाना बाजार, चौक बाजार , मिलन चौक होते हुए शिखर तिराहे पर खत्म हुआ। रोड शो के दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। पारंपरिक वेशभूषा में चल रहीं महिलाएं और छलिया नृतकों ने भी रोड शो में खूब समा बांधा। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री प्रत्येक बाजार में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते दिखे। लोगों से हाथ मिलाया।

रोड शो के दौरान अल्मोड़ा का मुख्य बाजार कार्यकर्ताओं की भीड़ से खचाखच भरा हुआ था। स्थानीय लोग घरों के आंगन और छतों से मुख्यमंत्री का फूल बरसाकर स्वागत कर रहे थे। रोड शो के दौरान सीएम धामी के साथ अल्मोड़ा पिथौरागढ़ के सांसद अजय टम्टा, विधायक मोहन सिंह मेहरा, प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा अल्मोड़ा के जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, रानीखेत की जिलाध्यक्ष लीला बिष्ट समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। शिखर तिराहे पर रोड शो समाप्त होने के बाद सीएम आरबीआई सेंटर हवालबाग को रवाना हो गए।

शिल्पकार गैलरी में शिलबट्टे में पीसा पहाड़ी लूण : अल्मोड़ा हवालबाग में आयोजित आजीविका महोत्सव कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने शिल्पकार गैलरी पहुंचे। यहां उन्होंने अपने हाथों से शिल बट्टे में पहाड़ी पिसी नूण पीसा। साथ ही महिलाओं द्वारा शुरू की गई इस पहल की भूरि भूरि प्रशंसा भी की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने विभागीय योजनाओं के लगे स्टॉलों का निरीक्षण किया और लोगों को योजनाओं का मिल रहे लाभ की जानकारी ली।

अल्मोड़ा में रोड शो के दौरान लोगों का अभिनंदन स्वीकार करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

हवालबाग में आयोजित कार्यक्रम में सीएम धामी को सुनने के लिए उमड़ा जनसैलाब।

जय श्री राम के लगते रहे नारे

अल्मोड़ा। मुख्यमंत्री का अल्मोड़ा में आयोजित रोड शो करीब डेढ़ घंटे चला। करीब 11.50 मिनट पर शुरू रोड नगर के विभिन्न बाजारों से होते करीब 1.15 मिनट पर शिखर तिराहे पर सम्पन्न हुआ। रोड शो के दौरान कार्यकर्ता सीएम के रथ के आगे जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की भीड़ देख सीएम धामी भी काफी गदगद दिखाई दिए।

महिला उद्यमियों से सीएम ने किया सीधा संवाद

अल्मोड़ा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रूलर बिजनेस इन्क्यूवेटर में 21 महिला उद्यमियों से सीधे संवाद किया। इस दौरान उज्जवला सहकारिता की अध्यक्ष कमला लटवाल ने सहकारिता के क्षेत्र में किये गये कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी मुख्यमंत्री को दी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 98 लाख का टर्नओवर प्राप्त किया। जिसमें से 10 लाख 15 हजार का लाभांश उन्हें प्राप्त हुआ। इस दौरान रूलर बिजनेस इन्क्यूवेटर आरबीआई से जुडी भावना शर्मा ने मुख्यमंत्री का पूरे प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने पर उन्हें बधाई दी। इस दौरान ललिता कांडपाल ने मुख्यमंत्री को अपने द्वारा किए जा रहे मशरूम उत्पादन के बारे में बताया। प्रबन्धक आरबी आई योगेश भट्ट ने बताया कि जनपद अल्मोड़ा का 5 हजार लखपति दीदी बनाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था। उसमें जनपद अल्मोड़ा ने समय से पूर्व अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। जिस पर सीएम ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

अल्मोड़ा : देश के विकास में महिलाओं का योगदान काफी महत्वपूर्ण है। महिलाओं को सशक्त कर आत्मनिर्भर बनाया जा सके। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को पूरा करने के पूरे पूरे प्रयास प्रदेश में किए जा रहे हैं। अल्मोड़ा में दीदी भुली हाथ लगाल, उत्तराखंडक हौल अमृत काल की थीम पर जो कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उसमें महिलाओं ने यह दिखा दिया है कि वह वह किसी क्षेत्र में किसी से कम नहीं हैं। हवालबाग में आरबीआई सेंटर हवालबाग में आयोजित आजीविका महोत्सव का कार्यक्रम सीएम पुष्कर धामी, सांसद अजय टम्टा समेत पार्टी के अनेक गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से किया।

सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली 15 महिलाएं सम्मानित

अल्मोड़ा। आजीविका के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली पंद्रह महिलाओं को सीएम धामी ने आजीविका महोत्सव के तहत सम्मानित किया। सीएम ने कार्यक्रम के दौरान उन्हें चेक सौंपे और कहा कि इस धनराशि से महिलाओं की आर्थिकी में वृद्धि होगी एवं रोजगार सृजन करने में भी मददगार होंगी। मुख्यमंत्री ने उद्यमशीलता को बढ़ावा देने हेतु 111 करोड़ रुपये के ऋण चेक महिलाओं को वितरित किए।

कन्या पूजन कर की कार्यक्रम की शुरूआत

अल्मोड़ा। आजाविका महोत्सव में प्रतिभाग करने पहुंचे सीएम धामी ने कार्यक्रम की शुरूआत कन्या पूजन कर की। धामी ने इस मौके पर देवी शक्ति के स्वरूप में दस कन्याओं का विधिवत पूजन किया तथा आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। कन्या पूजन के बाद ही सीएम ने अन्य कार्यक्रमों का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

अल्मोड़ा। आजीविका महोत्सव कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा अल्मोड़ा रमेश बहुगुणा, रानीखेत लीला बिष्ट, विधायक जागेश्वर मोहन सिंह मेहरा, सल्ट महेश जीना, कपकोट सुरेश गड़िया, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट, महिला आयोग उत्तराखंड की पूर्व उपाध्यक्ष ज्योति शाह मिश्रा, अनिल शाही, मनीष जोशी, सीएल टम्टा, अनिल साही, समेत अनेक पदाधिकारियों के अलावा जिलाधिकारी विनीत तोमर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे, अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया, द्वाराहाट सुनील राज समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विभु कृष्ण ने किया।

विरोध कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ता हिरासत में

नारेबाजी

- चौघानाटा में सड़क पर बैठकर नारेबाजी के दौरान हुआ हंगामा
- काफी समझाने के बाद भी नहीं मानने पर लिया हिरासत में

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अल्मोड़ा में आयोजित कार्यक्रम का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध किया। कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व ही कार्यकर्ता चौघानपाटा में सड़क पर बैठ गए और सीएम गो बैक के नारे लगाने लगे। काफी देर की नारेबाजी के बाद माहौल गरमा गया और पुलिस कर्मियों ने उन्हें काफी समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन कार्यकर्ता नहीं माने तो पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

कांग्रेस पार्टी कार्यक्रम से एक दिन पहले ही इसके विरोध की घोषणा कर चुकी थी। शनिवार को सीएम धामी का कार्यक्रम शुरू होनेसे ठीक पहले कांग्रेस के कार्यकर्ता नगर के चौघानपाटा में एकत्र हुए और कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज के नेतृत्व में सड़क पर बैठकर जोरदार नारेबाजी कर कार्यक्रम का विरोध करने लगे। काफी देर हंगामा और कार्यकर्ताओं की नारेबाजी के बीच अधिकारियों ने उन्हें समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन जब कार्यकर्ता नहीं माने और सड़क पर लेट गए।

मजबूरन पुलिस को बल प्रयोग कर कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेना पड़ा। सभी प्रदर्शन कारियों को पुलिस वाहन में बैठाकर कार्यक्रम स्थल से दूर ले जाया गया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी कार्यकर्ताओं को छोड़ दिया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, गीता मेहरा, दीपक कुमार, ललित सतवाल, दीपा साह, तारा तिवारी, राधा टम्टा, दानिश खान, अक्षत्तर हुसैन, किशन लाल, पवन मेहरा, मोहन सिंह, कार्तिक साह, अमन लटवाल, शरद शाह, अमित बिष्ट, विपुल कार्की, बाल विक्रम रावत, संजय सिंह, विनोद वैष्णव, किशन लाल, विपुल कार्की समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

एक भारत श्रेष्ठ भारत की नींव समान नागरिक संहिता कानून

अल्मोड़ा, अमृत विचार : सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता एक भारत, श्रेष्ठ भारत की नींव साबित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य ने की जनता ने भाजपा को प्रदेश की सत्ता सौंपकर लंबे समय का एक मिथक तोड़ा था। तब सरकार ने प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया था। जिसे आज पूरा कर हमनें इतिहास रचने का काम किया है। धामी ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है। यहां से निकलने वाली गंगा जिस तरह पूरे देश की प्यास बुझाती है। उसी तरह समान नागरिक संहिता पूरे देश में गंगोत्री की तरह काम करेगी। धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता महिलाओं के सशक्तिकरण में भी मील का पत्थर साबित होगी। धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने यूसीसी, धर्मांतरण, लैंड जेहाद समेत अनेक चुनौतीपूर्ण मामलों को गंभीरता से सुलझाया ही नहीं, बल्कि उन्हें प्रदेश में लागू भी कराया है।

धामी ने रात्रि चौपाल में लोगों से किया सीधा जन संवाद

संवाददाता, चम्पावत/टनकपुर

अमृत विचार : गांव चलो अभियान के अंतर्गत सीमांत क्षेत्र के ग्राम ठाटा दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का राइका किमतोली हेलीपेड में जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने पौध देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री धामी जनता के बीच नन्हे बच्चों से भी रूबरू हुए और उनसे बातचीत कर उनका हाल जाना। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से सीधा जन संवाद किया। रात्रि चौपाल के लिए पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लोगों के बीच प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं से रूबरू हुए।

धामी ने गांव में बने होमस्टे में रात्रि विश्राम कर ग्रामीणों को स्वरोजगार का संदेश दिया। ग्राम प्रधान ग्राम ठाटा मोहित पाठक ने कहा कि आज क्षेत्र में पेयजल व सड़क जैसी महत्त्वपूर्ण समस्या दूर हुई हैं। इसके अलावा महिलाओं के कल्याणार्थ अनेक योजनाएं संचालित हैं। कार्यक्रम में सांसद अजय टम्टा, दर्जा राज्य मंत्री गणेश भंडारी, अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय,विधायक लोहाघाट खुशाल सिंह अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा, पूर्व विधायक लोहाघाट पूरन फर्त्याल, ब्लाक प्रमुख विनीता फर्त्याल, नेहा ढेक, सुमनलता, सदस्य जिला पंचायत प्रीति पाठक,जिलाधिकारी नवनीत पांडे, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

ठाटा ग्राम में लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री आज फागपुर पहुंचेंगे, करेंगे रोड शो

टनकपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 11 फरवरी रविवार आज ग्राम ठाटा से कार द्वारा पूर्वाह्न 10 :30 बजे प्रस्थान कर 10 :40 बजे राजकीय इंटर कॉलेज किमतोली हेलीपैड पहुंचेंगे। तत्पश्चात 10 :45 पर हेलीपैड से प्रस्थान कर 11 बजे राजकीय इंटर कॉलेज लोहाघाट से रामलीला मैदान लोहाघाट तक रोड शो में प्रतिभाग करेंगे तथा रामलीला मैदान लोहाघाट में आयोजित संगज्यू - 2024 कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इसके बादबनबसा पहुंचेंगे तथा वहां से कार द्वारा प्रस्थान कर 2 :50 बजे बनबसा के ग्राम फागपुर में आयोजित "गांव चलो अभियान" में प्रतिभाग करेंगे। इसके पश्चात अपराह्न 3 :40 बजे क्रिकेट मैदान हेलीपैड भजनपुर बनबसा से देहरादून के लिए प्रस्थान करेंगे।

समस्याओं के निराकरण न होने पर आंदोलन करेंगे छात्र

- कुलपति को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : एसएसजे परिसर में समस्याओं के निराकरण के लिए छात्रों ने कुलपति को ज्ञापन सौंपे। प्लेसमेंट सेल, विभागों की हालत सही करने और मूलभूत सुविधाओं में सुधार की मांग पर कार्रवाई ना होने पर छात्रों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

एसएसजे परिसर के छात्रसंघ अध्यक्ष राहुल सिंह धामी के नेतृत्व में परिसर के अनेक छात्र कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट से मिले। उन्होंने कुलपति को परिसर व विश्वविद्यालय की विभिन्न समस्याओं की विस्तार से जानकारी दी । साथ ही समस्याओं से जुड़ी पांच सौ से अधिक फोटो कुलपति को सौंपे। छात्रों ने कहा कि जंतु विज्ञान, रसायन विज्ञान, दृश्यकला संकाय समेत विभिन्न विभागों व परिसर के छात्रावासों में कई समस्याएं हैं। प्लेसमेंट सेल नहीं होने से छात्रों को डिग्री के बाद नौकरी के लिए भटकना पड़ता है। छात्रों ने परिसर में कक्षाओं की हालत सुधारने, सड़कों के सुधारीकरण, विभागों के लिए अलग भवन बनाने, विभागों में रंग रोगन का कार्य करने, विवि में एल्यूमिनाई सेल व पोर्टल बनाने, प्लेसमेंट सेल आदि की मांग पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। कार्रवाई ना होने पर छात्रों ने उग्र आंदोलन शुरू करने का भी ऐलान किया। ज्ञापन देते समय आशीष जोशी, प्रियांशी बिष्ट, राजकमल जोशी, जयप्रकाश पांडे आदि मौजूद रहे।

शनिवार को भी हल्द्वानी को नहीं चले वाहन

अल्मोड़ा। हल्द्वानी के वनभूलपुरा में हुए बबाल के बाद शहर में लागू कर्फ्यू के कारण शनिवार को भी अल्मोड़ा से हल्द्वानी को केमू बसों और टैक्सियों का संचालन बंद रहा। जिस कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई यात्री रोडवेज बसों की मदद से जैसे तैसे बड़े महानगरों की ओर रवाना हुए तो कई यात्रियों को स्टेशन बैरंग वापस लौटना पड़ा। पिछले दो दिनों से हल्द्वानी में फैली अराजकता के कारण वहां लागू कर्फ्यू के कारण आसपास के जिलों से हल्द्वानी को वाहनों का संचालन बंद हो गया है। जिस कारण हजारों वाहनों के चक्के जाम हो गए हैं।

वर्ग पहेली-339

बाएं से दाएं

1.1. गुण, योग्यता, प्रकृति 2. असर, प्रभाव।
4. जो कृपण अथवा कंजूस न हो, ख़र्च करने वाला, उदार, दानशील।
5. तदर्थ, किसी विशेष कार्य के लिए की गई सामयिक व्यवस्था।
8.1. बातचीत, वार्तालाप, कथोपकथन 2. ख़बर, समाचार 3. भेजा हुआ या प्राप्त विवरण या वृतांत 4. चर्चा 5. सहमति, स्वीकृति 6. व्यवहार, मुकदमा।

ऊपर से नीचे

1.1. सूर्यपुत्री, सूर्य की कन्या, तासी 2. ताप्ति नामक नदी।
2.1. जंभाई लेना 2. खिलना, फैलना।
3. जो कृषि से संबंध न रखता हो, कृषीतर (नॉन-ऐग्रिकल्चरल)।
6.1. ऐसी बात जो किसी को डराने के लिए कही जाए 2. पक्षियों आदि को डराकर फलदार वृक्षों
7.1. वह नीची ज़मीन या छोटा गड्ढा जिसमें बरसाती पानी ठहरता हो, झांवर 2. मैला या गंदा पानी 3. चिलमची नामक पात्र जिसमें हाथ-मुंह धोने का पानी रहता है।



वर्ग पहेली - 338 का हल

1 भा	षा	स	2 म	■	3 तु	
■	■	■	धु	■	ला	
■	■	■	मा	■	ई	
■	4 कु	5 शा	स	न	■	
■	■	सि	■	■	6 ज़े	
7 गुं	जि	त	■	■	ह	
■	■	■	8 झा	ड़	न	

सुडोकू -56

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	5	6		1		8		7
			7				3	
	3					5		2
		7		9	4			
1								5
			8	2		4		
9		5			6		8	
	4				3			
8		3				2	1	

सुडोकू - 55 का हल

6	1	7	3	2	4	9	8	5
2	9	8	5	6	1	3	4	7
5	3	4	9	8	7	1	2	6
9	8	5	4	1	3	6	7	2
1	7	2	8	9	6	4	5	3
4	6	3	7	5	2	8	9	1
3	2	9	1	4	5	7	6	8
8	5	1	6	7	9	2	3	4
7	4	6	2	3	8	5	1	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 21.09 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 17.39 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

मेष — आज अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी। प्रेमी आपकी काफी देखभाल करेगा। स्वास्थ्य पहले से बहुत ही अच्छा रहेगा। समान विचारधारा वाले लोगों के बीच काफी उत्तम समय व्यतीत करेंगे।

वृष — आज घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। घर में टेलीविज़न और फोन पर व्यस्त रहेंगे। दूसरों की मदद करने से आपको सुकून मिलेगा। किन्तु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रखें।

मिथुन — आज आपकी वाणी में सौम्यता, आपको परिवार में विशेष सम्मान की हकदार बनायेगी। ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। दाम्पत्य जीवन में परस्पर प्रेम और विश्वास की भावना में वृद्धि होगी।

कर्क — आज यह समय आपके पक्ष का नहीं है। इसीलिए आपको कोई बड़ा और विशेष कार्य शुरू नहीं करना चाहिए। व्यापार में नुकसान की आशंका से परेशान रहेंगे। छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। नाक, कान और गले संबंधित दिक्कत हो सकती है।

सिंह — आज परिवार में हर्ष का माहौल रहेगा। विवाहेत्तर संबंधों को लेकर सचेत रहें। व्यापार में कुछ प्रयोग कर सकते हैं। अपनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा। पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी। उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे।

कन्या — आज आपके बौद्धिक गुणों की प्रशंसा होगी। गुप्त शत्रु आपके खिलाफ भावनाएं भड़का सकते हैं। व्यवसाय में आपको क्लाइंट्स के माध्यम से बड़ा लाभ मिल सकता है। मस्तिष्क में अनावश्यक विचार आपको परेशान करेंगे। जल्दबाजी में कोई भी काम न करें।

तुला — आपको आज किसी को वचन नहीं देना चाहिए। संपत्ति के विक्रय की योजना बनायेंगे। प्रेम विवाह को लेकर सहमति बन सकती है। आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है।

वृश्चिक — आज घर के कार्यों में काफी व्यस्त रहेंगे। लवमेट्स का दिन कुछ खट्टा-मीठा सा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा बदलाव करना पड़ सकता है। बच्चों के व्यवहार में नियंत्रण रखें। किसी धार्मिक संस्था में दान दक्षिणा करेंगे।

धनु — आज सभी कार्य शान्तिपूर्ण तरीके से होंगे। कहीं दूर की यात्रा का विचार बनायेंगे। टूटे रिश्तों को आज जोड़ सकते हैं। मनोरञ्जन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और सामन्जस्य बनाकर रखें।

मकर — आज जॉब में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आज आप काफी खुश रहेंगे। नए सम्पर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें।

कुंभ — आज प्रमोशन में आ रही बाधा दूर होगी। घर में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशंसा करेंगे। मीडिया और ऑनलाइन कार्यों से जुड़े लोगों का दिन शुभ रहेगा। आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी।

मीन — आज जॉब और व्यापार में आपको एक से अधिक मौके मिल सकते हैं। त्वरित निर्णय आज आपको नहीं लेने चाहिये। कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। जोखिम भरे निवेश करने से पहले पूरी जानकारी ले लें। माता के साथ सम्वादहीनता की स्थिति पनप सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- कूली — सुबह : 09.00
- सिंह इज ब्लिंग — रात : 09.00

SONY SMAX
- पीकू — सुबह : 08.00
- गुमराह — रात : 07.00

Utsav Gold
- बजरंगी भाईजान — सुबह : 09.15
- सीता रामम — शाम : 06.45

ZEE CINEMA
- पड़ोसन — सुबह : 09.40
- रेड — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- हम्टी शर्मा की दुल्हनियां — सुबह : 10.23
- गोविंदा मेरा नाम — शाम : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

संता- यार बंता आज सुबह-सुबह एक बिल्ली ने मेरा रास्ता काट दिया...

बंता- अच्छा फिर क्या हुआ?

संता - फिर क्या आगे जाकर उस बिल्ली का एक्सीडेंट हो गया, हमसे पंगा जो ले लिया था।

मास्टर जी- मुहावरे का अर्थ बताओ 'सांप की दुम पर पैर रखना'

स्टूडेंट- पत्नी को मायके जाने से रोकना।

टीचर समझ नहीं पा रहे हैं कि इतनी गहरी जानकारी इसे कैसे हुई।

प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय

ऋतुराज वसंत आ गए। सुस्वागतम! आओ वसंत । लहको, महको, महकाओ। दिग्दिगंत। भारतीय सौन्दर्यबोध के ऋतुराज को नमस्कार है। प्रकृति आपकी प्रियतमा है। वह अधीर प्रतीक्षा में थी। प्रकृति ने अपने अरूण तरूण अंग खोले। रूप रूप प्रतिरूप और बहुरूप सौन्दर्य चरम परम होते गए। अपना सारा रूप रस गंध उड़ेल दिया उसने। कलियां चटकीं, फूल खिले। वायु गंध आपूरित हैं। अनेक छन्दों में स्तुतियां है। ऋग्वेद का प्रख्यात छन्द गायत्री और साम का 'वृहत्साम'। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को इन्हीं दोनो छन्दों में अपनी व्याप्ति बताई थी और अंत में कहा था-ऋतुओं में मैं वसंत हूं। प्रकृति वसंत की अगवानी में पुलकित है। अपनी वीणा के तार छेड़ चुकी है। प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय है। सोम ओम की प्राकृतिक मस्ती है। रस रस प्रीति। रस घनत्व से धरती अंतरिक्ष आच्छादित हैं। लेकिन भारत के कुछ लोग विदेशी वेलेन्टाइनी शीर्षासन में हैं। वे ऋतुराज और प्रकृति का प्रेम रस छोड़कर विदेशी वेलेन्टाइनी मुद्रा में हैं। श्लील अश्लील हो रहा है। वसंत उनके लिए बस-अंत है।

वसंत बौद्धिक समस्या भी है। प्रश्न है कि विश्व मानवता से वसंत का प्रथम परिचय कब हुआ? प्रकृति के हरेक जीव को मदमस्त करने वाले ऋतुराज कब पहचाने गए? ऋग्वेद विश्व का प्राचीनतम अभिलेख है। यहां सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को पुरूष रूप में कल्पित किया गया है झारों सिर और हजारों पैरों वाला यह पुरूष मजेदार है। यह पुरूष समय का अतिक्रमण करता है। ऋषि के अनुसार जो हो चुका है और जो होगा वह सब पुरूष ही है। इसके एक भाग में यह विश्व है शेष तीन भाग अनंत दिव्यलोक हैं। यह ब्रह्माण्ड से भी विराट है।" सृष्टि सृजन एक पवित्र यज्ञ है। इसी सूक्त में कहते हैं "सृजन यज्ञ में यही पुरूष हवि (अग्नि में अर्पित सामग्री) बना और वसंत बना घृत-वसन्तो अस्यासी दाज्यं।" वसंत ऋग्वेद में है। इतना तय है कि वसंत ऋग्वेद के पुरूष सूक्त से प्राचीन है। पुरूष गहन दार्शनिक अनुभूति है। भारत की वसंत अनुभूति अतिपुरातन है। इसका मुख्य कारण है-प्रकृति के प्रति हमारे पूर्वजों की गहन प्रीति। इस प्रीति का कारण रूपों को ध्यान से देखने की द्रष्टा प्रवृत्ति है। द्रष्टाभाव से उगे सौन्दर्य बोध का

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

वसंत हमारी सांस्कृतिक अनुभूति भी है। आस्था नही, देखी जांची, परखी प्रत्यक्ष सांस्कृतिक संपदा। प्रकृति छन्दबद्ध है। अराजक नहीं। प्रकृति नियम आबद्ध है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति की नियमबद्धता और छन्दस्। गति को 'ऋत' कहा है।

चरम परम वसंत है।

प्रकृति के रूप रम्य हैं। भारतीय द्रष्टा भाव और भी रम्य है। ऋग्वेद के ऋषि को वसंत सृजन यज्ञ कार्य में घी जैसा जान पड़ता है। वसंत भावोत्तेजक है। घी वैदिक ऋषियों का प्रिय रस है। रस का संबंध स्वाद से है। जिह्वा रस लेती है इसीलिए वह रसना है। ऋषियों के भावबोध में अग्नि घृत प्रिय हैं। अग्नि की अन्य अनेक विशेषताएं भी हैं। सबसे मजेदार बात है कि वे कवि भी हैं और उनकी जीभ मधुमती है। ऋषि स्वयं कवि हैं स्वाभाविक ही उनके प्रिय देवता भी कवि हैं। प्रकृति को देखने के लिए गीता वाले दिव्य चक्षु की जरूरत नहीं पड़ती। कृष्ण ने अर्जुन को विराट रूप दिखाने के पहले दिव्य चक्षु दिए थे।

प्रकृति और हम अंगांगी हैं। हम प्रकृति में हैं, प्रकृति के हैं और प्रकृति हम में हैं। हम सब मधुप्रिय हैं। ऋषि भी मधुप्रिय हैं। वे प्रकृति के सभी रूपों को मधुमय देखने के अभिलाषी हैं। बार-बार गुनगुनाने लायक एक मंत्र (ऋ0 1.90) में कहते हैं "हवाएं मधु आपूरित हों। प्रकृति चक्र मधुमय हो। नदियों के जल मधुमय हों। औषधियां, वनस्पतियां मधुर हों। पृथ्वी की धूलि और सूर्य की किरणें भी मधुर हों।" वसंत मधु अनुभूति का दर्शन दिग्दर्शन है। ऋग्वेद और उसके पहले से ही यह अनुभूति लोकजीवन को रस आपूरित करती आई हैं। रस का यह स्रोत कभी रीता नहीं हुआ। तैत्तिरीय ब्राह्मण में वसंत आगमन पर देवता भी आनंदमगन बताए गये हैं।

माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी वसंत स्वागत की मुहूर्त है। यही वाग्देवी सरस्वती के उदय होने की वेला है। भारतीय प्रज्ञा की आराध्य हैं सरस्वती। वे हंसवाहिनी हैं। वीणावादिनी हैं। ऋग्वेद व अथर्ववेद में वे एक नदी हैं। ऋग्वेद के ऋषियों की नदीतमा। उन्हीं की गोद में और उनका जल रस पीते भारतीय दर्शन ने अपनी काया और कान्ति पाई। इन्हीं के तट पर गायत्री जैसे अनेक मंत्र उगे। वैदिक ऋषियों ने सरस्वती को मां जाना। यहीं यज्ञ चले, यज्ञ अग्नि से साक्षात्कार हुए ऋषियों के। सरस्वती पुत्रों को 'भरतजन' नाम मिला सरस्वती तट पर। यहीं इसी तट पर अग्निधर्मा सत्य अभीप्सा 'भारत' कहलाई-तस्माद् अर्ग्निभारत। फिर यही सरस्वती नदी रूप में विलुप्त हो गयीं। वैलेन्टाइनी सरस्वती को कल्पना मानते थे। अब सरस्वती का अस्तित्व सिद्ध हो चुका है। सरस्वती ने भारत के मन को नीर-क्षीर विवेकी बनाया। वाग्देवी सरस्वती विवेक की अधिष्ठात्री बनी। वसंत की मस्ती में विवेक का अनुशासन जरूरी है। सोम मस्ती है और ओम् जागरण। परंपरा में दोनो हैं। वसंत के साथ सरस्वती का भी उगना सकारण है। वसंत अप्रतिम सौन्दर्यबोध है तो सरस्वती अप्रतिम आत्मबोध। जगत् में रस आपूरण है। इस रस का अजर अमर और अक्षय रस स्रोत महारस है। तैत्तिरीय के ऋषि ने उसे 'रसो वे सः' गाया है।

वसंत वैदिक मंत्रों में है। परवर्ती साहित्य में है। कालिदास के सृजन में प्रकृति की यह तरूणाई मोहक है। हिरणी हिरण की पीठ सींग से खुजलाती है। वसंत विह्वल नायिका इरावती नायक अग्निमित्र को पुष्प गुच्छ भेजती है। तुलसीदास संत थे। वसंत ने उन्हें भी नहीं छोड़ा। तुलसी की अनुभूति में वसंत प्रभाव मुर्दो को भी हिला देता है-"जागे मनोभव मुएंहु मन वन सुभगता न परे कही।" श्रीराम मंगल भवन हैं, अमंगलहारी हैं। मर्यादा पुरूषोत्तम भी हैं। लेकिन कविता में वे भी वसंत खेलते हैं- खेलत वसंत राजाधिराज। सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला हमारे गांव के पड़ोस के। उनकी वसंत अनुभूति का क्या कहना? गाया है "वर्ण गंध धर मधुमरन्द भर तरू-उर की अरूणिमा तरूणतर।" कालिदास, जैसी वसंत अनुभूति को आज हम सोच भी नहीं सकते। निराला के पड़ोसी होकर भी हम लोग वसंत रस का स्वाद नहीं पाते। क्या करें? सोशल नेटवर्किंग में वसंत गंध की कोई जगह नहीं। चैटिंग का बतरस है। बात का बतंगड़ है। अब "सखि वसंत आया" जैसी शब्द धुन की फिक्र किसको है।

वसंत हमारी सांस्कृतिक अनुभूति भी है। आस्था नही, देखी जांची, परखी प्रत्यक्ष सांस्कृतिक संपदा। प्रकृति छन्दबद्ध है। अराजक नहीं। प्रकृति नियम आबद्ध है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति की नियमबद्धता और छन्दस्। गति को 'ऋत' कहा है। ऋत अन्तस् प्रवाह है और ऋतु इसी छन्दबद्ध प्रवाह का चेहरा। गतिशील जगत् में ऋत के कारण परिवर्तन आते हैं। भारत में मोटे तौर पर 6 ऋतुएं हैं। लेकिन मस्त वसंत ऋतुराज हैं। वसंत स्वयं मस्त है, मस्ती देते भी हैं। वे ऐसे वैसे मनमोहन नहीं हैं। वे जैसे मनमोहन हैं, प्रकृति के हरेक अंग को वैसी ही मनमोहन तरंग से भर देते हैं। वे सृष्टि के सभी घटकों को नृत्य तरंग और उमंग देते हैं। वसंत भारतीय लोकजीवन का उल्लास हैं। शुद्ध भौतिक लेकिन रस आपूरण में परिपूर्ण आध्यात्मिक भी। वसंत सनातन हैं, पुरातन हैं और हर बरस नित नए भी हैं। प्रज्ञा और मस्ती के परम्परा प्रवाह को गति देते हैं। शुभकामना है कि यह वसंत आप सबको नवउमंग और नवतरंग के उल्लास से भरे।

रत्नों की बारिश

यहां हम हीरा मोती पन्ना आदि रत्नों की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि उन भारतरत्न सम्मानों की कर रहे हैं, जिनकी सद्यः बरसाती झड़ी लग गई है। नरेंद्र मोदी के द्वारा 2014 में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद उनकी सरकार द्वारा अब तक 10 विभूतियों को यह प्रदान किया गया या जाएगा। इसमें कालखंडों के अनुसार वितरण बहुत असामान्य है। पांच सम्मान साढ़े नौ साल में, शेष पांच एकदम से पंद्रह दिन के अंदर, और वह भी 26 जनवरी को होने वाली सामान्य घोषणाओं में शामिल न किए जाकर, बाद में रुक-रुक कर, कुछ सोच-सोच कर। वैसे गृह विभाग के नियमों के अंतर्गत एक वर्ष में तीन ही ऐसे सम्मान दिए जा सकते हैं। लगता है इनका संबंध आसन्न लोकसभा चुनावों की गणित से है और भाजपा को 'रामास्त्र' पर पूरा भरोसा नहीं है, गर्वोक्ति चाहे जितनी करें। यहां हम अभी घोषित चौधरी चरणसिंह के नाम की विवेचना कर रहे हैं, जिसका सीधा संबंध उत्तर प्रदेश से है। चरणसिंह की धूमिल विरासत उनके पौत्र जयंत चौधरी ढो रहे हैं और उनके पितामह को यह सम्मान देकर पश्चिम उत्तर प्रदेश की जाट बेल्ट में वोटों की तलाश माना जा रहा है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

मोरारजी देसाई की जनता पार्टी सरकार के साथ इन्होंने ऐसा ही किया था। तब इस काम के लिए अपने दाहिने हाथ राजनारायण को आगे किया था, फिर धीरे-धीरे अपने समर्थक सांसद हटाकर स्वयं बाहर हुए और सरकार गिराई। उन्हें इंदिरा गांधी ने समर्थन का झांसा दिया और ये सरकार बनाकर प्रधानमंत्री बन बैठे।

विगत में कथित किसान आंदोलन में राकेश टिकैत द्वारा सड़कें घेरने से सरकार को घुटने टेकने पड़े थे और तीनों कृषि कानून वापस लेने पड़े थे, भाजपा का इस पट्टी में असर क्षीण हुआ और इधर रालोद मुखिया जयंत चौधरी भी 'अखिलेश से ताल मेल कर रहे थे। ऐसे में इस पट्टी को साधने के लिए जयंत को लोकसभा टिकट, उनकी पत्नी को राज्यसभा प्रवेश और उनके बाबा को भारत रत्न देकर अखिलेश के पाले से खींचा गया है। दांव कितना कारगर होगा, यह समय बताएगा। वैसे चौधरी चरणसिंह दल बदल प्रथा के जनक माने गए हैं और उन्हें लोग 'चेयरसिंह' कहने लगे थे। उत्तर प्रदेश में उन्होंने अपनी ही चन्द्रभानु गुप्त सरकार गिराई थी, जब उनके चहेते दो व्यक्ति उदित नारायण शर्मा और जयराम वर्मा को गुप्त जी ने मंत्री नहीं बनाया था। चौधरी साहब ने चलते सदन में 17 विधायक लेकर फ्लोर क्रास की थी। यही नहीं केंद्र में भी अपनी मोरारजी देसाई की जनता पार्टी सरकार के साथ इन्होंने ऐसा ही किया था। तब इस काम के लिए अपने दाहिने हाथ राजनारायण को आगे किया था, फिर धीरे-धीरे अपने समर्थक सांसद हटाकर स्वयं बाहर हुए और सरकार गिराई। उन्हें इंदिरा गांधी ने समर्थन का झांसा दिया और ये सरकार बनाकर प्रधानमंत्री बन बैठे।

इंदिरा ने तुरंत समर्थन वापस ले लिया और ये लोकसभा फेस नहीं कर पाए और इस्तीफा देना पड़ा। यानी देश के इतिहास में एक ऐसा प्रधानमंत्री भी हुआ, जिसका सदन में एक क्षण को भी बहुमत नहीं रहा। हालांकि उन्होंने कहा था, 'मेरी तमन्ना पूरी हुई और हर व्यक्ति को इस पद की चाहत रखनी चाहिए'। भाजपा के पुरखे अटलविहारी बाजपेयी और कांग्रेस से हटे बाबू जगजीवनराम ने तब चुटकी लेते हुए कहा था, "बुजुर्ग की तमन्ना पूरी हुई"।

मनुष्य का धर्म, मनुष्यता यानी नैतिकता



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

धर्म के पालन से ही धर्म की रक्षा होती है। तभी उससे मिलने वाली सुरक्षा भी मिल सकती है। "धर्म की रक्षा" के लिए तलवार-बंदूक नहीं उठानी पड़ती।

धर्मो रक्षति रक्षितः धर्म की रक्षा करो तो धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा? वाह, क्या बात है! माने धर्म लेन-देन की चीज़ है, कोई कॉन्ट्रैक्ट है-एक हाथ दो, दूसरे हाथ लो। इस श्लोकांश ने बहुत भ्रम फैलाया है। पूरा श्लोक है-धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः।

तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्म हतोऽवधीत्॥ (मनुस्मृति 8:15) (धर्म नष्ट होने पर (पालन न किए जाने पर) नष्ट करता है और रक्षित होने पर रक्षा करता है। इसलिए धर्म को नष्ट नहीं करना चाहिए (उसका उल्लंघन नहीं करना चाहिए) ताकि नष्ट हुआ धर्म हमें नष्ट न कर दे।) तो धर्म की "रक्षा" का एकमात्र अर्थ है धर्म का पालन। धर्म के पालन से ही धर्म की रक्षा होती है। तभी उससे मिलने वाली सुरक्षा भी मिल सकती है। "धर्म की रक्षा" के लिए तलवार-बंदूक नहीं उठानी पड़ती। और 'धर्म' का पालन कैसे होता है? पूजा-पाठ करके, ईश्वर-नाम का जप करके, यज्ञ-हवन करके? नहीं। यह सब मनोपचार है। हमारे मन की शांति और सुस्थिरता के लिए है। हम नियमित पूजा-पाठ करते रहें, ईश्वर का नाम जपते रहें और कोई छुरा लेकर हमारा गला काटने आ जाए तो धर्म कहीं से प्रकट होकर उसका छुरा छीन लेगा और उसे पटककर लतियाना शुरू कर देगा? आपको नहीं लगता, ऐसा कुछ होने वाला नहीं, यह शुद्ध अंधविश्वास है? तो अपनी रक्षा का इंतज़ाम हमें स्वयं करना पड़ेगा। किंतु असली 'धर्म' का पालन करने से असुरक्षा का ख़तरा कुछ कम अवश्य हो सकता है, बशर्ते वह असली धर्म हो। सवाल है असली धर्म क्या है? मनुस्मृति बहुत बदनाम ग्रंथ है, फिर भी कहां लिखा है कि बदनाम लोगों या बदनाम चीज़ों में कोई अच्छी बात हो ही नहीं सकती।

मनुस्मृति में ही धर्म के लक्षण देख लीजिए- धृतिः क्षमा दमोऽस्त्येयं शौचमिन्द्रि यनिग्रहः। /धीर्विद्या सत्यीमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।। (मनुस्मृति, 6.92)

(धैर्य, क्षमा, आत्मनियंत्रण, अस्तेय (किसी चीज़ की चोरी न करना), शौच (भीतर-बाहर से पवित्र रहना), इन्द्रिय-निग्रह (इन्द्रियों को भटकने से रोकना), बुद्धिमत्ता (विवेकशीलता), विद्या (ज्ञानार्जन करना), सत्य, और क्रोध पर क़ाबू रखना, धर्म के यही दस लक्षण हैं।) यानी धर्म माने नैतिकता-पूजा-पाठ नहीं। हम आत्मनियंत्रण रखें, चोरी न करें, इंद्रियों को भटकने से रोकें, विवेकशील बनें (आत्मरक्षा भी विवेकशीलता में शामिल नहीं है?), सोच-समझकर सत्य ही बोलें, क्रोध पर क़ाबू रखें तो हमारी रक्षा की संभावना अधिक नहीं होगी? धर्म माने वह जो मनुष्य को पशुओं से पृथक करता है, उनसे बेहतर बनाता है- आहारनिद्रा भय मैथुनं च सामान्यमेतत् पशुभिर्नराणाम्।

धर्मो हि तेषामधिको विशेषः धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः॥ (महाभारत, शांति पर्व, 264.26) यानी धर्म माने नैतिक-बोध, विवेक, परिस्थिति विशेष में ग़लत-सही का निर्णय करने की क्षमता और तदनुरूप व्यवहार करने की प्रवृत्ति। अतिसंक्षेप में धर्म माने- श्रूयतां धर्मसर्वस्वं, श्रुत्वा चैवावधार्यताम्।/आत्मनः प्रतिकूलानि, परेषां न समाचरेत्।। (पद्मपुराण, सृष्टि खण्ड, 19.357)(धर्म का सर्वस्व सुनो और सुनकर उसे अमल में लाओ। जो अपने को प्रतिकूल लगता है, वैसा दूसरों के साथ नहीं करना चाहिए।) जी हां, धर्म का व्याकरणिक या व्युत्पत्तिमूलक अर्थ भी हमें इसी निष्कर्ष तक ले जाएगा। 'ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः' यही न? क्या मतलब हुआ इसका? धर्म वह है जो लोक को, ब्रह्मांड को धारण करता है (पूजा-पाठ नहीं)। सवाल है हमारे लिए, मनुष्य के लिए धर्म क्या है? बहुत सोचिए, बहुत विचारिए किंतु जवाब वही मिलेगा। मनुष्य का धर्म मनुष्यता यानी नैतिकता। यानी धैर्य, क्षमा, इंद्रियों पर, मन पर नियंत्रण वग़ैरह। यानी दूसरों के साथ वैसा न करना जैसा हम दूसरों से नहीं चाहते। तभी धर्म इस मनुष्य लोक को धारण कर पायेगा। बाक़ी उसे और भी बहुत कुछ धारण करना है। पृथ्वी की गति, सूर्य, चंद्रमा, हमारी आकाश गंगा नामक नीहारिका के अनन्त सूर्य, उनके अनंत ग्रह-उपग्रह, फिर अनंत नीहारिकाएं, उनके सूर्य, उनके ग्रह-उपग्रह... सबको धारण करना है, अपनी-अपनी जगह, अपने-अपने काम में लगाए रखना है। हमें और आपको छुरेबाज़ों से बचाने की फ़ुरसत है 'ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः' वाले धर्म को? यह भी है कि आदमी ख़ुद तो नैतिक बन सकता है किंतु दूसरों को नैतिक कैसे बनायेगा? नहीं बना सकता। लेकिन पहले ख़ुद नैतिक बने तभी न दूसरों से नैतिक बनने की अपेक्षा कर सकता है।

सभी लोग नैतिक कभी नहीं होंगे। कुछ लोग उन्माद में बह जाएंगे। धर्मांधता में ग़लत को सही समझ लेंगे। उनसे रक्षा के लिए ही राज्य नाम की संप्रभु संस्था है जिसके पास मनुष्य के अनैतिक आचरण- उसकी अपराध-वृत्ति, उसके उन्माद, उसकी धर्मांधता से-हमारी-आपकी रक्षा के लिए एक विशद और ख़र्चीला अधिष्ठान है जो हमारे-आपके पैसे (कर) से चलता है। राज्य के प्रतिनिधि ठीक से काम नहीं करते, ख़ुद अनैतिक आचरण करते हैं, अनैतिक लोगों से मिल जाते है और उन्हीं की मदद करने लगते हैं? इसी का उपाय है जनतंत्र, जनतांत्रिक प्रक्रिया से राज्य के प्रतिनिधियों का चयन। यह काम भी ठीक से नहीं होता? कौन गड़बड़ करता है? हम और आप ही उसके लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं? फिर तो भगवान् ही मालिक हैं। और कोई उपाय नहीं।

महर्षि वाल्मीकि के वर्ण को लेकर भ्रांति और यथार्थ

महर्षि वाल्मीकि को प्राचीन वैदिक काल के महान ऋषियों कि श्रेणी में प्रमुख स्थान प्राप्त हैं। वह संस्कृत भाषा के आदि कवि तथा आदि काव्य 'रामायण' के रचयिता के रूप में प्रसिद्ध हैं। उनके वर्ण (जाति) को लेकर जनमानस में व्याप्त भ्रान्ति का निराकरण स्वयं वाल्मीकि द्वारा किया गया है। महर्षि वाल्मीकि अपना परिचय श्रीराम को देते हुए कहते हैं " प्रचेतसोऽहं दशमः पुत्रो राघवनन्दन।" (वाल्मीकि रामायण 7/96/18) अगले श्लोक में वे महर्षि भृगु के कुल में जन्म लेने की पुष्टि करते हैं। संनिबद्धं हि श्लोकानां चतुर्विंशत्सहस्र कम्। उपाख्यानशतं चैव भार्गवेण तपस्विना।। (वाल्मीकि रामायण 7/94/25) ब्रह्मवैवर्त पुराण में उल्लेख है-कति कल्पान्तरेऽतीते स्रष्टुः सृष्टिविधौ पुनः। /यः पुत्रश्चेतसो धातुः बभूव मुनिपुङ्गवः।।/तेन प्रचेता इति च नाम चक्रे पितामहः।।- अर्थात्: कल्पान्तरों के बीतने पर सृष्टा के नवीन सृष्टि विधान में ब्रह्मा के चेतस से जो पुत्र उत्पन्न हुआ, उसे ही ब्रह्मा के प्रकृष्ट चित्तसे आविर्भूत होने के कारण प्रचेता कहा गया है। मनुस्मृति में ब्रह्माजी द्वारा प्रचेता इत्यादि 10 महर्षियों के जन्म के विषय में लिखा है। अहं प्रजाः सिसृक्षुस्तु तपस्तप्त्वा सुदुश्चरम्।/ पतीत् प्रजानामसृजं महर्षीनादितो दश।। (मनु०-1/34-35)

महाभारत में भी महर्षि वेदव्यास ने महर्षि वाल्मीकि के भार्गव कुल में उत्पत्ति के विषय में लिखा है - श्लोकश्चापं पुरा गीतो भार्गवेण महात्मना।/ आख्याते रामचरिते नृपति प्रति भारत।। (महाभारत 12/57/40) विष्णु पुराण इनका एक नाम ऋक्ष भी आया है-ऋक्षोऽभूद्भार्गववस्तस्माद्वाल्मीकिर्योऽभिधीयते । (विष्णु०3/3/18)-शिव पुराण में इन्हे ब्रह्मा से उत्पन्न बताया गया है।/ पुरा स्वायम्भुवो ह्यासीत् प्राचेतस महाद्युतिः। / ब्रह्मात्मजस्तु ब्रह्मर्षि तेन रामायणं कृतम्।।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

उत्तर रामचरित में वाल्मीकि जी सीता को अयोध्या में राम के सम्मुख रखते हुए कहां कि मैने कभी कोई पाप कर्म,अहिंसा या असत्य भाषण किया हो यह मुझे याद नहीं (मुझे कई जन्मों का स्मरण है) श्रीराम! मैं तुम्हें विश्वास दिलाता हूं कि सीता पवित्र और सती है। कुश और लव आपके ही पुत्र हैं। मैं कभी मिथ्याभाषण नहीं करता। यदि मेरा कथन मिथ्या हो तो मेरी संपूर्ण तपस्या निष्फल हो जाय। इससे भी स्पष्ट है कि वे कभी अहिंसा आदि कार्य में सलंग्न नहीं रहे, अब प्रश्न आता है कि यदि महर्षि वाल्मीकि ब्राह्मण वर्ण में जन्मे प्रचेता के पुत्र थे तो उनके शुद्र वर्ण में जन्म लेने की कथा का प्रसार कैसे हुआ? इसका उत्तर स्कन्द पुराण में है जहां रत्नाकर नामक एक डाकू का वर्णन है जो देवर्षि नारद की प्रेरणा से राम नाम लेकर महान तपस्वी बनता है और अपना नाम वाल्मीकि रख लेता है। पुराणों का कालखंड रामायण से बहुत बाद का है, और रत्नाकर का वर्णन केवल स्कंद पुराण में मिलता है, यही संभावना सबसे सटीक बैठती है। महर्षि वाल्मीकि जन्म और कर्म दोनो से ब्राह्मण और त्रिकालदर्शी और सभी के लिए पूज्य है और उनकी कृति से संपूर्ण मानवता लाभान्वित हो रही हैं।

कहां है साहित्य की वह धारा

जो दुखों से घिरे जनमानस को आश्वस्त करे, निर्भय करे, जिसमें निर्लिप्त-दृष्टि और मनुष्यता की ज्योति है? मीडिया के इतने विकास के बावजूद क्या आज भी साहित्य और जनता के बीच दूरी बनी है? यदि हां तो क्यों? सवाल यह है कि क्या जनता और साहित्य अभी भी दूर हैं? ऐसा तो नहीं कि साहित्य समझ रहा हो कि जनता अपढ़ है, वह भला साहित्य को क्या समझेगी? साहित्य तो अभिजातवर्ग का मनोविलास है। जनता उसका क्या करेगी? साहित्य का सबसे बड़ा गंतव्य तो लोकजीवन ही है और साहित्य की सबसे बड़ी कसौटी लोकमंगल।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

साहित्य का सबसे बड़ा आलोचक समय ही है। संतों का साहित्य आज भी जिंदा है और वे किंकविता-अकविता-नई कविता आदि के प्रयोग रसातल में चले गए? जब कोई भाषा और साहित्य जनता से दूर हो जाता है, तो उसकी जीवनी-शक्ति भी चुक जाती है। इससे तो फिल्म के पुराने गीत ही अच्छे, जो जनता की जवान पर तो हैं। आचार्य वासुदेवशरण अग्रवाल ने कहा था। साहित्य-साधना योग है। साहित्य सेवी जहां बैठता है, प्रकाश की किरणें छिटकती हैं। लोक जीवन की परिस्थितियों का द्वन्द्व युगद्रष्टा कवि और मेधावी को जन्म देता है। संवेदन-शक्ति के कारण वह मेधावी-कवि लोकमय हो जाता है। युगद्रष्टा कवि और मेधावी की वाणी में स्वयं युग ही लोकजीवन से संवाद करता है। उसकी वाणी में लोक अभिव्यक्त होता है।

आओ ऋतुराज वसंत

इस बार ठंड कुछ देर से आई तो संभव है जाएगी भी देर से वरना वसंत पंचमी के त्यौहार के बाद मौसम में परिवर्तन आने लगता है। ठंड दबे पैरों वापस जाने लगती है और मधुमास अपने लाव लश्कर के साथ चला आता है। फाल्गुन और चैत्र वसंत ऋतु के दो प्रमुख महीने हैं। वसंत ऋतु के आगमन के साथ ही तापमान में वृद्धि होने लगती है और सर्दी से निजात मिलती है। मन जो शीत ऋतु में कभी-कभी अवसाद से ग्रसित हो जाता था, उसे आनंद की अनुभूति होती है, जीवन में राहत लाता है वसंत। आम में बौर आने लगती है, कोयल पंचम सुर में गाती है, ठंड से ठिठुर रहे विहंग अब उड़ने का बहाना ढूंढते हैं तो किसान लहलहाती हुई गेहूं की बालियों और सरसों को देख फूले नहीं समाते हैं। नव पल्लव, नव कुसुम और नवगात की सौगात साथ लेकर वसंत ऋतु आती है इसीलिए तो यह ऋतुराज कहलाती है। वसंती दुशाला पहने धरा का सौंदर्य अद्भुत खूबसूरत लगता है। अंगारों की तरह खिलते लाल बुरांस और सोने की तरह पीले फ्योंली की छटा तो देखते ही बनती है। फरवरी के महीने में वैलेंटाइन वीक की धूम है।

अपने यहां तो वसंत ऋतु को ही प्रेम की ऋतु कहा जाता है। जीवन में गुनगुनी धूप हो, मंद मंद पवन बहती रहे, प्रेम रस में घुले मीठे बोल हों और क्या चाहिए प्रेम को? अनेक गीतकारों और संगीतकारों ने बसंत को लेकर सुंदर शब्द रचना की हैं और धुन बनायी है... रुत आ गई रे, रुत छा गई रे, संग बसंती अंग बसंती रंग बसंती छा गया, मस्ताना मौसम आ गया, पुरवा सुहानी आई रे, ओ बसंती पवन पागल जैसे गीत बासंती उमंग और उत्साह को और बढ़ा देते हैं। कई कवियों ने अपनी रचनाओं में वसंत को गाया है, जिनमें जायसी, सुभद्रा कुमारी चौहान, अमीर खुसरो, निराला, गोपाल दास नीरज, दिनकर, भारतेंदु हरिश्चंद्र, जयशंकर प्रसाद जैसे महान कवि प्रमुख हैं। वसंत को कामदेव का पुत्र कहा गया है। कवि देव ने क्या खूब कहा है...

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

बसंत के मौसम में एक मनभावन समां बंध जाता है। कहीं भी चले जाइए, प्राकृतिक सौंदर्य भरपूर मिलेगा। इन्हीं दोनों प्योंली और बुरांश की अद्भुत छटा देखने को मिलती है।

डार द्रुम पलना बिछौना नव पल्लव के, सुमन झिंगूला सोहै तन छबि भारी दै।/पवन झूलावै, केकी-कीर बतरावैं 'देव', कोकिल हलावै हुलसावै कर तारी दै।।/ पूरित पराग सों उतारो करै राई नोन, कंजकली नायिका लतान सिर सारी दै।/मदन महीप जू को बालक बसंत ताहि, प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै॥

वसंत पंचमी इस बार 14 तारीख को मनाई जाएगी। इस दिन सुबह स्नान करके घरों में लिपाई-पुताई होती है, पूड़ी-पकौड़ी बनाई जाती है, घर की चौखटों पर ऐंपण दिए जाते हैं। घर की मालकिन टोकरी में फूल, दीप, अगरबत्ती, खाद, पानी, हल्दी टीका, कुदाल रखकर खेत में जाकर हलजोत की रस्म करती है। प्रकृति का धन्यवाद अदा करते हुए अगली बार भी अच्छी फसल होने की कामना करती है। पुराने समय में जिन लोगों के पास बैल हुआ करते थे, वे इस दिन खेत में बैलों के साथ रस्म के तौर पर बुआई करते थे। जिनके पास बैल नहीं होते, वे कुदाल से ही खेत में एक जगह पर खुदाई कर वहां पर खाद आदि से जमीन तैयार करते और उसका घर से टोकरी में लाई गई पूजन सामग्री से पारंपरिक पूजन करते थे। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी यह प्रथा प्रचलित है। हालांकि खेती का रकबा बुरी तरह घटा है।

वर्तमान समय में अधिकतर बड़े शहरों में कंक्रीट के जंगल दृष्टिगोचर होते हैं, हरियाली से छेड़छाड़ की गई है, वहीं उत्तराखंड के पर्वतीय अंचल में प्रकृति आज भी अपने संपूर्ण यौवन में मिल जाएगी। बसंत के मौसम में एक मनभावन समां बंध जाता है। कहीं भी चले जाइए, प्राकृतिक सौंदर्य भरपूर मिलेगा। इन्हीं दोनों प्योंली और बुरांश की अद्भुत छटा देखने को मिलती है। और जब बात उत्तराखंड की हो तो हम अपने प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत जी को कैसे भूल सकते हैं। यूं तो पंत जी ने वसंत पर बहुत कुछ लिखा है लेकिन यहां पर उनकी चार पंक्तियां ही काफी हैं... चंचल पग दीपशिखा से धर/गृह मग, वन में आया वसंत/सुलगा फाल्गुन का सूनापन/सौंदर्य शिखाओं में अनंत।- बसंत के आगमन के साथ ही दिन बड़े होने लगते हैं जो इस बात का संकेत है कि यह जागृत होने का समय है। अपने मन मस्तिष्क को जागृत रखें,अपनी ऊर्जा को सही कार्यों में लगाए, यही संदेश लाता है वसंत हम सब के लिए।

अयोध्या और तुलसी

अयोध्या के नए मंदिर में प्रभु श्रीराम के नए विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। अयोध्या से लौट रहे प्रभु भक्त वहां की भव्यता नव्यता का वर्णन करते नहीं थकते। अयोध्या का उद्धार हो गया। प्रभु राम पुनः विराजे हैं। किंतु एक बात खटकने वाली है। जिसकी चर्चा कई जुबानों पर है। इस सारे परिप्रेक्ष्य में संत कवि तुलसी जैसे विस्मृत से कर दिए गए हों। रामकथा के अनेक प्रतीक प्रस्तरों मूर्तियों मे तुलसीदास कहीं नहीं दिखते। अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा भी आदि कवि वाल्मिकी के नाम पर है। जबकि जन जन तक में श्रीराम की भक्ति का प्रसार करने में तुलसी अद्वितीय हैं। कहते हैं कि तुलसी की काव्य साधना का एक सुदीर्घ काल अयोध्या में ही बीता था।

डा. अरविंद मिश्रा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

कुछ विद्वानों का तो यह भी मानना है कि आततायी आक्रांताओं के प्रतिकार में ही संत कवि ने मानस काव्य प्रबंध का संकल्प लिया और रावण और उसकी राक्षसी सेना को ही उन्होंने आततायियों के प्रतीक के रुप में प्रस्तुत किया। जिससे लोकमानस प्रेरणा लेकर आक्रांताओं के विनाश को तत्पर हो। इसलिए क्षोभ भरा आश्चर्य है कि अयोध्या के पुनरुद्धार में तुलसी को बिसरा दिया गया है। कहीं इसके कोई राजनीतिक निहितार्थ तो नहीं?

आज जब केवल और केवल वोट बैंक को हलोरने के दृष्टिगत ही बड़े और अभूतपूर्व फैसले लिए जा रहे हों, सारा माहौल राजनैतिक दांव पेंच से बोझिल हो गया हो कोई आश्चर्य नहीं कि एक यशस्वी संत कवि को मात्र इसलिए ही बिसराने की कूट रचना हो रही हो कि वे ब्राह्मण थे और आज की राजनीति में ब्राह्मण हाशिये पर हैं। उनसे वोटों की गणित हल नहीं होगी। आज बस केवल अनुसूचित और पिछड़े ही राजनीति के तारणहार बने हैं। वोट के इस अपार भंडार के सामने ब्राह्मण की क्या बिसात? पहले तो यह कि कोई भी संत महात्मा जाति पांत से विमुक्त होता है। जाति न पूछो साधु की। और तुलसी के ब्राह्मण होने का मापदंड तो बालकांड की प्रस्तावना की इस अर्धाली से ही स्पष्ट है-'बंदऊ प्रथम महीसुर चरना मोह जनित संशय सब हरना।' अर्थात ब्राह्मण वही जो मोह से उत्पन्न सभी संशयों को मिटा देने का ज्ञान रखता हो। जो भी हो, राजनीति से बोझिल वातावरण में तुलसी की विस्मृति का यदि सचमुच कोई कुचक्र हो, या नहीं भी हो, आरोपित हो रहे राजनीति के शिखर पुरुषों को ही इसका स्पष्टीकरण देना होगा। केवल वाचिक ही नहीं कर्मणा भी। अयोध्या में मंदिर के द्वार प्रमुख पर संत कवि तुलसी की एक भव्य मूर्ति स्थापित हो। यही वर्तमान शासकों द्वारा तुलसी के बिसराये जाने के लांछन का प्रतिकार होगा।

एक नजर

सशक्त भू-कानून को लेकर निकलेगी रैली

अल्मोड़ा। जिले की सल्ट विधानसभा के देघाट में 11 फरवरी को सशक्त भू कानून को लेकर स्वाभिमान रैली निकाली जाएगी। रैली में प्रदेश भर से राज्य आंदोलनकारी, छात्र संगठन, सामाजिक संगठन शामिल होंगे। पहाड़ी आर्मी संगठन के अध्यक्ष हरीश रावत ने बताया कि राज्य आंदोलन से ही उत्तराखंड के जल, जंगल, जमीन पर मूल निवासियों के अधिकारों की बात होती थी, लेकिन राज्य बनने के 23 साल बाद भी मूल निवासी दूसरे राज्यों के नागरिक बनने की कगार पर हैं, लेकिन प्रदेश में राज कर रही सरकारें इन अवधारणाओं को पूर्ण करने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही हैं। जिस कारण प्रदेश की जनता अब अपने आप को छला हुआ महसूस करने लगी है। उन्होंने कहा कि जब तक उत्तराखंड प्रदेश में सशक्त भू-कानून लागू नहीं होगा। तब तक इस हिमालयी राज्य का भला होने वाला नहीं है। इसलिए भू-कानून की मांग को लेकर सभी संगठन एकजुट होकर स्वाभिमान रैली निकालेंगे। उन्होंने कहा कि अब लोग अपने अधिकारों के लिए चुप नहीं बैठने वाले हैं।

विधान सभा क्षेत्र की समस्याओं का चिन्हीकरण

लोहाघाट। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोहाघाट विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर सीएम के सामने उठाने का निर्णय लिया है। शनिवार को विधायक खुशाल सिंह अधिकारी के आवास में कार्यकर्ताओं ने बैठक कर प्रमुख समस्याओं को चिन्हित किया। विधायक ने कहा कि सीएम के पहली बार लोहाघाट नगर में आने पर सभी कार्यकर्ताओं की आम सहमति के आधार पर समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया जाएगा, जिसमें लोहाघाट में सरयू लिफ्ट पेयजल योजना, उपजिला अस्पताल का उच्चीकरण, नगर की नजूल भूमि को फ्री होल्ड करने, लोहाघाट में विधि महाविद्यालय की स्थापना, कृषि विज्ञान केंद्र लोहाघाट में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय की शाखा खोले जाने, बाराकोट और रीठा साहिब में डिग्री कालेज खोलने की मांग के साथ विधानसभा की अति महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति शामिल है। बैठक में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भगीरथ भट्ट, कविराज मौनी, शैलेन्द्र राय, विधायक प्रतिनिधि चांद बोहरा, प्रकाश साह आदि मौजूद रहे।

बंदरों से निजात नहीं मिलने पर प्रदर्शन

बंदर भगाओ खेती बचाओ जन अभियान के तहत बैजनाथ में कत्यूर घाटी का जन सैलाब उमड़ पड़ा

संवाददाता ,बागेश्वर

अमृत विचार : बंदर भगाओ खेती बचाओ जन अभियान के तहत बैजनाथ में कत्यूर घाटी का जन सैलाब उमड़ पड़ा। महिलाओं ने अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी कर प्रदर्शन किया। इस मौके पर अभियान के संयोजक एडवोकेट डीके जोशी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक पखवाड़े के भीतर बंदरों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

सिविल सोसायटी के तत्वावधान में भकुनखोला के मैदान में आयोजित जनसभा में सात न्याय पंचायत और एक नगर पंचायत शिकायत काउंटर में एक हजार से अधिक लोगों ने बंदरों की समस्या से संबंधित शिकायतें दर्ज कीं। अभियान को जिपं उपाध्यक्ष नवीन परिहार और होटल ऐसोसिएशन अध्यक्ष बबलू नेगी ने समर्थन देते हुए शीघ्र बंदरों की समस्या से निजात दिलाने की मांग की। इस मौके पर सरोज गोस्वामी, मोहनी बिष्ट, तारा पांडे, कमला देवी, चंपा दोसाद आदि महिलाओं ने कहा कि बंदर आज चूल्हे की रोटी भी नहीं छोड़ रहे हैं। फसल चट करने के साथ ही जीवन की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। इस मौके पर विभिन्न गांवों के लोगों ने मंच पर समस्या रखी। अध्यक्षता कर ग्राम प्रधान संगठन के ब्लाक अध्यक्ष रविशंकर बिष्ट ने कहा कि जब तक सरकार बंदरों की समस्या से निजात नहीं दिलाएगी, तब तक उनका अभियान जारी रहेगा। संचालन संयोजक हरीश जोशी ने किया। इस दौरान सलाहकार देवकीनंदन जोशी, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद कत्यूरी, हेम चंद्र पांडे, कृपाल दत्त लोहुमी, क्षेपंस भोला दत्त तिवारी, नंदाबल्लभ पंत, दिवाकर तिवारी, गोपाल राम, सुशीला बिष्ट, चंपा, मंजू बोरा समेत विभिन्न गांवों के दर्जनों लोग मौजूद थे।

बंदर भगाओ आंदोलन में प्रदर्शन के दौरान उपस्थित महिलाएं। ● अमृत विचार

चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार

टनकपुर, अमृत विचार : पुलिस ने चोरी किए गए सामान के साथ दोनों चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक जनवरी को भवानी दत्त पुत्र दुर्गा दत्त निवासी मनिहारगोठ ने कोतवाली में तहरीर दी थी, जिसमें कहा गया कि चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर घर से सामान व नकदी चुरा लिया।

इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। इधर पुलिस ने राशिद उर्फ लाला पुत्र स्वर्गीय शेर मोहम्मद निवासी वार्ड नंबर 4 रेलवे कॉलोनी तथा इसी वार्ड के इकबाल उर्फ गुंडा पुत्र बन्नी खां को गिरफ्तार कर लिया। एसआई नवल किशोर ने बताया कि चोरों की निशानदेही पर एलईडी पीतल धातु के बर्तन, एल्युमिनियम चांदी की कटोरी, कटीले तार के बंडल बरामद कर लिया गया है।

मानकों के उल्लंघन में होम स्टे पर शिकंजा

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले में मानकों का उल्लंघन कर रहे होम स्टे संचालकों पर पर्यटन विभाग ने शिकंजा कस दिया है। पिछले कई दिनों में पर्यटन विभाग के अधिकारी जिले में सौ से अधिक होम स्टे का निरीक्षण कर चुके हैं। जिनमें से करीब तीन दर्जन के करीब होम स्टे संचालकों को नियमों का पालन ना करने पर नोटिस भी जारी कर दिया गया है।

अल्मोड़ा जिले की बात करें तो यहां पर्यटन विभाग के अंतर्गत करीब 466 होम स्टे पंजीकृत हैं। जिन्हें पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग की मदद से स्थापित किया गया है, लेकिन बीते जनवरी माह में जब पर्यटन विभाग ने इन होम स्टे में मानकों के अनुपालन को लेकर औचक निरीक्षण किया तो जिले के कसार देवी समेत अनेक इलाकों में 56 में से करीब 19 होम स्टे मानकों का उल्लंघन करते पाए गए। उन्हें नोटिस भी जारी किया गया, लेकिन विभाग ने इसके बाद भी हो स्टे संचालकों पर अपना शिकंजा बरकरार रखा। फरवरी महीने में अब तक पर्यटन विभाग करीब सौ से अधिक होम स्टे का निरीक्षण कर चुका है। जिनमें से 34 होम स्टे मानकों के विपरीत पाए गए। पर्यटन अधिकारी अमित लोहनी ने बताया कि इन सभी होम स्टे में मानकों से अधिक कमरे बनाकर इनका संचालन गेस्ट हाऊसों के रूप में किया जा रहा था। जिस कारण सभी को नोटिस जारी कर दिया गया है। लोहनी ने बताया कि विभाग आगे भी जिले में पंजीकृत होम स्टे स्थलों का निरीक्षण जारी रखेगा।

टैगोरनगर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में जिंदा जली पांच बकरियां

संवाददाता, शक्तिफार्म

ग्रामसभा टैगोर नगर निवासी विश्वजीत दास पुत्र स्व. बसंत दास के घर में रात करीब नौ बजे मवेशियों के लिए बने भूस के घर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गयी। जिसमें उसकी एक गर्भधारित बकरी सहित पांच बकरियों की जलकर मौत हो गई। वहीं एक गर्भधारित गाय व बछड़ा झुलस गया।

लोगों को पता चलने तक, आग भयानक रूप ले चुकी थी। धीरे-धीरे आग इतनी बढ़ गयी कि इसने पड़ोसी विश्वेश्वर भक्त पुत्र कृष्णकान्त भक्त के घर को भी आगोश में ले लिया। जिसमें उसका गृहस्थी का सामान व महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर राख हो गए। ग्रामीणों ने पास में बहने वाली नहर से पानी डाल कर घंटों की मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। वहीं परिजनों ने घटना से हुए नुकसान का आंकलन करने के साथ विद्युत विभाग व राजस्व विभाग से सरकारी सहायता की मांग की है। उधर पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मालिनी पंत ने रात ग्यारह बजे पहुंचकर अग्निकांड में घायल पशुओं का इलाज किया।

ताकते रहे राह, नहीं पहुंचे दमकल कर्मी : ग्रामीणों ने बताया कि घटना की रात को उन्होंने आपातकालीन नंबर पर फोन कर अग्निकांड की सूचना दर्ज कराई।

वह देर रात सड़क पर खड़े होकर दमकल कर्मी की राह देखते रहे लेकिन दमकल कर्मी नहीं पहुंचे। बाद में ग्रामीणों ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

ट्यूबवेलों के कनेक्शन काटे जाने पर रोष

जसपुर। युवा भारतीय किसान यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष अमन प्रीत सिंह ने बिजली विभाग द्वारा विद्युत बिलों के बकाया भुगतान को लेकर किसानों के ट्यूबवेलों के कनेक्शन काटे जाने पर रोष जताया। उन्होंने मांग की है कि किसानों के कटे हुए कनेक्शनों को तुरंत जुड़वाया जाये अन्यथा भारतीय किसान यूनियन कोई सख्त कदम उठाने के लिए बाध्य हो जायेगी। उनहोंने बताया कि इस सम्बन्ध में 12 फरवरी को कृषि उत्पादन मण्डी समिति परिसर में प्रात: 11 बज भारतीय किसान यूनियन की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया जायेगा और रणनीति तय की जायेगी।

व्यापार मंडल चुनाव की सरगर्मियां तेज

टनकपुर, अमृत विचार : टनकपुर में व्यापार मंडल के चुनाव की भले ही अभी तक चुनाव तिथि घोषित नहीं की गई हो लेकिन अभी से ही अध्यक्ष समेत तमाम पदो पर चुनाव की सरगर्मियां व्यापारियों के बीच तेज हो गई हैं, वहीं बनबसा व्यापार मंडल के चुनाव 21 फरवरी को होने जा रहे हैं।

इधर टनकपुर व्यापार मंडल के चुनाव को कराने के लिए भगवत सरन को मुख्य चुनाव अधिकारी और धर्मानंद पांडे, संजय अग्रवाल, राजीव आर्य व सत्य प्रकाश गुप्ता को सहायक चुनाव अधिकारी बनाया गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी सरन ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया लगभग पूरी की जा चुकी है जल्दी ही चुनाव तिथि घोषित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कुल 815 व्यापार मंडल में मतदाता हैं जो अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए मतदान देंगे।

प्रवेश प्रक्रिया समेत कई प्रस्ताव पास

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के प्रबंधन समिति की बैठक में बालिका के छठी कक्षा में नए शैक्षिक सत्र के प्रवेश प्रक्रिया समेत तमाम प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए।

शनिवार को आवासीय विद्यालय में एसडीएम आकाश जोशी की अध्यक्षता में हुई बैठक में छठी कक्षा में बालिकाओं के प्रवेश के साथ कर्मचारियों के अनुबंध को नए शैक्षिक सत्र से बढ़ाने पर सहमति प्रदान की गई। साथ ही टुल्लू पंप से विद्यालय में पानी निकासी की समस्या का निस्तारण करने, नए बजट से अवश्य सामग्री खरीदने समेत बिंदुओं पर चर्चा कर सर्वसम्मति से आम समिति बनी। बैठक में सीओ शिवराज सिंह राणा, खंड शिक्षा अधिकारी भारत जोशी, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी भूपेंद्र प्रकाश जोशी, वार्डन प्रेमा ठाकुर, प्रधानाध्यापक देवी दत्त जोशी, जिला समन्वयक रमेश चंद्र जोशी, चंपा देवी, मनु तिवारी, संजू चन्द, रेनू बल्दिया, संगीता सिंह, अर्चना उप्रेती आदि मौजूद रहे।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बैठक लेते एसडीएम आकाश जोशी।

धूरा चौड़ाकोट में 17वीं लाइब्रेरी का शुभारंभ

टनकपुर। शनिवार को ग्राम पंचायत धूरा चौड़ाकोट में 17 वीं जियें पहाड़ सिटीजन लाइब्रेरी का शुभारंभ हुआ। ग्राम प्रधान कमल किशोर, प्रधानाध्यापक कृष्ण पाल बोहरा, जिये पहाड़ सिटीजन समिति के सदस्य अनिल चौधरी पिंकी, मोहित देऊपा ने संयुक्त रूप से इस लाइब्रेरी का शुभारंभ किया। इससे पूर्व तहसील टनकपुर, नगर पालिका टनकपुर, बनबसा, सल्ली, सूखीढांग, लियाबांज, डांडा, बुडंम, ऊचौलीगोठ, छीनीगोठ, फागपुर, ज्ञानखेड़ा, सैलानीगोठ, टनकपुर सिटीजन लाइब्रेरी खोली जा चुकी है। लाइब्रेरी उद्घाटन में सचिव धूरा साधन सहकारी समिति ललित चौड़ाकोटी, सहायक अध्यापक हाईस्कूल धूरा उमेश सकलानी, दिनेश चन्द, नीलम चन्द, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मजू उपाध्याय, आशा राना, रेनू राना, मोहित सिंह बोहरा, संदीप सिंह बोहरा, दरबार मेहरा, कैलाश कुमार, हिमांशु सनवाल, गिरीश तिवाड़ी, नीरज राना, सुभाष अधिकारी, पंकज चौड़ाकोटी, आदि मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश

प्लॉट दिलाने के नाम पर ठगे 30 लाख रुपये, दस पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना पुलिस ने महिला समेत 10 आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी एवं जालसाजी का मामला दर्ज किया है। आरोपियों पर पीड़ित को धमकाने का भी आरोप है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने प्लॉट दिलाने के नाम पर 30 लाख रुपये ठग लिए है।

नागफनी के डिप्टीगंज निवासी पीयूष मोहन सिन्हा की ओर से मानिक कंसल ने दर्ज कराया है। मानिक कंसल ने पुलिस को बताया है कि छजलैट के गांव अकबरपुर चैदरी निवासी आसिफ खान और छजलैट के मनोज चौधरी से उनकी मुलाकात कांठ के सलेमपुर निवासी महमूदा खातून, उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के रतनपुर रुड़की निवासी शब्बीर अहमद व अशरफ अली, रुड़की के भरतपुर निवासी अकबर और रुड़की के ही उन्डेड़ी कान्हापुर निवासी सीताराम व उसके भाई ओमप्रकाश से कराई थी। उनकी मुलाकात सिविल लाइन के जिगर कॉलोनी निवासी सुहैल इकराम व अलमाब हुसैन के साथ हुई थी।

इन सभी ने उन्हें बताया था कि अगवानपुर चौकी क्षेत्र में डेंटल हॉस्पिटल के पीछे उनका प्लॉट है। आरोपियों ने उनसे संबंधित प्लाट का सौदा 30,01,000 रुपये में किया था। इसके बाद धनराशि भी बैंक खाते से ले लिए थे। लेकिन, बैनामा के लिए तय तारीख पर आरोपी रजिस्ट्री ऑफिस नहीं पहुंचे थे।

पीड़ित के मुताबिक, जब उस जमीन के बारे में छानबीन की तो पता चला कि आरोपियों में से किसी के पास भी उसे संबंधित संपत्ति का मालिकाना हक ही नहीं है, जिसका उन्होंने सौदा कर रखा है।

पैसे वापस मांगे तो आरोपी धमकी देने लगे

पीड़ित के अनुसार जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी धमकी देने लगे। 23 दिसंबर 2023 को दोपहर के समय जब पीड़ित ने आरोपी को कॉल किया तो आरोपियों ने रुपये देने से मना कर दिया। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत की लेकिन, सुनवाई नहीं हुई। फिर पीड़ित ने एसएसपी के सामने पेश होकर घटना बताई तो एफआईआर के आदेश हुए हैं। सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी शब्बीर अहमद, अशरफ अली, महमूदा खातून, अकबर, सीताराम, उसके भाई ओमप्रकाश, आसिफ खान, सुहैल इकराम, मनोज चौधरी और अलमाब हुसैन के खिलाफ धोखाधड़ी व जालासाजी और धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है।

गिरफ्तारी को जहां बुलाओ हाजिर हो जाऊंगा : तौकीर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : वीएचपी की एनएसए की कार्रवाई की मांग पर मौलाना तौकीर रजा ने कहा कि वह तो गिरफ्तारी देने के लिए गए थे लेकिन उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। वह जिन बेईमानियों की बात कर रहे हैं, वह सब उजागर हैं। इसलिए उनके ऊपर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जा सकती। अगर गिरफ्तार करना है तो जब और जहां बुलाओ, वह हाजिर हो जाएंगे।

उन्होंने शहामतगंज में बवाल के मामले में कहा कि शांति से जाते हुए लोगों पर किसने पत्थर मारे यह जांच का विषय है। प्रशासन ने सख्ती दिखाई वरना दंगा करने की पूरी तैयारी थी। उन्होंने किसी तरह का भड़काऊ बयान नहीं दिया है, जिसने यह काम किया, उस पर कार्रवाई की जानी चाहिए। हम लोग पीटे जा रहे हैं और हमारे ऊपर ही मुकदमा दर्ज किया जा रहा है यह कहां का इंसाफ है। अगर कार्रवाई नहीं हुई तो दोबारा धरना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनावी फायदा लागू करने के लिए सीएए लागू किया जा रहा है। केवल मुसलमानों को नहीं बल्कि हिंदू समुदाय को भी सोचना होगा कि वह अपनी नागरिकता इस कानून के आगे कैसे साबित करेंगे।

उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों, आपसी प्रेम और देश के लिए जो काम किए वो मिसाल हैं। वह हमेशा भारत रत्न थे उनको भारत रत्न का एलान भाजपा सरकार का चौधरी साहब से लगाव या हमदर्दी नहीं बल्कि आगामी चुनावों में फायदा उठाने के मकसद से दिया गया है। भाजपा ने जयंत चौधरी को अपने पाले में लाने के लिए रिश्वत दी है। जिस नीयत से भारत रत्न दिया जा रहा है वह उस नीयत पर लानत है।

▸▸ शहामतगंज में शांति से जा रहे लोगों पर पत्थर मारने वालों की जांच हो

हल्द्वानी नहीं रुकेंगी गरीबरथ और बाघ एक्सप्रेस

बरेली, अमृत विचार : हल्द्वानी में कर्फ्यू लगने के कारण ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया है। शनिवार से रेलवे ने हल्द्वानी में ट्रेनों के ठहराव पर रोक लगा दी गई है। इनमें बरेली से गुजरने वाली गरीबरथ, बाघ एक्सप्रेस समेत तीन ट्रेनें भी शामिल हैं। इसकी वजह से यात्रियों को दिक्कत हो रही है।

शुक्रवार को ट्रेनों लालकुंआ तक ही चलाई जा रही थीं। अब शनिवार को ट्रेनें का संचालन काठगोदाम तक किया जा रहा है लेकिन हल्द्वानी में ठहराव पर रोक लगाई है। 15043 लखनऊ-काठगोदाम एक्सप्रेस, 13019 हावड़ा काठगोदाम बाघ, 12209 काठगोदाम गरीबरथ, 15044 काठगोदाम-लखनऊ, 12210 कानपुर सेंट्रल गरीबरथ, 13020 काठगोदाम हावड़ा बाघ एक्सप्रेस ट्रेनें हल्द्वानी स्टेशन पर नहीं रोकी जाएंगी। वहीं मंडल से आरपीएफ का अतिरिक्त स्टाफ भी हल्द्वानी स्टेशन पर सुरक्षा के लिए भेजा गया है।

हाईवे पर पति की मौत, पत्नी गंभीर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर बाइक सवार दंपती को ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छह माह का मासूम हादसे में बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद हाईवे पर वाहनों का जाम लग गया था। एनएचएआई की क्रेन से ट्रक और क्षतिग्रस्त बाइक को मार्ग से हटाया। तब जाकर करीब पौन घंटे बाद यातायात सुचारु हो सका। घटनास्थल पर दलपतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज अनंग पाल भी पहुंच गए थे।

अमित कश्यप पुत्र चंद्रपाल कश्यप मझोला थाना क्षेत्र के गांव मंगूपुरा का रहने वाला है। बाइक सवार दंपती रामपुर की तरफ जाने के लिए मूंढापांडे जीरो प्वाइंट के पास तिराहा क्रॉस कर हाईवे पर निकलने के लिए आकर खड़े ही हुए थे। तभी दिल्ली की तरफ से आ रहे ट्रक ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में अमित कश्यप (30) पत्नी पुष्पा और मासूम समेत हाईवे पर ही गिर पड़े। अमित हेलमेट लगाए था, तो उसके सिर में चोट नहीं आई पर उसके पैर कट गए और सीने पर चोट थी। घटना के बाद वह वहीं तड़प रहा था, उसके पैरों से तेजी से खून निकल रहा था। हादसे के दौरान उसकी बाइक ट्रक में फंस गई तो चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया था, जहां डॉक्टरों ने अमित कश्यप को देखते ही मृत घोषित कर दिया।

हादसा

▸▸ मूंढापांडे जीरो प्वाइंट तिराहे पर ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर

▸▸ मंगूपुरा निवासी दंपति जा रहे थे ससुराल, बच्ची बाल-बाल बची

वॉरंटी अवधि में वॉशिंग मशीन खराब, जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : करीब दो साल पहले खरीदी वाशिंग मशीन में आई खराबी मामले में आयोग ने उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाया। वादी को नई मशीन और वाद व्यय देने का कंपनी को आदेश या गया है। भुगतान की अवधि तक सात प्रतिशत के हिसाब से ब्याज भी देना होगा।

पीलीभीत बाईपास रोड के पंचशील नगर निवासी सीमा सागर ने बताया कि 7 अक्टूबर 2021 को थर्ड पार्टी फाइनेंस कराकर व्हर्लफूल वाशिंग मशीन खरीदी थी। नियमित रूप से किस्त की अदायगी करती रही। वारंटी अवधि में ही मशीन खराब होने पर प्रेमनगर स्थित व्हर्लफूल के सर्विस सेंटर में शिकायत की। सर्विस सेंटर मशीन को सही नहीं कर सका। इसके बाद उन्होंने 15 जनवरी 2022 को उपभोक्ता आयोग प्रथम में वाद दायर किया। वादकारी के पक्ष से अधिवक्ता संजय कुमार वर्मा ने आयोग में साक्ष्यों के साथ मामले को रखा। उपभोक्ता आयोग प्रथम के अध्यक्ष राधेश्याम यादव ने वादी के पक्ष में फैसला सुनाया कि कंपनी वादकारी को दो माह के अंदर नई वाशिंग मशीन, वाद व्यय का 10 हजार रुपया दे। मशीन की जगह 26 हजार रुपये और वाद व्यय का पैसा भी दे सकते हैं।

▸▸ नई मशीन संग वाद व्यय भी देना होगा भुगतान अवधि तक प्रतिशत ब्याज

नहीं जमा की गबन की धनराशि

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों की ऑडिट में पकड़े गए करोड़ों के गबन की धनराशि जमा नहीं की जा रही है। नोटिस के बाद अंतिम चेतावनी भी गबन के आरोपियों में कार्रवाई का डर पैदा नहीं कर सकी। बड़ी संख्या में प्रधान और सचिव गबन की धनराशि दबाए बैठे हैं।

दरअसल, ग्राम पंचायतों में कराये गए विकास कार्यों की ऑडिट में करोड़ों रुपये का घपला पकड़ा गया था। डीएम रविंद्र कुमार की सख्ती के चलते कुछ दिनों में करीब 150 प्रधान, पूर्व प्रधान, तत्कालीन और सेवानिवृत्त सचिवों को नोटिस जारी किए गए।

इन सभी को गबन की करीब 14 करोड़ की धनराशि ग्राम पंचायतों के खातों में जमा करने के लिए सात दिन का समय दिया गया था। इनमें 84 ग्राम प्रधानों, सचिवों को बीते सोमवार को ही नोटिस जारी कर करीब 10 करोड़ 10 लाख की धनराशि जमा करने का आदेश दिया गया। अभी तक महज 10-12 लोगों ने ही धनराशि जमा की। अंतिम चेतावनी का भी कोई असर नहीं पड़ा। डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि संबंधित को आरसी जारी कर वसूली की जाएगी।

▸▸ नोटिस जारी कर 10 करोड़ 10 लाख की धनराशि जमा करने का आदेश दिया गया

तत्कालीन लेखाकार पर गबन के मामले में मांगा जवाब

बरेली। मझगवां ब्लॉक में तत्कालीन लेखाकार पर लगे गबन के आरोप मामले में शासन ने पत्र भेजकर अब तक हुई कार्यवाही को लेकर जवाब मांगा है। उपायुक्त मनरेगा विजय कुमार चौधरी की ओर से जारी पत्र में कहा है कि विकास खंड बहेड़ी की ग्राम पंचायत सैजनी के कुंवरसेन धनगर की शिकायत पर 5 मई 2022 को हुई जांच में ब्लॉक के तत्कालीन लेखाकार दिनेश कुमार अग्रवाल दोषी पाए गए थे। उन पर 1 लाख 25 हजार 780 रुपये का गबन निकला था। गबन की धनराशि की वसूली के लिए पत्र जारी किया गया। लेखाकार ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया था। वह मामले को लेकर कोर्ट चले गए थे। अब तक की गई कार्यवाही से सात दिन के अंदर अवगत कराया जाए।

रामलला के दर्शन को गए दो लोगों की मौत

संवाददाता टांडा/मिलक

अमृत विचार : मिलक और टांडा से रामलला के दर्शन करने गए दो लोगों की हार्ट अटैक से मौत हो गई। जिसके बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। अयोध्या से दोनों के शवों को लाया जा रहा है।

बताते चलें कि 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की थी। जिसके बाद से जत्थे लगातार बसों से रामलला के दर्शन करने के लिए अयोध्या जा रहे हैं। टांडा और मिलक से भी भक्त गए थे। टांडा क्षेत्र के ग्राम चक गजरौला निवासी विष्णु यादव (60 वर्ष) शुक्रवार को भाजपाइयों के सहयोग से जाने वाली बस में सवार होकर रामलला के दर्शन को अयोध्या गए थे। वह सारे साथियों के साथ ठीक-ठाक अयोध्या पहुंच गए। बताते हैं कि वहां अचानक उनके सीने में दर्द हुआ और वह चक्कर खाकर वहीं गिर गए। उनके साथी उन्हें शीघ्र ही स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत के समाचार से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक के पांच बच्चे हैं। मृतक विष्णु यादव खेती किसानी का काम करते थे। वह वर्तमान में भाजपा के बूथ अध्यक्ष भी थे। विष्णु यादव ग्राम लखमन नगला स्थित सहकारी किसान सेवा समिति के दो बार सभापति भी रह चुके हैं।

फर्जी हस्ताक्षर कर कोल्ड स्टोर हड़पने का आरोप

बरेली। इज्जतनगर के व्यापारी ने फिरोजाबाद के ठगों पर फर्जी डिजिटल हस्ताक्षर से कोल्ड स्टोर की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। जब व्यापारी ने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी। एडीजी के निर्देश पर इज्जतनगर थाना पुलिस ने दो भाइयों समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महानगर कॉलोनी उज्जवल वाटिका निवासी कुलदीप सक्सेना ने बताया कि उनका फिरोजाबाद के सिरसागंज में साई श्रद्धा नाम से कोल्ड स्टोर है। फिरोजाबाद के तिलयानी गांव के गिरधर सिंह और गजाधर सिंह से कोल्ड स्टोर का सौदा हुआ था। तय हुआ था कि जितने रुपये गिरधर सिंह और गजाधर सिंह देते जाएंगे उतनी कीमत के शेयर कुलदीप उनके नाम करते जाएंगे।

अर्थव्यवस्था को कांटों से भरी झाड़ी में फंसी साड़ी की तरह निकाला है सही सलामत

वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का विपक्ष को दिया जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार ने पिछले दस साल में देश की अर्थव्यवस्था को कांटों में फंसी साड़ी की तरह सही-सलामत निकालकर भविष्योन्मुखी सुधारों की राह पर चलाने का प्रयास किया है। वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि निरंतर प्रयासों और प्रभावी नीतिगत योजनाओं ने भारतीय अर्थव्यवस्था को पटरी पर ला दिया है तथा इसके परिणामस्वरूप यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो गई है।

उन्होंने दावा किया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शुमार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व्यक्तिगत रूप से जमीनी स्तर पर विकास परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करते हैं। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान आर्थिक कुप्रबंधन की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले शासन के दौरान 18 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं रुकी हुई थीं। उन्होंने कहा-मोदी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 348 लंबित परियोजनाओं को मंजूरी दी।

श्वेत पत्र ध्यान भटकाने के लिए लाया गया : वेणुगोपाल

कांग्रेस ने शनिवार को राज्यसभा में कहा कि अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र इस देश की "वास्तविक सच्चाइयों" को छिपाने और महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था की खराब स्थिति जैसे मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए सरकार द्वारा लाया गया है। सरकार द्वारा लाए गए श्वेत पत्र पर उच्च सदन में हुई अल्पकालिक चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस सदस्य के सी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने देश के सामने मौजूद मुद्दों से ध्यान भटकाने और अपने बचाव के लिए इसका इस्तेमाल किया है। पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह, नरसिंह राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक उद्देश्यों के लिए भारत रत्न सम्मान का इस्तेमाल कर रही है।

अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन का आयोजन करेगा आरपीएफ

नई दिल्ली, अमृत विचार: 68वां अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन 12 फरवरी से लखनऊ में होने जा रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव करेंगे और 16 फरवरी को समापन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन के आयोजन का दायित्व इस वर्ष रेलवे सुरक्षा बल को दिया गया है। यह आयोजन लखनऊ के जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी में 5 दिन तक चलेगा। होने वाले सम्मेलन में सभी राज्यों एवं केंद्र शासित राज्यों की पुलिस के अलावा केंद्र शासित अर्धसैनिक बलो के विशेषज्ञ भी आएंगे। कानून एवं अपराध की दृष्टि से उक्त सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे।

37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला...

फरीदाबाद जिले में 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में परेड के दौरान अलग-अलग किरदारों में सजे कलाकार प्रदर्शन करते हुए। यहां कई राज्यों के कलाकारों ने हिस्सा लिया है। ● एजेंसी

एक नजर

हरियाणा में मेडिकल की छात्रा ने की आत्महत्या

सोनीपत। सोनीपत के गोहाना के खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में एमबीबीएस एमडी प्रथम वर्ष की छात्रा ने शनिवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिसार निवासी मनीषा (24) भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस एमडी प्रथम वर्ष की छात्रा थी और कॉलेज के छात्रावास में एक कमरे में अकेले रहती थी। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह मनीषा का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। घटना से कॉलेज में हड़कंप मच गया।

देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल: राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल चल रहा है। उन्होंने 'प्रगति मैदान टनल' से जुड़ी एक खबर का हवाला देते हुए सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल चल रहा है। 777 करोड़ रुपये खर्च कर बनाई गई प्रगति मैदान टनल सिर्फ एक साल में उपयोग के लायक नहीं रही। उन्होंने दावा किया-प्रधानमंत्री विकास की हर परियोजना पर प्लानिंग की जगह मॉडलिंग कर रहे हैं और हम ईडी, सीबीआई से लड़ रहे हैं।

दिव्यांगजन अधिकार कानून में प्रशंसनीय नीति दूर का सपना नहीं होना चाहिए

कोच्चि, एजेंसी

▸▸ केरल उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई के दौरान की टिप्पणी

केरल उच्च न्यायालय ने शनिवार को कहा है कि दिव्यांगजन अधिकार (आरपीडब्ल्यूडी) अधिनियम में निहित प्रशंसनीय नीति को लागू किया जाना चाहिए और यह दूर का सपना नहीं बनना चाहिए। अदालत ने जनवरी में कोझिकोड जिले में 77 वर्षीय एक दिव्यांग व्यक्ति द्वारा पिछले कुछ महीनों से कथित तौर पर विकलांगता पेंशन न मिलने के कारण आत्महत्या की खबरों के आधार पर मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। इसी मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने यह टिप्पणी की। अदालत ने केंद्र और राज्य सरकार के वकीलों को इस मामले पर निर्देश लेने के लिए समय दिया है। याचिका को 23 फरवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

उच्च न्यायालय ने शीर्ष अदालत के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम एक बड़े बदलाव की कल्पना करता है और उक्त कानून के तहत प्रदान किए गए लाभों को साकार करने की कल्पना करता है। उच्च न्यायालय ने कहा-इसमें चीजें बेहतर की गई हैं और कई लोगों की जिम्मेदारियों को शामिल किया गया है। ऐसी स्थिति में, अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों की संरचना पर गौर करना और यह देखना अनिवार्य हो जाता है कि उन्हें लागू किया गया है। उच्च न्यायालय ने कहा-कानून के ढांचे के भीतर निहित प्रशंसनीय नीति को लागू किया जाना चाहिए और यह दूर का सपना नहीं बनना चाहिए। कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता है। अधिनियम की धारा 24 सामाजिक सुरक्षा से संबंधित है। यह धारा कहती है कि संबंधित सरकार, अपनी आर्थिक क्षमता और दायरे के भीतर दिव्यांगजन के स्वतंत्र रूप से या समुदाय में रहने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक योजनाएं और कार्यक्रम तैयार करेगी। पिछले कुछ महीनों से सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत कथित तौर पर पेंशन नहीं मिलने के कारण दिव्यांग व्यक्ति जोसेफ उर्फ पप्पाचन (77) द्वारा आत्महत्या की खबरें आने के बाद अदालत ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। जोसेफ ने शुरू में पेंशन न मिलने की शिकायत करते हुए चक्किटपारा ग्राम पंचायत के सचिव और संबंधित थाने से भी संपर्क किया था।

ढाई करोड़ के गबन मामले में प्रबंधक सहित 2 लोग गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान पुलिस ने प्रतापगढ़ जिले में एक निजी बैंक में लगभग 2.50 करोड़ रुपये के घोटाले का पर्दाफाश करते हुए बैंक के प्रबंधक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में 46 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की गयी है। प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने यहां एक बयान में बताया, ''धरियावद में आईसीआईसीआई बैंक में हुए लगभग 2.50 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले का पर्दाफाश कर बैंक मैनेजर प्रशांत काबरा (32) व उदयपुर के हिस्ट्रीशीटर रहे आरोपी जालम चन्द जैन (72) को गिरफ्तार किया गया।'' अधिकारी के अनुसार, गबन की राशि से आरोपी हिस्ट्रीशीटर ने उदयपुर-नाथद्वारा रोड पर एक 'फार्म हाउस' खरीदा। उन्होंने बताया कि मामला उस समय सामने आया जब बैंक के एक ग्राहक के खाते से चार फरवरी को 32 लाख रुपये निकाल लिये गये। अधिकारी के मुताबिक, बाद में जब बैंक के अन्य ग्राहकों के खातों की जांच की गई तो गबन की जानकारी हुई।

सीने में दर्द की शिकायत के बाद अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती अस्पताल में भर्ती

कोलकाता। प्रख्यात अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सीने में दर्द की शिकायत के बाद शनिवार को यहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 73 वर्षीय अभिनेता का एमआरआई हो चुका और अन्य परीक्षण किये जा रहे हैं। अस्पताल के प्रवक्ता ने कहा-चक्रवर्ती को आज सुबह भर्ती कराया गया और उन्हें चिकित्सीय निगरानी में रखा गया है। इस बारे में ज्यादा जानकारी बाद में दी जाएगी। अभिनेता से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता बने चक्रवर्ती को सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया।

महाराष्ट्र के मंत्री भुजबल को धमकी सुरक्षा बढ़ाई गई

नासिक। महाराष्ट्र के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल को एक पत्र मिला है, जिसमें उन्हें उनकी जान को खतरा होने के बारे में चेतावनी दी गई है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पत्र के मिलने के बाद पुलिस ने नासिक स्थित उनके आवास और कार्यालय पर सुरक्षा बढ़ा दी है। भुजबल अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में हैं। भुजबल ने कहा कि यदि उन्हें ऐसे और भी कई पत्र मिलते हैं, तो भी वह अपने रुख से पीछे नहीं हटेंगे। अधिकारी ने बताया कि यह पत्र भुजबल के नासिक स्थित कार्यालय को शुक्रवार शाम को मिला। इसमें दावा किया गया कि मंत्री को नुकसान पहुंचाने के लिए पांच लोगों को 50 लाख रुपये की 'सुपारी' दी गई है।

दलित, ओबीसी और आदिवासी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी

डीसा (गुजरात), एजेंसी

▸▸ लोगों से मोदी बोले- हमारी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आदिवासियों को उनकी सरकार की गरीब हितैषी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी होने का उल्लेख करते हुए शनिवार को कहा कि पिछले 10 वर्ष में इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना है। मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत 1.3 लाख आवास के उद्घाटन व शिलान्यास के बाद कहा कि किसी गरीब व्यक्ति के पास अपना घर होना उसके बेहतर भविष्य की गारंटी है।

प्रधानमंत्री ने कहा-1.3 लाख आवास के आंकड़े देखिए। यहां तक कि जब मैं पीएमएवाई के तहत राष्ट्रीय स्तर के एक कार्यक्रम में शामिल हुआ, मैंने इतना बड़ा आंकड़ा नहीं देखा। मैं गुजरात सरकार को बधाई देता हूं। किसी भी गरीब व्यक्ति के लिए उसके पास अपना घर होना उसके बेहतर भविष्य की गारंटी है। मोदी ने कहा-हमारी सरकार की गरीब हितैषी योजना के सबसे बड़े लाभार्थी दलित, ओबीसी और आदिवासी हैं। उन्होंने विपक्ष द्वारा केंद्र पर अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और ओबीसी की अनदेखी करने के आरोपों का जवाब देते हुए यह कहा। मोदी ने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिलाएं विकसित भारत के स्तंभ हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में उनकी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश में आज जनजातीय सम्मेलन को करेंगे संबोधित

झाबुआ (मप्र)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल झाबुआ जिला मुख्यालय पर रविवार को जनजातीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे, जिसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों के आदिवासी समुदाय से आने वाले नागरिक भी शिरकत करेंगे। श्री मोदी इसके साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव अभियान की शुरूआत करेंगे। श्री मोदी की यात्रा के एक दिन पहले शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यहां यात्रा का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह और सह प्रभारी सतीश उपाध्याय भी मौजूद रहे। गुजरात की सीमा से लगे झाबुआ में आयोजित जनजातीय सम्मेलन में झाबुआ और आसपास के जिलों के हजारों की संख्या में जनजातीय समुदाय के लोग भी शामिल होंगे। व्यापक भीड़ के मद्देनजर समारोहस्थल पर सुरक्षा संबंधी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

कारोबार/कृषि

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1850, राज श्री 1375, फ़ॉर्चून कि. 1695, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1555, जय जवान 1420, सचिन 1435, सूरज 1445, अवसर 1535, राग गोल्ड 1530, गृहणी 1420, क्लासिक (किलो) 1610, मोर 1565, चक्र टिन 1665, ब्लू 1540, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1820, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति किलो.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10600, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छाँटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 6900, लाल हिंदुस्तान 7000, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**- डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3090, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

सरकार की नई पॉलिसी ने बढ़ाई ई-वाहनों की रफ्तार

पेट्रोल महंगा हुआ तो तेजी से बढ़ने लगा इलेक्ट्रिक गाड़ियों का कुनबा, दिसंबर 2023 तक बिक चुके हैं 6,65,115 वाहन

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार: पर्यावरण के 'मित्र' इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के बिक्री की रफ्तार धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। ई-वाहनों की नई पॉलिसी से वाहन बिक्री ने सोने में सुहागा कर दिया है। मिलती सरकारी रियायत और लोगों के रुझान ने अब इन बेआवाज वाहनों की ओर दिलचस्पी और बढ़ा दी है।

ईवी खरीद का बढ़ता आंकड़ा बताता है कि अब बड़ी संख्या में लोग इलेक्ट्रिक वाहन खरीद रहे हैं। 31 दिसंबर तक अकेले इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री 66,960 तक हो चुकी है। इन गाड़ियों की खरीद पर न केवल गाड़ी के पंजीकरण में बल्कि क्रय सब्सिडी में भी छूट दी जा रही है।

ईवी वाहनों के प्रोत्साहन के लिए दी जा रहीं ये सुविधाएं

1-ईवी वाहनों में गाड़ियों के पंजीयन पर टैक्स से छूट।

2-वाहन स्वामियों को तीन साल तक इलेक्ट्रिक वाहनों में टैक्स नहीं देना पड़ेगा।

3-चौथे और पांचवे साल में उन वाहनों को टैक्स में छूट दी जाएगी जो उत्तर प्रदेश में निर्मित हों।

4-वाहनों की खरीद पर सब्सिडी।

5-छूट की राशि सीधे खाते में जाती है।

प्रदेश में पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या दिसंबर 2023 तक

वाहन का प्रकार	ट्रांसपोर्ट गाड़ियां
बस	744
ई-रिक्शा	5,50,689
ई-रिक्शा विद कार्ट	21,689
थ्री व्हीलर यात्री	15,633
थ्री व्हीलर गुड्स	1,288
गुड्स कैरियर	177
मोटर कैब	138
बाइक-स्कूटर किराए वाली	35
एक्स-रे वैन	1

वाहन का प्रकार	नॉन ट्रांसपोर्ट व्हीकल
मोटर साइकिल स्कूटर	66,960
बाइक-स्कूटर विद साइड कार	52
मोपेड	703
मोटर-कार	4,712
मोटराइज्ड साइकिल 25 सीसी	2,198
कृषि ट्रैक्टर	91
एडाप्टेड वाहन	03
फारक लिफ्ट	01
थ्री व्हीलर पर्सनल	01
कुल ट्रांसपोर्ट ईवी	5,90,394
कुल नॉन ट्रांसपोर्ट ईवी	74,721
कुल इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या	6,65,115

इस बारे में पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा ने बताया कि ई-गाड़ियों की बिक्री लोगों का रुझान बता रही है। अब लोग अपने निजी वाहनों की सूची में इसे शामिल कर रहे हैं। दिसंबर 2023 तक के ई-वाहन बिक्री के आंकडे लोगों की पसंद बता रहे हैं।

वहीं इस बारे में चंद्रभूषण सिंह, परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश का कहना है कि सरकार की नई पॉलिसी से ई-वाहनों की बिक्री रफ्तार पकड़ चुकी है। परिवहन विभाग की ओर से खरीदारों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। लोग अब प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की खरीद से बच रहे हैं। इलेक्ट्रिक गाड़ियां लोगों को रास आ रही हैं। धीरे-धीरे इलेक्ट्रिक वाहन लोगों के घरों में अपनी जगह बना रहे हैं।

आसान नियमों के साथ सेवानिवृत्त व्यक्तियों को मिलेगा चिकित्सा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ ईएसआईसी की 193वीं बैठक में लिया गया फैसला

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने शनिवार को नियमों में ढील के साथ सेवानिवृत्त बीमित व्यक्तियों को चिकित्सा लाभ देने का फैसला किया। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में ईएसआईसी की 193वीं बैठक में यह फैसला लिया गया।

इसमें कहा गया कि ईएसआईसी ने उन बीमित सेवानिवृत्त श्रमिकों को चिकित्सा लाभ प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जो वेतन सीमा से अधिक होने के कारण ईएसआई योजना कवरेज से बाहर हो गए हैं, यदि कर्मचारी सेवानिवृत्ति/स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति से पहले कम से कम पांच साल के लिए बीमा योग्य रोजगार के अंतर्गत था। वे व्यक्ति जो एक अप्रैल, 2012 के बाद कम से कम पांच वर्षों तक बीमा योग्य रोजगार में थे और एक अप्रैल, 2017 को या उसके बाद 30,000 रुपये प्रति माह तक वेतन के साथ सेवानिवृत्त/स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हुए थे, उन्हें नई योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा।

सरकार की एक्ट ईस्ट नीति के दृष्टिकोण को पूरा करने के उद्देश्य से पूर्वोत्तरी राज्यों में सेवा वितरण तंत्र को बढ़ाने के लिए ईएसआईसी ने सिक्किम सहित पूर्वोत्तर राज्यों में औषधालयों, चिकित्सा बुनियादी ढांचे/क्षेत्रीय/उप क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना के लिए मौजूदा मानदंडों में ढील दी है। बैठक के दौरान ईएसआई लाभार्थियों की समग्र भलाई को बढ़ावा देने के लिए ईएसआईसी संस्थानों में आयुष 2023 पर एक नई नीति अपनाई गई।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	72,700
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,175
गिन्नी (प्रति नग)	47,800-48,000

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,800
चांदी तैयार	73,900
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	63,950
सोना जेवरात गिन्नी	62,950
चांदी पक्की	717 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	64,200
चांदी आभूषण	72,700।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

जेएसडब्ल्यू समूह ओडिशा में लगाएगा विद्युत वाहन व बैटरी कारखाना

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योगपति सज्जन जिंदल के नेतृत्व वाले विनिर्माण क्षेत्र के प्रमुख औद्योगिक समूह जेएसडब्ल्यू ने ओडिशा में कटक और पारादीप में एक बड़े पैमाने का एकीकृत विद्युत वाहन (ईवी) और ईवी बैटरी विनिर्माण परियोजना स्थापित करने की शनिवार को घोषणा की।

कंपनी ने कहा है कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा और इससे रोजगार के 11 हजार से अधिक अवसर पैदा होंगे। इस पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में भुवनेश्वर में हस्ताक्षर किए गए। कंपनी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में इसे एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा गया है कि बिजली के क्षेत्र में ओडिशा की स्थिति को मजबूत करने के लिए राज्य की सरकार के साथ जेएसडब्ल्यू समूह ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान में कहा गया है कि एक एकीकृत इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ईवी बैटरी विनिर्माण कटक और पारादीप में परियोजना। जेएसडब्ल्यू समूह ने कहा है कि इस परियोजना के लिए उसे दूसरे राज्यों से भी प्रतिस्पर्धी प्रस्ताव मिले थे।

वाराणसी, मुंबई व सूरत समेत चार शहरों के आर्थिक बदलाव के लिए योजना तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने दी जानकारी

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने शनिवार को कहा कि आयोग ने वाराणसी, मुंबई, सूरत, और विशाखापट्टनम के आर्थिक रूपांतरण और 2047 तक भारत को एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने में मदद करने के लिए एक योजना तैयार की है। कहा कि आयोग की योजना 20-25 और शहरों की आर्थिक योजना तैयार करने की है, क्योंकि वे आर्थिक गतिविधियों के केंद्र हैं।

उन्होंने भारत को 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए नीति आयोग द्वारा एक दृष्टिपत्र तैयार किया जा रहा है और इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी किया जाएगा।

सुब्रमण्यम ने यहां एक कार्यक्रम में कहा-नीति आयोग ने वाराणसी, मुंबई, सूरत और विशाखापट्टनम के आर्थिक बदलाव के लिए योजना तैयार की है। पिछले साल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नीति आयोग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की थी, जिसमें 2030 तक मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर) की जीडीपी को 300 अरब डॉलर तक ले जाने के लिए जरूरी कदमों पर चर्चा की गई थी। सुब्रमण्यम ने कहा कि केंद्र ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए 11 दिसंबर को देश के युवाओं के विचार मांगे थे। अब तक हमें 10 लाख से अधिक विस्तृत सुझाव प्राप्त हुए हैं।

बुमराह से हुई अपनी बात को इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन से किया साझा

बुमराह को खुद को सफेद गेंद का विशेषज्ञ कहना पसंद नहीं: शास्त्री

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री जानते थे कि जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए बेताब थे क्योंकि यह तेज गेंदबाज खुद को 'सफेद गेंद विशेषज्ञ' के तौर पर बुलाना पसंद नहीं करता था। बुमराह आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर रहने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज हैं।

विशाखापत्तनम टेस्ट में जीत से भारत को श्रृंखला में 1-1 से बराबरी दिलाने वाले मुकाबले में उन्होंने 91 रन देकर 9 विकेट झटके। इससे यह खिलाड़ी सबसे तेज 150 टेस्ट विकेट लेने वाला भारतीय बन गया। शास्त्री ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन को दिए साक्षात्कार में बुमराह के साथ अपनी बातचीत के बारे में बताया। शास्त्री ने कहा कि कोलकाता में मैंने बुमराह से पूछा था कि क्या उन्हें टेस्ट क्रिकेट में दिलचस्पी है? तब उसने कहा था कि यह उसके जीवन का सबसे बड़ा दिन होगा। उससे बिना पूछे ही उसे सफेद गेंद का विशेषज्ञ करार दे दिया गया। लेकिन मैं जानता था और देखना चाहता था कि उसमें टेस्ट खेलने को लेकर कितनी भूख है। मैंने उससे कहा कि तैयार रहो। मैंने उसे कहा कि मैं उसे दक्षिण अफ्रीका में खिलाने जा रहा हूं। बुमराह ने जनवरी 2018 में केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना टेस्ट पदार्पण किया।

छठा विश्व कप जीतने को तैयार हैं भारतीय जांबाज

आईसीसी अंडर-19 विश्व कप का फाइनल : ऑस्ट्रेलिया की टीम से भिड़ने को बेताब युवा क्रिकेटर

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी

अंडर-19 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला आज 11 फरवरी को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विलोमूर पार्क मैदान में खेला जाएगा। इंडिया सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को और ऑस्ट्रेलिया पाकिस्तान को हराकर फाइनल में पहुंची है। भारत के युवा खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में हर मैच में जीत हासिल की है। अब फाइनल में कंगारू को हराकर खिताब जीतना चाहेगी।

भारत के युवा क्रिकेटर रविवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल जीतकर रिकॉर्ड छठा आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीतने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। पिछले साल 19 नवंबर को आस्ट्रेलियाई टीम ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली सीनियर टीम को वैश्विक मंच पर रूलाया

था जिससे उदय सहारन की अगुआई वाली टीम का ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम को हराकर खिताब जीतना सुखद होगा।

कप्तान सहारन ने कहा था कि फाइनल में सामने ऑस्ट्रेलिया हो या पाकिस्तान, फर्क नहीं पड़ता। हम विरोधी पर नहीं अपने खेल पर ध्यान दे रहे हैं। हमने मैच दर मैच रणनीति बनाई है और हर मैच को संजीदगी से ले रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ह्यू वेबगेन, सलामी बल्लेबाज हैरी डिक्सन, तेज गेंदबाज टॉम स्ट्रेकर और कैलम विडलर ने इस चरण के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया है जो भारत के लिए परेशानी बन सकते हैं। भारत की अंडर-19 टीम ने 2012 और 2018 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था और इस चरण के खिताबी मैच में भी वह प्रबल दावेदार होगी। भारतीय टीम हमेशा आयु वर्ग के टूर्नामेंट में 'पॉवरहाउस' रही है और इस टूर्नामेंट में नौवीं बार फाइनल में पहुंचना इसका प्रमाण है। भारत की अंडर-19 टीम ने 2016 के बाद सभी फाइनल खेले हैं जिसमें से उसने 2018 और 2022 चरण में खिताब जीते जबकि 2016 और 2020 में उसे हार मिली। विराट कोहली की टीम ने 2008 में ट्राफी जीती थी जिसके बाद अंडर-19 विश्व कप ने काफी लोकप्रियता हासिल की है। लाइव टीवी कवरेज और 'स्ट्रीमिंग' से इसके प्रति उत्सुकता भी बढ़ गई है।

भारत	ऑस्ट्रेलिया
उदय सहारन (कप्तान), अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धास, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, अरावली अवनीश राव (विकेटकीपर), सौम्य कुमार पांडे (उप कप्तान), मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन (विकेटकीपर), धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी, नमन तिवारी।	ह्यू वेबगेन (कप्तान), लाचलान ऐटकेन, चार्ली एंडरसन, हरकीरत बाजवा, महली बियर्डमैन, टॉम कैम्पबेल, हैरी डिक्सन, रेयान हिक्स (विकेटकीपर), सैम कोनस्टास, राफेल मैकमिलन, ऐडन ओकोनोर, हरजस सिंह, टॉम स्ट्रेकर, कैलम विडलर और ओली पीक। **मैच दोपहर डेढ़ बजे।**

खेल डायरी

गुकेश ने कार्लसन को हराया, संयुक्त दूसरे स्थान पर

वांगल्स (जर्मनी), एजेंसी। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां शुरू हुए वेसेन्हॉस शतरंज चैलेंज के पहले दिन एक के बाद एक जीत दर्ज करते हुए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नार्वे के मैग्सन कार्लसन, अर्मेनिया के लेवोन अरोनियन और मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन को पराजित किया। हालांकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ पहली बाजी में हारकर पूरे अंक गंवाने से गुकेश की शुरूआत अच्छी नहीं हुई लेकिन इसके बाद वह पूरी तरह लय में आ गये और उन्होंने चार में से तीन अंक अपनी झोली में डाले। इससे वह रैपिड वर्ग में जर्मनी के विन्सेंट केमेर (3.5 अंक) के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। नोडिरबेक अब्दुसतारोव को पहले दिन एक भी बाजी में हार नहीं मिली लेकिन उनके अंक गुकेश के बराबर हैं। कार्लसन, फिरोजा और अमेरिका के फैबियानो कारूआना 200,000 डॉलर पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में दो अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर चल रहे हैं।

मार्कोस ने शीर्ष वरीय फ्रांसेस टियाफो को हराया

डलास, एजेंसी। गैर वरीयता प्राप्त मार्कोस गिरोन ने शुक्रवार की रात शीर्ष वरीय फ्रांसेस टियाफो को हराकर उलटफेर करते हुए हार्डकोर्ट टूर्नामेंट डलास ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गिरोन ने क्वार्टरफाइनल में टियाफो पर 6-1, 6-4 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में गिरोन का सामना आस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ और फ्रांस के एड्रियन मनारिनो के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। बेन शेल्टन ने जोर्डन थॉम्पसन को 6-7 (2), 6-4, 6-4 से हराया और इस तीसरे वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी का सामना सेमीफाइनल में हमवतन टॉमी पॉल से होगा। दूसरे वरीय पॉल ने जर्मनी के डोमिनिक कोफर पर 7-5, 6-3 से जीत हासिल की।

रामकुमार को मिला बेंगलुरु ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड

बेंगलुरु, एजेंसी। भारत के दूसरी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन को 12 फरवरी से शुरू होने वाले बेंगलुरु ओपन के एकल मुख्य ड्रा में शनिवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। हाल में पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारत की अगुआई करने वाले रामकुमार यहां चल रहे चेन्नई एटीपी चैलेंजर के पहले दौर में हार गये थे जिससे उन्हें घरेलू सरजमीं पर अच्छा करने का मौका मिलेगा। रामकुमार सात बार एटीपी चैलेंजर सर्किट के एकल फाइनल में पहुंचे थे। उन्होंने नवंबर 2021 में बहरीन के मनामा में अपना एकमात्र खिताब जीता था। दिलचस्प बात है कि रामकुमार ने दो साल पहले अपना सातवां और अंतिम युगल चैलेंजर खिताब बेंगलुरु में हमवतन साकेत मायनेनी के साथ जीता था।

मेस्सी पर नाराजगी से अर्जेंटीना का मैत्री मैच रद्द

हांगकांग, एजेंसी। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के हांगकांग में प्रदर्शनी मैच में नहीं खेलने के कारण अगले महीने चीन में होने वाले अर्जेंटीना के फुटबॉल मैत्री मैच को शुक्रवार को रद्द कर दिया गया। मेस्सी की कप्तानी में विश्व कप चैम्पियन अर्जेंटीना को 18 से 26 मार्च तक के अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान चीन का दौरा करना था। बीजिंग में आइवरी कोस्ट और हांगझोउ में नाईजीरिया के खिलाफ मैच होने थे। लेकिन मेस्सी ने अपने इंटर मियामी क्लब के साथ दौरे पर हांगकांग में प्रशंसकों को नाराज कर दिया था। वह पिछले रविवार को 'ग्रोइन' चोट के कारण मैत्री मैच में नहीं खेले और बेंच पर बैठे रहे थे। इससे खेल प्रेमी काफी नाराज हो गये थे। शुक्रवार को अर्जेंटीना और नाईजीरिया के बीच मैत्री मैच रद्द कर दिया गया। हांगझोउ स्पोर्ट्स ब्यूरो ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर घोषणा की कि कारण सभी को पता है, हमें अधिकारियों से पता चला है कि परिस्थितियां मैच कराने के सही नहीं हैं।

कोहली श्रृंखला से हटे, अय्यर बाहर गेंदबाज आकाशदीप टीम में शामिल

बीसीसीआई की पुष्टि के बाद कोहली को लेकर चल रही अटकलें हुईं खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे टेस्ट श्रृंखला के बचे हुए मुकबलों से हट गए हैं, जिसकी पुष्टि शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने की। इससे कोहली को लेकर चल रही अटकलें खत्म हो गईं। कोहली पहले दो टेस्ट में नहीं खेले थे।

बीसीसीआई ने कहा कि विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से श्रृंखला के बचे हुए मैचों के चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बोर्ड कोहली के फैसले का पूरा सम्मान और समर्थन करता है। कोहली इस समय पारिवारिक कारणों से विदेश में हैं। अभी श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर है। तीसरा मैच 15 फरवरी से राजकोट में शुरू होगा। व्यक्तिगत कारणों से कोहली की अनुपलब्धता के बारे में बीसीसीआई को पता था लेकिन अधिकारी यह देखना चाहते थे कि क्या वह 7 से 11 मार्च तक धर्मशाला में होने वाले अंतिम टेस्ट खेल सकते हैं।

बीसीसीआई के सीनियर सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि चयन समिति को पता था कि विराट श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं होंगे और इसके अनुसार आकस्मिक योजना तैयार थी। बीसीसीआई में हर कोई चाहता है कि विराट अपनी पारिवारिक प्रतिबद्धताओं को पूरा करें और जब भी वह उचित समझे वापस आएं। राष्ट्रीय चयन समिति ने सीनियर

खिलाड़ी रविंद्र जडेजा और केएल राहुल को टीम में शामिल किया है लेकिन बीसीसीआई की चिकित्सा टीम से मंजूरी मिलने के बाद ही वह खेल सकते हैं। इन दोनों को चोट लगी थी। राहुल फिट हैं और अंतिम एकादश में शामिल किए जाने को तैयार हैं। उसके अभी 'क्वाड्रीसैप्स' में थोड़ी ऐंठन है और चिकित्सा टीम इसे बढ़ाना नहीं चाहती। जडेजा की मांसपेशियों में खिंचाव है और वह बेहतर हो रहे हैं।

मैच शुरू होने में अब भी पांच दिन बचे हैं और अगर वह ठीक रहते हैं तो बढ़िया है। अगर राहुल और जडेजा अंतिम एकादश में वापसी करते हैं तो विशाखापत्तनम में पदार्पण करने वाले रजत पाटीदार को बाहर बैठना पड़ेगा क्योंकि श्रेयस अय्यर को बाहर कर दिया गया है। सीनियर बल्लेबाज अय्यर को कमर के निचले हिस्से और 'ग्रोइन' में खिंचाव की शिकायत के बाद टीम में नहीं लिया गया है। हालांकि बीसीसीआई ने उनका मेडिकल अपडेट नहीं दिया गया है। माना जा रहा है कि अय्यर को हर हाल में बाहर कर दिया जाता और उनकी चोट ने चयनकर्ताओं के लिए फैसला आसान कर दिया है। अय्यर ने काफी लंबे समय से अर्धशतक नहीं जड़ा है और बल्लेबाजों के मुफीद भारतीय पिचों पर उनके आउट होने का तरीका चिंताजनक है। निकट भविष्य में लंबे प्रारूप के लिए अय्यर के नाम पर शायद विचार नहीं किया जाए क्योंकि शॉर्ट गेंद का सामना करना उनकी कमजोरी रही है।

भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और आकाश दीप।

लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम में वुड की जगह शमार

नई दिल्ली, एजेंसी

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने शनिवार को वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसफ को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए इंग्लैंड के मार्क वुड की जगह टीम में शामिल किया।

पिछले महीने जोसफ ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अकेले दम पर टेस्ट मैच में जीत दिलाई थी। इस 24 वर्षीय तेज गेंदबाज ने ब्रिसबेन के गाबा में आस्ट्रेलिया के स्टार सुसज्जित बल्लेबाजी लाइन अप को चरमराते हुए दूसरी पारी में 68 रन देकर सात विकेट झटके थे। वह तीन करोड़ रुपये में लखनऊ सुपर जायंट्स से जुड़ेंगे और यह आईपीएल में जोसफ का पहला सत्र होगा।

आईपीएल ने एक बयान में कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स ने टाटा आईपीएल 2024 के आगामी चरण के लिए शमार जोसफ को तेज गेंदबाज मार्क वुड के स्थान पर शामिल किया है। इसके अनुसार, जोसफ तीन करोड़ रुपये में एलएसजी से जुड़ेंगे। हाल में गाबा में वेस्टइंडीज को टेस्ट में मिली जीत के दौरान इस तेज गेंदबाज ने शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने दूसरी पारी में सात विकेट झटके थे जिससे वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इस घोषणा का मतलब वुड आईपीएल के आगामी सत्र के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, हालांकि इसका कारण नहीं पता है। वह इस समय भारत दौरे पर आई इंग्लैंड टीम के साथ हैं।

टाटा आईपीएल 2024 के लिए वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज 3 करोड़ रुपए में टीम से जुड़े

जॉनसन को अच्छे प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने की उम्मीद

मेलबर्न, एजेंसी

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन की निगाहें इस साल मई में होने वाली आईपीएल में शानदार प्रदर्शन की बदौलत आस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने पर हैं। गुजरात टाइटन्स ने उन्हें 10 करोड़ की राशि में टीम में शामिल किया था।

यह 28 वर्षीय खिलाड़ी रविवार को एडीलेड ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टी20 अंतर्राष्ट्रीय

मैच खेलने को तैयार है। जॉनसन ने कहा कि आस्ट्रेलिया के लिए कुछ मैच में शानदार प्रदर्शन करना अच्छा होगा लेकिन विश्व कप में अभी लंबा समय है और अगर मेरा आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा रहता है तो पूरी उम्मीद है कि मैं विश्व कप टीम में शामिल हो सकता हूं।

जॉनसन ने अभी तक एक वनडे और दो टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं, उन्होंने 2023-24 में बिग बैश लीग में सफल अभियान में 11 पारियों में 19 विकेट झटके हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बिग बैश लीग में मैंने जो प्रदर्शन किया है, उम्मीद है कि वह काफी होगा। आईसीसी टी20 विश्व कप आईपीएल खत्म होने के बाद जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा।

शनिवार को मैनचेस्टर, इंग्लैंड के एतिहाद स्टेडियम में मैनचेस्टर सिटी और एवर्टन के बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल के खेले गए मैच के दौरान मैनचेस्टर सिटी के जेरेमी डोकू, बाएं, एवर्टन के एशले यंग और उनके साथी डोमिनिक कैल्वर्ट-लेविन के साथ गेंद के लिए संघर्ष करते हुए। **एजेंसी**

बॉलीवुड हलचल

यामी की फ़िल्म आर्टिकल 370 का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की आने वाली फ़िल्म आर्टिकल 370 का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। जियो स्टूडियोज ने बी62 स्टूडियोज के सहयोग से फ़िल्म आर्टिकल 370 ट्रेलर रिलीज़ किया। इस फ़िल्म में यामी गौतम मुख्य भूमिका में नज़र आयेंगी। आर्टिकल 370 एक खुफिया अधिकारी (यामी द्वारा अभिनीत) की कहानी को दर्शाती है, जो पीएमओ ब्यूरोक्रेट (प्रियामणि) के साथ घटनाओं की जटिल सिरीज़ और आतंकवाद की सांठगांठ का पर्दाफ़ाश करने की कोशिश करती है, जिसके कारण कश्मीर से आर्टिकल 370 को समाप्त करने का ऐतिहासिक और अभूतपूर्व परिणाम सामने आता है। आर्टिकल 370 हाई ऑक्टेन एक्शन पॉलिटिकल ड्रामा है। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सुहास जांभले ने किया है। ज्योति देशपांडे, आदित्य धर और लोकेश धर द्वारा निर्मित यह फिल्म 23 फरवरी 2024 को रिलीज होगी।

8 साल बाद फिर से जादू बिखेरेंगे सलमान और सूरज बड़जात्यावा

निर्देशक सूरज बड़जात्या और अभिनेता सलमान खान ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। इसमें मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन और प्रेम रतन धन पायो जैसी फिल्में हैं। सलमान और बड़जात्या की फिल्म का लोगों को हमेशा इंतजार रहता है। पिछले साल इस जोड़ी ने कन्फर्म किया था कि वह प्रेम रतन धन पायो (2015) के 8 साल बाद अपने पांचवें सहयोग के लिए फिर से साथ आ रहे हैं और उनकी अपकमिंग परियोजना बड़े पैमाने पर बनाई जाने वाली है। सूरज बड़जात्या और सलमान खान एक बड़े विज़न और बड़े पैमाने के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं और उससे उन्हें काफी उम्मीदें है।

रणबीर की 'रामायण' में शूर्पणखा बनेंगी रकुल प्रीत सिंह

दंगल फेम डायरेक्टर नितेश तिवारी की अपकमिंग फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर राम, सांई पल्लवी सीता और केजीएफ स्टार यश रावण का किरदार निभाएंगे। अब हाल ही में खबर आई है कि एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह फिल्म में रावण की बहन शूर्पणखा का किरदार निभा सकती हैं। नितेश तिवारी और रकुल प्रीत सिंह के बीच इसे लेकर बातचीत चल रही है। चूंकी शूर्पणखा 'रामायण' का एक खास किरदार है इसी की वजह से भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध हुआ। इसीलिए इसके लिए रकुल ने अभी से लुक टेस्ट वगैरह भी दे दिए हैं। अगर सबकुछ प्लान के मुताबिक रहा तो रामायण पहला प्रोजेक्ट होगा, जिसकी शूटिंग रकुल अपनी शादी के बाद शुरु करेंगी। बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर और साउथ एक्टर यश की फिल्म 'रामायण' इन दिनों सुर्खियों में हैं। नितेश तिवारी की 'रामायण' में नए-नए स्टार्स की एंट्री हो रही हैं। अब तक इस फिल्म में रणबीर कपूर, यश, सनी देओल, बॉबी देओल समेत कई स्टार्स की एंट्री हो चुकी है। अभी हाल ही में माता सीता के किरदार के लिए जाह्नवी कपूर का नाम सामने आया था, जिसके बाद माना जा रहा था कि साई पल्लवी फिल्म से बाहर हो जाएंगे। इन सब के बाद अब फिल्म में 'शूर्पणखा' के रोल के लिए एक एक्ट्रेस का नाम सामने आ रहा है। नितेश की फिल्म 'रामायण' रिलीज से पहले स्टारकास्ट को लेकर काफी चर्चा में हैं। अब तक कई अपडेट्स सामने आ चुके हैं। अभी हाल ही में 'रामायण' में जाह्नवी कपूर की एंट्री को लेकर खबरें सामने आई थी। रणबीर कपूर और यश की फिल्म में शूर्पणखा के रोल के लिए एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह का नाम सामने आया है।

रजनीकांत की लाल सलाम पर रवि तेजा की ईगल पड़ी भारी

नई दिल्ली। 9 फरवरी को कुल चार फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इनमें से एक बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर-कृति सेनन के तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और बाकी तीन साउथ की लाल सलाम, अनवेशप्पिन कांडेतम और रवि तेजा की ईगल है, लेकिन साउथ की मूवीज में ईगल ने बाजी मारते हुए रजनीकांत और थोविनो थॉमस को भी पीछे छोड़ दिया है। सक्निल्क डाट कॉम के आकंड़ों के अनुसार, ईगल ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 6.1 करोड़ की कमाई की है. जबकि लाल सलाम ने केवल 4.3 करोड़ का कलेक्शन किया है। इशके चलते रजनीकांत के स्पेशल कैमियो वाली फिल्म लाल सलाम पर रवि तेजा की ईगल भारी पड़ती हुई नजर आई है। जबकि बॉलीवुड मूवी तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की टक्कर ईगल से होती दिख रही है क्योंकि इस फिल्म ने भी 6 करोड़ पार की कमाई अपने नाम की है। कार्तिक गट्टामनेनी द्वारा निर्देशित रवि तेजा की फिल्म ईगल में अनुपमा परमेशवरर, काव्या थापर, मधू और विनय राय जैसे सितारे हैं।

अंजना सिंह की फिल्म ठाकुरगंज की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेत्री अंजना सिंह की आने वाली फिल्म ठाकुरगंज की शूटिंग शुरू हो गई है। राज घराना फिल्म प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म ठाकुरगंज का मुहूर्त संपन्न हो गया और शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म के निर्माता आदित्य कुमार झा और निर्देशक नीरज रणधीर हैं। फिल्म में मुख्य भूमिका में अंजना सिंह है और राहुल सिंह हैं। निर्माता आदित्य कुमार झा ने कहा कि ठाकुरगंज एक बेहतरीन पटकथा पर आधारित है। फिल्म की कहानी घर परिवार से है और यह दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब होगी। इस फिल्म का बजट रूटिंन फिल्मों से ज्यादा है। फिल्म के निर्देशक नीरज रणधीर है। वही फिल्म को लेकर अंजना ने कहा कि यह मेरे लिए बेहतरीन मौका है, जिसमें एक शानदार पटकथा पर बनने वाली फिल्म में काम करने का मौका मिला है। इस फिल्म में मेरा किरदार सर्वोपरि है और मैं इसे पूरी तरह से जीना चाहती हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

एक नजर

इजराइली हवाई हमले में 10 बच्चे समेत 28 फिलिस्तीनियों की मौत

एपी। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से रफा से आमलोगों को निकालने और हमास पर हमले की दोहरी योजना की घोषणा के बाद से वहां मौजूद लोगों की सांसें थमी हुई हैं। 12 लाख के करीब लोग वहां फंसे हुए हैं। हालांकि, नेतन्याहू की ओर से हमले का समय नहीं बताया गया है। लेकिन उनकी इस घोषणा के बाद से डर का माहौल बना हुआ है। इस बीच, इजराली वायु सेना की ओर से हमले जारी हैं। शनिवार तड़के रफा में इजराइल की ओर से किए गए हवाई हमले में 28 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। एक स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार, शनिवार को रफाह क्षेत्र में घरों पर तीन हवाई हमले किए गए थे। हमले में तीन परिवारों के कई सदस्यों की मौत हो गई, जिनमें कुल 10 बच्चे थे।

यूक्रेन के खारकीव पर रूस का ड्रोन हमला, 3 बच्चों समेत 7 की मौत

कीव। यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर रूस ने ड्रोन से शुक्रवार-शनिवार की रात बड़ा हमला बोला। हमले में सात लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनिहुबोव ने शनिवार को कहा कि ईरान निर्मित शहीद ड्रोन से नेमिश्लियन जिले में नागरिक बुनियादी ढांचा को निशाना बनाया गया। इस हमले के कारण भीषण आग भड़क उठी, जिसकी चपेट में आकर 15 घरों को नुकसान पहुंचा है। गृहमंत्री इहोर क्लिमेंको ने कहा कि वहां से 50 लोगों को निकाला गया है।

कनाडा: भारतवंशी चालक पर नशीली दवाओं को बांटने का आरोप

टोरंटो। कनाडा में एक भारतीय ट्रक ड्राइवर पर नशीली पदार्थों को बांटने का आरोप लगाया गया है। दरअसल, उसे 8.7 मिलियन कनाडाई डॉलर मूल्य की कोकीन अमेरिका लाने के प्रयास में पकड़ा गया था। ड्राइवर की पहचान गगनदीप सिंह के तौर पर की गई है। उसे कस्टम और सीमा सुरक्षा अधिकारियों (सीबीपी) ने कोकीन के साथ पकड़ा था। अधिकारियों के अनुसार, यह जब्ती बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं के वितरण गतिविधियों के अनुरूप है। आपराधिक शिकायत के अनुसार, आरोपी ने सीबीपी अधिकारियों को अनदेखा करने और उनके द्वारा रोके जाने के बाद टोल से आगे बढ़ने की कोशिश की।

अमेरिका के हवाई- कैलिफोर्निया में 5.7 तीव्रता से आया भूकंप

होनोलूलू/मालिबु। अमेरिका के हवाई के बिग आइलैंड और मालिबु के निकट सदर्न कैलिफोर्निया में शुक्रवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने बताया कि हवाई में 5.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र नालेहु से 11 मील (18 किलोमीटर) दक्षिण में और छह मील (10 किलोमीटर) गहराई में था। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि सुनामी की कोई आशंका नहीं है। दूसरी तरफ कैलिफोर्निया में भी 4.6 तीव्रता का भूकंप आया जिसके झटके लॉस एंजिलिस क्षेत्र में भी महसूस किए गए।

जेलों में गर्भवती हो रहीं महिला कैदियों के मामले में उच्चतम न्यायालय ने लिया स्वतः संज्ञान

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के सुधार गृहों में बंद कुछ महिला कैदियों के गर्भवती होने के मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। मामले की जांच के लिए सहमति व्यक्त करते हुए जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने वरिष्ठ वकील गौरव अग्रवाल से इस मुद्दे को देखने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

अग्रवाल जेलों में बढ़ते कैदियों के मामले में न्याय मित्र के रूप में सुप्रीम कोर्ट की सहायता कर रहे हैं। गुरुवार को बंगाल के सुधार गृहों में में महिला कैदियों के गर्भवती होने का मुद्दा हाई कोर्ट में उठाया गया था। कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस मामले को आपराधिक मुकदमों की सुनवाई करने वाली खंडपीठ को स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। इसमें कोर्ट द्वारा नियुक्त न्याय मित्र तापस कुमार भांजा ने दावा किया था कि बंगाल के सुधार गृहों में बंद कुछ महिला कैदी गर्भवती हो रही हैं। इसलिए 196 बच्चे इस तरह के विभिन्न सुधार गृहों में रह रहे हैं। भांजा ने सुधार गृहों के पुरुष कर्मचारियों को महिला कैदियों के सेल में प्रवेश पर रोक लगाने का सुझाव दिया है।

महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा हैं चार्जिंग स्टेशन

यूपी ईवी में अव्वल

देश का ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) उद्योग तेजी से विकास कर रहा है। सड़कों पर बड़ी संख्या में दोपहिया-तिपहिया के साथ ही ईवी कारें और बसें नजर आ रही हैं, लेकिन ईवी के विकास के लिए सबसे जरूरी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या अब भी कम है। भारी उद्योग राज्य मंत्री, कृष्णपाल गुर्जर ने लोकसभा में बताया कि इस साल 2 फरवरी तक देश में कुल 12,146 चार्जिंग स्टेशन खुल चुके हैं। इसमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में 3079 चार्जिंग स्टेशन हैं। 1886 चार्जिंग स्टेशनों के साथ दिल्ली दूसरे नंबर पर है, जबकि कर्नाटक में 1041 चार्जिंग स्टेशन हैं। इसके बाद केरल (852), तमिलनाडु (643) और उत्तर प्रदेश की बारी आती है।

2023 अगस्त तक देश में कुल 28,30,565 ईवी थीं, इसमें तेलंगाना और लक्षद्वीप शामिल नहीं

12,146 कुल चार्जिंग स्टेशन हैं भारत में, 1800 से ज्यादा चार्जिंग स्टेशनों के साथ दिल्ली दूसरे नंबर पर

2030 तक देश भर में 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की होगी जरूरत

देश में 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की जरूरत

भारत में 2030 तक 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की जरूरत होगी। इसलिए सरकार ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए सब्सिडी दे रही है। फेम-2 योजना के तहत सरकार पहले 5000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए कुल चार्जिंग स्टेशन लागत का 50 से 100% तक सब्सिडी दे रही है। साथ ही सरकार ने चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए दिशानिर्देश और मानक जारी किए हैं, जो घर-दफ्तर में ईवी चार्ज करने की इजाजत देते हैं।

2023: हर माह 1 लाख से ज्यादी ईवी बिकीं

जैसे-जैसे ईवी तकनीकि तौर पर विकसित और सस्ती होती जा रही है। बाजार में इसकी मांग भी बढ़ती जा रही है। एनआरआई कंसल्टिंग एंड सॉल्यूशंस के प्रितेश सिंह बताते हैं- पिछले साल हर महीने 1 लाख से ज्यादा ईवी की बिक्री हुई। इनमें से 56% टू व्हीलर्स हैं। अकेले मई में सबसे ज्यादा 1,58,374 ईवी की बिक्री हुई।

उत्तर प्रदेश में सिर्फ 582 चार्जिंग स्टेशन

उत्तर प्रदेश में सिर्फ 582 चार्जिंग स्टेशन हैं। जबकि देश में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक व्हीकल्स उत्तर प्रदेश में ही हैं। आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में अगस्त 2023 तक 5,74,967 रजिस्टर्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स थे। यानी 988 वाहनों के लिए सिर्फ 1 चार्जिंग स्टेशन। इसके बाद सबसे ज्यादा ईवी महाराष्ट्र (3,05,006) में हैं। यानी हर 100 ईवी के लिए एक चार्जिंग स्टेशन है। देश की राजधानी दिल्ली में 124 ईवी के लिए सिर्फ 1 चार्जिंग स्टेशन है। देश में 3 अगस्त 2023 तक कुल ईवी 28,30,565 थीं। इसमें तेलंगाना और लक्षद्वीप का डेटा नहीं जोड़ा गया है।

इमरान खेमे में दोहरी खुशी, पीटीआई समर्थित प्रत्याशियों ने जीतीं सर्वाधिक सीटें

इमरान को 12 केसों में मिली जमानत

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में चुनावी नतीजों के बीच शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को राहत मिली है। दरअसल, रावलपिंडी में आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) ने इमरान को 9 मई के दंगों से संबंधित 12 मामलों में जमानत दे दी है।

इमरान के लिए ये दोहरी खुशी इसलिए भी है, क्योंकि चुनावी नतीजों में भी उनकी पार्टी पीटीआई के समर्थित उम्मीदवारों ने सबसे ज्यादा सीटें जीती हैं। इसके अतिरिक्त, इमरान खान के करीबी सहयोगी और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी को 13 मामलों में जमानत दे दी गई है। इमरान को आर्मी म्यूजियम पर हमलों में भी जमानत दे दी गई है। अदालत ने सभी 12 मामलों में 1 लाख पाकिस्तान रुपये के जमानत बांड पर जमानत दी है। जमानत आवेदनों पर एटीसी न्यायाधीश मलिक इजाज आसिफ ने फैसला सुनाया कि पीटीआई संस्थापक को हिरासत में रखने का कोई औचित्य नहीं है और 9 मई के मामलों में सभी संदिग्धों को जमानत दे दी गई। इमरान और कुरैशी को 6 फरवरी को आरोपों के अनुसार दोषी ठहराया गया था।

पीटीआई के उम्मीदवारों को मिलीं सौ सीटें

पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के अनुसार, नेशनल असेंबली की 250 सीट पर मतगणना पूरी हो चुकी है और निर्दलीय उम्मीदवारों ने सर्वाधिक 100 सीट जीती हैं। इनमें से अधिकतर उम्मीदवार पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित हैं। नवाज की पीएमएल-एन ने 73, पीपीपी ने 54 सीट और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट ने 17 सीट पर जीत हासिल की है। छोटे दलों को अन्य 11 सीटों पर जीत दर्ज की है। इमरान खान की पार्टी ने पीपीपी, पीएमएल-एन के साथ गठबंधन करने से इनकार करते हुए कहा कि वह अपने बलबूते संघीय सरकार बनाने की स्थिति में है।

बेटी मरियम-नवाज की जीत को चुनौती, कोर्ट पहुंचे पीटीआई नेता

पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ और उनकी बेटी मरियम नवाज की जीत को लाहौर उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने दोनों को लाहौर की नेशनल असेंबली की सीटों पर विजयी घोषित किया है। चुनाव आयोग पर आरोप है कि सही प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है।पूर्व प्रधानमंत्री की बेटी के निर्वाचन को शनिवार को चुनौती दी गई। याचिका में पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों ने दावा किया कि पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने उन्हें 'फर्जी' परिणाम पर विजेता घोषित किया।

राजनीतिक -आर्थिक स्थिरता लाए आगामी सरकार: मुनीर

पाकिस्तान के चुनावी परिणाम आने के बाद शनिवार को सेना प्रमुख असीम मुनीर ने देश की जनता को सफल चुनावों के लिए बधाई दी। असीम ने इसी के साथ कहा कि मेरी कामना है कि देश को इस चुनाव से अराजकता और खराब राजनीति से छुटकारा मिलेगा और आगे बढ़ने के लिए स्थिर सरकार मिलेगी। उन्होंने कहा लोकतांत्रिक ताकतों को संभालने वाली सरकार राष्ट्रीय उद्देश्यों को पूरा करेगी, यही उम्मीद करता हूं और इसी के साथ कामना करता हूं कि ये चुनाव राजनीतिक, आर्थिक स्थिरता, शांति और समृद्धि लाए।

100% भरोसा, यूएनएससी का स्थायी सदस्य बनेगा भारत

पर्थ, एजेंसी

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर हैं। वह दो दिवसीय हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। शनिवार को जयशंकर ने कहा कि 100 प्रतिशत विश्वास है कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट मिलेगी, लेकिन यह आसान नहीं होगा क्योंकि बहुत सारे देश हैं जो हमें रोकना चाहते हैं।

भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि जब वह दुनिया भर में जाते हैं तो उन्हें यह बदलाव नजर आता है कि अब दुनिया भारत को कितनी अलग नजरों से देखती है। उन्होंने स्थायी सीट को लेकर कहा 'मैं 100 प्रतिशत आश्वस्त हूं कि हम वहां पहुंचेंगे। लेकिन मैं ईमानदारी से कहूं तो, हमें यह आसानी से नहीं मिलेगा क्योंकि दुनिया प्रतिस्पर्धा से भरी है। किसी देश का नाम लिए बिना जयशंकर ने कहा कि कुछ लोग हमें रोकने की कोशिश करेंगे, उस मार्ग को कठिन बना देंगे या रास्ते में किसी तरह की बाधाएं, किसी तरह का तर्क डालेंगे, लेकिन मुझे विश्वास है कि हम वहां पहुंचेंगे और मैं पांच साल पहले या 10 साल पहले की तुलना में आज अधिक आश्वस्त हूं।'

उन्होंने कहा, 'जैसे-जैसे मैं दुनिया भर में घूमता हूं, मैं अक्सर लोगों से यह सुनता हूं कि 'देखो, आप वो बातें कह सकते हैं जो हम नहीं कह सकते। हम यह कहने के लिए आप पर भरोसा करते हैं क्योंकि हमारी अपनी सीमाएं हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे भारत ने पहले ही स्वाभाविक रूप से एक स्थिति बना ली है जो उन सभी के लिए एक सामूहिक स्थिति है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मुद्दे थे जिनमें कई लोगों के हित शामिल थे लेकिन वैश्विक बहस पर कुछ ही लोगों का दबदबा था।

आने वाले वक्त में क्वाड की प्रासंगिकता बढ़ेगी



भारतीय समुदाय को संबोधित करते जयशंकर।

जयशंकर ने शनिवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि क्वाड समूह की प्रासंगिकता बढ़ेगी और यह क्षेत्रीय तथा क्षेत्र से परे राजनीति व नीति में एक बड़ा कारक बनेगा। जयशंकर ने हिंद महासागर सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया की अपने समकक्ष पेनी वोंग के साथ एक चर्चा के दौरान ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, यह समूह प्रमुख शक्तियों की बदलती क्षमताओं और पूरी दुनिया पर उसके असर का परिणाम है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख से निपटने के लिए 2017 में किया गया था। जयशंकर ने कहा, यह तीन बहुत महत्वपूर्ण संबंधों को भी दर्शाता है जो शीत युद्ध खत्म होने के बाद बदल गए हैं। उन्होंने कहा कि ये चारों देश इस समुद्री क्षेत्र के चार कोनों पर स्थित हैं।

भारत में एक दशक में 8 नए एयरपोर्ट बने

जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की जमकर सराहना की। उन्होंने कोरोना महामारी (कोविड) के दौर में भारत में हुई सकारात्मक पहल और गरीबों को मुफ्त राशन जैसी योजनाएं गिनाते हुए कहा कि कोरोना से उबरने में प्रोत्साहन की अहम भूमिका रही। विदेश मंत्री ने कहा कि जब पूरी दुनिया कोरोना से जूझ रही थी, उस समय भारत में सभी के मन में एक ही बात और भावना थी, किसी भी सूरत में इस संकट के समय को पीछे छोड़ना है। उन्होंने बीते एक दशक में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कई मील के पत्थर स्थापित किए हैं।

अमेरिका: घायल भारतीय मूल के युवक की अस्पताल में मौत

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ **2 फरवरी को रेस्तरां के बाहर घायल अवस्था में फुटपाथ पर मिले थे विवेक तनेजा, जांच जारी**

अमेरिका के वाशिंगटन शहर के एक रेस्तरां के बाहर एक 41 वर्षीय भारतीय मूल के कार्यकारी पर किसी विवाद के कारण हमला किया था, जिसके कुछ दिन बाद उसकी मृत्यु हो गई है।

जांचकर्ताओं के अनुसार, अधिकारियों ने 2 फरवरी को सुबह लगभग 2 बजे शोटो रेस्तरां के बाहर विवेक तनेजा घायल अवस्था में फुटपाथ पर पड़े थे। उन्हें जानलेवा चोटें आई थीं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

मीडिया के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में पाया गया कि तनेजा और एक अज्ञात व्यक्ति के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई और वह झड़प में बदल गई। इसके बाद शख्स ने तनेजा को जमीन पर गिरा दिया गया और उनका सिर फुटपाथ पर जा लगा। बुधवार को अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस अब तनेजा की मौत को हत्या मानकर जांच कर रही है। तनेजा डायनेमो टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक और अध्यक्ष थे। तनेजा संघीय सरकार के अनुबंध क्षेत्र पर जोर देने के साथ डायनेमो की रणनीतिक, विकास और साझेदारी पहल का नेतृत्व करते थे। तनेजा वर्जीनिया के अलेक्जेंड्रिया में अपनी उनकी पत्नी और एक बेटी के साथ रहते थे।

पुलिस उस शख्स को अब भी खोज रही है, जिसने विवेक पर हमला किया था। वह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस ने आरोपी शख्स को पकड़ने के लिए अब जनता से भी मदद मांगी है।

संगम पर उमड़े भक्त...

प्रयागराज: माघ मेले के पर्व मौनी अमावस्या पर भक्त संगम उमड़ पड़े। मेला प्रशासन का अनुमान है कि शनिवार को 2 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। भक्तों की बड़ी संख्या को देखते हुए मेला प्रशासन ने स्नान घाटों की संख्या बढ़ाकर 12 कर दी। घाटों की लंबाई भी 6800 रनिंग फोट से 8000 रनिंग फोट की गई। श्रद्धालुओं की मदद के लिए 500 मेला मित्र भी तैनात रहे। पहली बार एनडीआरएफ ने महिला बचावकर्मियों को भी तैनात किया है। इस स्नान को 2025 में आयोजित होने वाले महाकुंभ के रिहर्सल के रूप में आयोजित किया जा रहा है। ● एजेंसी

मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता तीन दशक बाद भारत में होगी, 18 से होगा आगाज

नई दिल्ली। करीब तीन दशक बाद भारत में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता होने जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता का यह 71वां संस्करण होगा, जो 18 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। नई दिल्ली में शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये वर्तमान मिस वर्ल्ड पोलैंड की कैरोलिना बिलावस्का, पूर्व विजेता टोनी एन सिंह (जमैका) ने प्रतियोगिता की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 20 फरवरी को भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) करेगा। प्रतिस्पर्धा इंडिया वेलकम द वर्ल्ड गाला के साथ शुरू होगी और इसका ग्रैंड फिनाले 9 मार्च को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होगा। नई दिल्ली में भारत मंडपम समेत विभिन्न स्थानों पर आयोजित की जाएगी। इसमें दुनिया भर के देशों के 120 प्रतियोगी भाग लेंगे।

पूर्व पीएम नरसिम्हा राव ने इजराइल के राजनयिक संबंधों की नींव रखी: गिलोन

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने की घोषणा की है। जिसके बाद से ही तमाम राजनीतिक प्रतिक्रिया शुरू हो गई है। इस बीच,

भारत में इजराइली राजदूत नाओर गिलोन ने पूर्व पीएम नरसिम्हा राव को सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिए जाने को लेकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 1992 में पीएम नरसिम्हा राव के नेतृत्व में भारत और इजराइल ने राजनयिक संबंध स्थापित किए थे।

एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए इजराइली राजदूत नाओर गिलोन ने कहा कि पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव ने भारत और इजराइल के राजनयिक संबंधों की नींव रखी थी, जो आज प्रगाढ़ हो चुके हैं। मोदी द्वारा उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने के एलान की मैं प्रशंसा करता हूं। साथ ही मध्यपश्चिम भारत में इजराइली महावाणिज्यदूत कोबी शोशानी ने भी इजराइल और भारत के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया।

खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में धमाका, एक पुलिसकर्मी समेत तीन आतंकी ढेर

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस मोबाइल वैन पर हमले के बाद हुई गोलीबारी में कम से कम तीन आतंकवादी और एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि दक्षिण वजीरिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले के दारजिंदा इलाके में गश्त कर रही एक वैन पर अज्ञात आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक अतिरिक्त एसएचओ की मौत हो गई, जिसके बाद पुलिस और हमलावरों के बीच एक घंटे से अधिक समय तक गोलीबारी हुई। पुलिस ने बताया कि लड़ाई के दौरान तीन हमलावरों को मार गिराया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की भारी टुकड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिस ने कहा, हमलावरों का पता लगाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है।

टीएमसी नेता की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन, इंटरनेट ठप

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। शुक्रवार को स्थानीय महिलाओं ने संदेशखली में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के फरार नेता शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था।

हाथों में लाठी और झाड़ू लेकर स्थानीय महिलाओं ने संदेशखली के विभिन्न इलाकों में जुलूस निकाला। एक अधिकारी ने बताया धारा 144 लागू की गई है और जिले के कुछ हिस्सों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। शेख शाहजहां पिछले महीने से फरार हैं। ईडी कथित राशन घोटाले में उनके घर पर छापेमारी की थी। जिस दौरान भीड़ ने ईडी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था।

विज्ञान नासा के अंतरीक्ष यान कैसिनी के जरिए सौरमण्डल में छिपे महासागर की हुई खोज

शनिग्रह के उपग्रह 'मीमास' में मिला जल का भंडार

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश ने वैज्ञानिकों को अकूत तरल जल का खजाना हाथ लगा है। बाहरी ग्रह पर मिले महासागर में जीवन की संभावना प्रबल बताई जा रही है। तरल जल का यह महासागर शनि के चंद्रमा मीमास में खोजा गया है। ऑब्ज़र्वेटोएरे डी पेरिस-पीएसएल के खगोलशास्त्री वैलेरी लैनी और उनकी टीम ने यह खोज की है।

नासा के अंतरीक्ष यान कैसिनी के जरिए यह खोज हुई है। मीमास शनि का सबसे छोटा उपग्रह है। इस उपग्रह पर तरल जल की मौजूदगी की कोई संभावना नजर नही आती थी। कैसिनी अंतरिक्ष यान ने 2004 से 1017 के बीच कई बार मीमास के जांच पड़ताल की और तस्वीरों समेत डेटा पृथ्वी पर भेजा। जब वैज्ञानिकों ने इस उपग्रह का डेटा खंगाला तो हैरान हो गए। मीमास के भीतरी सतह में महासागर छिपा हुआ था। इस उपग्रह की सतह मोटी परत की बर्फ से ढकी हुई है और सतह से केवल 20 से 30 किलोमीटर की गहराई में तरल जल का महासागर समाया हुआ है। लंदन क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ने महासागर की इस घोषणा को प्रकाशित किया है। खोजकर्ता वैज्ञानिको का कहना है कि शनि के चंद्रमा मीमास का महासागर संभवतः 5 से 15 मिलियन वर्ष पहले शनि द्वारा मीमास के ज्वारीय निचोड़ के कारण बना था। इस खोज से वैज्ञानिकों को महासागर की उत्पत्ति की जानकारी मिल सकती है। साथ ही इस महासागर में किसी भी रूप में जीवन भी मिल सकता है। अब आगे के अध्ययन से इस संदर्भ की पुष्टि होगी। बीते दशक में नासा ने चंद्रमा की बर्फ से ढंकी सतह के नीचे तरल रूप में पानी मौजूद होने का दावा किया था।

फिर चाहे वह भूमिगत जल हो या किसी महासागर के रूप में हो। लेकिन शनि के चंद्रमा एनक्लेडस को देखकर पहली झलक में कहा जा सकता है कि इसके दक्षिणी ध्रुव पर पानी का अथाह भंडार है। इस खोज को नेचर जरनल में प्रकाशित शोध पत्र के प्रमुख शोधकर्ता और कारनेल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मैट हेडमैन ने बातया था कि, एनक्लेडस जब शनि के बहुत करीब होता है तो जलस्त्रोतों के पोर जैसे बंद हो जाते हैं और जब ये चाद अपने शनि ग्रह से सबसे अधिक दूर होता है तो जल सबसे अधिक छलकता है।

शनि का उपग्रह मीमास।

एन्सेलाडस, यूरोपा के क्लब में शामिल हुआ मीमास

मीमास एक छोटा चंद्रमा है, जिसका व्यास केवल 400 किलोमीटर है। यह खोज मिमास को आंतरिक महासागरों वाले चंद्रमाओं के एक विशेष क्लब में जोड़ती है, जिसमें शनि का चंद्रमा एन्सेलाडस और बृहस्पति का चंद्रमा यूरोपा शामिल है।

88 की उम्र में हीमैन ने बदला नाम, अब हुए धर्मेंद्र सिंह देओल

मुबंई। हीमैन ने 88 साल की उम्र में अपना नाम बदल दिया है। इस बात का खुलासा तब हुआ, जब शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में दिए गए शुरुआती क्रेडिट से पता चला कि धर्मेंद्र ने अपने जन्म के समय दिए गए मिडिल नेम और सरनेम को अपने नाम के साथ जोड़ लिया है। फिल्म के क्रेडिट में उनका नाम धर्मेंद्र सिंह देओल लिखा गया है। बता दें, इडंस्ट्री में आने के 64 साल बाद उन्होंने नाम बदला है। इससे पहले धर्मेंद्र अपने नाम के साथ कुछ भी नहीं लगाते थे। धर्मेंद्र के बचपन का नाम धर्मेंद्र केवल किशन देओल है। हालांकि, अब तब हीमैन ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

सरकार को बर्खास्त कर लगाएं राष्ट्रपति शासन: उद्धव ठाकरे

मुबंई, एजेंसी

महाराष्ट्र में उद्धव गुट के नेता की हत्या के बाद शिवसेनाम (यूबीटी) और कई विपक्षी दलों ने शिंदे सरकार पर टिप्पणी की है। उद्धव ठाकरे ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बुरी तरह से खराब हो रही है। मुख्यमंत्री शिंदे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार को बर्खास्त किया जाना चाहिए। उन्होंने यह कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए, जिसके बाद नए सिरे से राज्य में चुनाव कराए जाएं।

बता दें गुरुवार शाम महाराष्ट्र स्थित दहिसर में शिवसेना(यूबीटी) के एक नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद से ही राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर विपक्षी दल आक्रमक हो गया है। उद्धव ठाकरे ने राज्य सरकार पर गुंडों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया है। वहीं शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर महाराष्ट्र में बेकाबू कानून व्यवस्था की स्थिति पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

बता दें, गुरुवार शाम शिवसेना नेता की स्थानीय व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता मौरिस नोरोन्हा ने फेसबुक लाइन के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले पर कहा कि नोरोन्हा ने बाद में खुद को ही मारा डाला।

▸▸ **कानून व्यवस्था को लेकर उद्धव ने मुख्यमंत्री शिंदे को घेरा**